राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 320
लखनऊ, बुधवार 22 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एसआईवी टीम ने तम्बाकू गोदामों पर मारा छापा, हड़कंप 10

पर्यटन अब शहरों की ओर से चलकर गांवों की ओर अग्रसरः जयवीर 03

# बहराइच अब आकांक्षी नहीं, विकास की नई पहचानः सीएम योगी

## सीएम ने जिले को 352 करोड़ की 70 परियोजनाओं की दी सौगात



- सपा-कांग्रेस को गाजी का मेला लगवाने से फुर्सत नहीः योगी आदित्यनाथ
- सैफई में महाभारत के सारे किरदार थे, योजनाओं का पैसा लूटा जाता थाः सीएम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महसी विधानसभा क्षेत्र के तेजवापुर स्थित बेड़नापुर रामलीला मैदान से बहराइच को 352 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 70 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए कहा कि 'बहराइच अब आकांक्षी जनपद नहीं, बल्कि विकास की नई पहचान बन रहा है।' मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला तथा महाराजा सुहेलदेव के सम्मान, सुशासन और कानून व्यवस्था को प्रमुख मुद्दा बनाया। कहा कि बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों की जगह जेल या जहन्नुम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले बहराइच भू-माफिया और अवैध गतिविधियों के कारण बदनाम था लेकिन आज जिले की पहचान तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने महाराजा सुहेलदेव को वह सम्मान दिलाया, जो पूर्ववर्ती सरकारें नहीं दे सकीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी के नाम पर मेले को बढ़ावा दिया, जबकि उनकी सरकार ने इस पर रोक लगाकर महाराजा सुहेलदेव के नाम पर भव्य स्मारक और मेडिकल कॉलेज स्थापित कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाराबंकी-बहराइच फोरलेन परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने दावा किया कि कृषि के क्षेत्र में बहराइच देश में दूसरे और शिक्षा के क्षेत्र में चौथे स्थान पर पहुंचा है। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को इंटरमीडिएट तक अपग्रेड करने, भरतपुर में विस्थापित परिवारों के लिए आवासीय कॉलोनी तथा अन्य विकास योजनाओं का भी उल्लेख किया। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले किसान आत्महत्या करने को मजबूर था, कानून व्यवस्था चरमरा गई थी और भ्रष्टाचार विकास पर भारी था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बिना जाति और तुष्टीकरण के सुशासन के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। 'बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों की जगह जेल या जहन्नुम है,' उन्होंने कहा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने जिले में मगरमच्छ और तेंदुए के हमलों का भी उल्लेख किया। उन्होंने वन विभाग और प्रशासन को जंगल से सटे गांवों में गश्त बढ़ाने, बिना दरवाजे वाले घरों में दरवाजे लगवाने तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को वन्यजीवों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि जनहानि रोकी जा सके। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल, आईजी अशोक शुक्ला, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने व्यवस्थाओं की निगरानी की। जनसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी,विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, विधायक बलहा सरोज सोनकर, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, विधायक प्रत्याशी गौरव वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग मौजूद रहे।

### 2017 से पहले किसान आत्महत्या करता था

सीएम ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले किसान आत्महत्या करता था। उस समय न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। सड़क, बिजली और राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी कमी थी। त्योहारों पर उपद्रव होते थे और विकास का पैसा भ्रष्टाचार में चला जाता था। पैसा पहले भी था, लेकिन नियत साफ नहीं थी। एक ही खानदान उसे हड़प जाता था। अब योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। 15 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन और 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है।

**माफिया-मच्छर काबू में, वन्य जीव से बचकर रहें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया और मच्छरों पर नियंत्रण किया गया है, लेकिन मगरमच्छ और तेंदुए के हमलों में अब भी जनहानि हो रही है। उन्होंने वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, जरूरतमंद घरों में दरवाजे लगवाने और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।विधायक, सांसद, प्रधान सहित सभी जनप्रतिनिधि बैठक कर लोगों को जागरूक करें, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने रूसी राजदूत व्लादिमीर लादानोव को तलब किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने रूसी मिसाइल हमले में 4 भारतीयों की मौत को लेकर मंगलवार को दिल्ली में रूस के प्रभारी राजदूत व्लादिमीर लादानोव को तलब किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसे हमले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा और स्थिरता को कमज़ोर करते हैं। व्लादिमीर लादानोव से अपने अधिकारियों तक भारत की गंभीर चिंता पहुंचाने को कहा गया है। साथ ही यह भी कहा गया कि व्यापारिक जहाज़ों को निशाना बनाना और इसके कारण निर्दोष नागरिकों की जान जाना मंजूर नहीं है और ऐसा नहीं होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि रूसी सेना ने 19 जुलाई को एमवी गोल्डन लियो नामक जहाज पर हमला किया था। अनाज से लदा यह जहाज ओडेसा से रवाना होते ही हमले का शिकार हो गया था। जहाज मुंबई स्थित ओशन ग्रेस शिपिंग लिमिटेड के स्वामित्व में है। जहाज पर भारत और सीरिया के 17 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिसमें 4 भारतीयों की मौत हुई है।

### मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतरे, 53 ट्रेनें प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली मंडल के गाजियाबाद-नई दिल्ली रेलखंड पर मंगलवार को एक मालगाड़ी के छह भरे हुए डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। घटना के बाद रेल प्रशासन ने राहत एवं बहाली कार्य तेज करते हुए कई ट्रेनों को रद्द, मार्ग परिवर्तित, आंशिक रूप से निरस्त तथा नियंत्रित किया है। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि या घायल होने की सूचना नहीं है। उत्तर रेलवे के अनुसार, दुर्घटना की सूचना मिलते ही मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए और बहाली कार्य की निगरानी कर रहे हैं। रेलवे ने बताया कि कुल 53 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इनमें 24 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित, 16 यात्री ट्रेनें पूर्णतः रद्द, पांच ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त तथा आठ ट्रेनों का परिचालन नियंत्रित किया गया है।

### अयोध्या मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पढ़ा सामूहिक हनुमान चालीसा

**समृद्धि न्यूज़, वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या धाम स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में हुई कथित अनियमितता मामले में सियासत भी उबाल मार रही है। मंगलवार शाम कांग्रेस के महानगर वाराणसी इकाई के कार्यकर्ताओं ने मैदागिन हरिश्चंद्र महाविद्यालय के सामने श्री हनुमान जी मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# आर्थिक सहयोग भारत-उत्तर मैसिडोनिया संबंधों का प्रमुख आधार : मुर्मु



- सांस्कृतिक और जन-से-जन संपर्क दोनों देशों के संबंधों की मजबूत नींव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक सहयोग भारत और उत्तर मैसिडोनिया के द्विपक्षीय संबंधों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश बढ़ाने, कारोबारी सहयोग को मजबूत करने और द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। उत्तर मैसिडोनिया की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दाव्कोवा के साथ द्विपक्षीय एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों ने सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि, वस्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, पर्यटन, आतिथ्य तथा फिल्म निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। भारत-उत्तर मैसिडोनिया बिजनेस फोरम इन क्षेत्रों में नए अवसरों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते का नवीनीकरण किया जा रहा है। साथ ही पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक और जन-से-जन संपर्क दोनों देशों के संबंधों की मजबूत नींव हैं।

रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र में सहयोग सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

मुर्मु ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआर आई) और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) जैसी पहलों के माध्यम से वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

### द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की

उन्होंने इन पहलों से जुड़ने की उत्तर मैसिडोनिया की इच्छा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उसे हरित ऊर्जा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा। उन्होंने उत्तर मैसिडोनिया के लिए भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सीटों की संख्या दोगुनी करने की घोषणा की। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़े पाठ्यक्रम भी शामिल होंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की उत्तर मैसिडोनिया की पहली राजकीय यात्रा है और उन्हें विश्वास है कि इससे दोनों देशों की बहुआयामी साझेदारी को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान दोनों राष्ट्रपति स्कोप्ये संग्रहालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा का संयुक्त रूप से अनावरण करेंगे, जो दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक होगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एंडी बर्नहैम को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर दी बधाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मगंलवार को एंडी बर्नहैम को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर एंडी बर्नहैम को हार्दिक बधाई! भारत-ब्रिटेन साझा लोकतांत्रिक मूल्यों से बंधे हुए हैं तथा व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, रक्षा और जन-संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सहयोग का आनंद लेते हैं। इस महीने सीईटीए के लागू होने से हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और भी मजबूत होने के लिए तैयार है। मैं भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने और हमारे साझा विजन 2035 को आगे बढ़ाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### प्रधानमंत्री आवास के पास धरने पर बैठे राहुल व प्रियंका समेत कांग्रेस नेता हिरासत में लिए गए



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री आवास के पास नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में राहुल गांधी की अगुवाई में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन में राहुल गांधी के साथ प्रियंका वाड्रा समेत तमाम कांग्रेस सांसद, केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन एवं कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार शामिल थे। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी बाद में प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। कांग्रेस नेता छात्रों के खिलाफ पुलिस बल प्रयोग के विरोध में प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को प्रधानमंत्री आवास से कुछ दूर पहले ही रोक दिया। जिसके बाद कांग्रेस नेता धरने पर बैठ गए। जहां पुलिस ने इन नेताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस बस में बिठाकर इन नेताओं को थाने ले गई। इससे पहले राहुल गांधी ने लोगों से प्रधानमंत्री आवास पर धरने में शामिल होने की अपील करते हुए एक्स पर लिखा कि छात्रों पर हमला हर भारतीय परिवार पर हमला है और प्रधानमंत्री मोदी को जवाब देना होगा। धरने के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह और केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने प्रदर्शन स्थल पर पहुंच कर राहुल गांधी से बातचीत की थी। कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया।

# अगले दो दिनों तक उत्तर भारत के कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22-23 जुलाई के दौरान अच्छी बारिश होने के आसार हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में लोगों को अगले तीन दिनों के दौरान गर्मी और उमस से राहत मिलने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार बुधवार (22 जुलाई) को सुबह या दोपहर के समय तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 23 और 24 जुलाई को भी मौसम का यही मिजाज बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में सोमवार रात से मंगलवार दोपहर तक हुई हल्की और मध्यम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत दी। आईएमडी के अनुसार, अगले 3-4 दिनों तक देश के कई हिस्सों में मानसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा। गुजरात और मध्य महाराष्ट्र में 22 जुलाई को कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22-23 जुलाई के दौरान अच्छी बारिश के आसार हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 22 से 24 जुलाई और पूर्वी राजस्थान में 23 से 27 जुलाई तक व्यापक बारिश होने की संभावना है।

# भाजपा सरकार युवा, किसान, गरीब और पीडीए विरोधीः रामआसरे विश्वकर्मा

- 2027 में सत्ता से हटाना जरूरी



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा पीडीए स्वजन संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने सेक्टर व बूथ अध्यक्षों को संगठन की नींव मजबूत करने के अहम टिप्स दिए। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और भुखमरी चरम पर पहुंच गई है। किसानों और पीडीए वर्ग यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज का सबसे ज्यादा उत्पीड़न हो रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश के नौजवानों को हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा पूरी तरह धोखा साबित हुआ है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है। मध्यम और कुटीर उद्योग-धंधे बंद होने से गरीब और मजदूर भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी छलावा निकला।

**पीडीए वर्ग पर अत्याचार चरम पर**

रामआसरे विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा से संरक्षित अपराधियों और पुलिस की सांठगांठ से पीडीए वर्ग की हत्याएं और बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसे रोकने में पुलिस नाकाम है। उन्होंने आंकड़े देते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हुए फर्जी एनकाउंटर में 60 प्रतिशत पीडीए समाज के लोग मारे गए। योगी सरकार द्वारा जाति देखकर की गई 24 बुलडोजर कार्रवाइयों में से 22 कार्रवाइयां केवल पिछड़े, दलित और मुस्लिमों पर हुई। पुलिस हिरासत में हुई मौतों में भी 60 प्रतिशत पीडीए समाज के लोग हैं। उन्होंने कहा कि केवल विश्वकर्मा समाज के 40 नौजवानों की हत्या और बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। अपराधियों को भाजपा सरकार का संरक्षण प्राप्त है इसलिए उन पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**सरकारी भर्तियों में बड़ा घोटाला**

पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में सरकारी नौकरियों की भर्ती में पीडीए वर्ग के आरक्षण में जबरदस्त घोटाला किया गया। पिछले 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 22 परीक्षाओं में पीडीए के आरक्षित 11,514 पदों को सामान्य वर्ग से भर दिया गया।

### इज्जतनगर में दो अवैध कॉलोनियों पर चला बीडीए का बुलडोजर

**समृद्धि न्यूज़, बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने मंगलवार को थाना इज्जतनगर क्षेत्र में दो अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बिना स्वीकृत मानचित्र के विकसित की जा रही प्लॉटिंग, सड़क और बाउंड्रीवाल को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। ग्राम खजुरिया खाट, थाना इज्जतनगर में तौसीफ ने करीब चार हजार वर्गमीटर तथा तीन हज़ार वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही थीं। यहां भूखंडों का चिन्हांकन, सड़क निर्माण और बाउंड्रीवाल का कार्य चल रहा था।

# फिरोजपुर-जम्मू एक्सप्रेस में धमाके की साजिश नाकाम

## 17 गिरफ्तार, आईईडी व ग्लॉक पिस्तौल बरामद

- यूके स्थित मास्टरमाइंड इकबाल उर्फ रवि धालीवाल के इशारे पर कर रहे थे काम

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब की मोगा पुलिस ने पुलिस थाना सदर मोगा पर हुए कम तीव्रता वाले ग्रेनेड हमले को अंजाम देने के आरोप में 17 मुलजिमों को गिरफ्तार करके एक आतंकवादी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपित फिरोजपुर से जम्मू जाने वाली रेलगाड़ी में आईईडी लगाने की योजना बना रहे थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के साथ-साथ विस्फोटक सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, एक 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल सहित मैगजीन भी बरामद की है। इसके अलावा ग्रेनेड हमले को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पीबी-03-एएच-3088) को भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई को सुबह 3.15 बजे के करीब कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पुलिस थाना सदर, मोगा की इमारत पर एक कम तीव्रता वाला ग्रेनेड फेंका था। जांच के दौरान ग्रेनेड हमले को अंजाम देने वालों में गगन उर्फ काली निवासी ढेरू, फिरोजपुर, राजेश उर्फ खन्ना निवासी लाल कुड़ती कैंट फिरोजपुर और शुभम उर्फ भिंडर निवासी कोतवाल, फिरोजपुर का नाम आया। इसके अलावा लॉजिस्टिक्स, नेटवर्क विस्तार और कार्यकर्ताओं को शरण देने में सहायता करने में सिया पाड़ी, फिरोजपुर निवासी लाजर उर्फ अमन और उसकी पत्नी परवीन कौर, कोतवाल, फिरोजपुर निवासी स्वर्ण और गोबिंद, लाल कुड़ती कैंट, फिरोजपुर निवासी सागर और जॉन, तलवंडी नेपाला, फिरोजपुर निवासी रूथ, राज और सरबजीत कौर, अजीतवाल, मोगा निवासी गुरप्रीत सिंह, राहुल और करनदीप सिंह, ढेरू, फिरोजपुर निवासी लवप्रीत निवासी और शेरखां, फिरोजपुर निवासी सुखविंदर कौर को गिरफ्तार किया गया है।

चेतावनी | पाकिस्तान को भारत की दो टूक

# सिंधु जल संधि अब पुराने रूप में नहीं लौटेगी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान द्वारा कनाडा से मध्यस्थता की कोशिशों के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि 1960 की सिंधु जल संधि, अपने निवर्तमान रूप में पुनः क्रियान्वित नहीं होगी। भारत सरकार की नीति से परिचित सूत्रों ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा, 'अपने वर्तमान रूप में सिंधु जल संधि फिर से काम नहीं करेगी। और यह कि 'इस संधि में रहना भारत के हित में नहीं है। उन्होंने समझौते को मृतप्राय बताते हुए कहा, 'भारत ने यह संधि नुकसान उठा कर भी सद्भावना और मैत्री की भावना से की थी लेकिन चार दशकों से सीमापार आतंकवाद को राज्य की नीति के रूप में निर्लज्जता से बढ़ा कर पाकिस्तान ने संधि में वर्णित सद्भावना का उल्लंघन किया है। संधि की नींव को ध्वस्त कर दिया गया है। भारत का कहना है कि जहां उसने युद्धों के दौरान भी छह दशकों से अधिक समय तक संधि का सम्मान किया, वहीं पाकिस्तान के निरंतर सीमा पार आतंकवाद (संसद, मुंबई, उरी, पुलवामा और पहलगाम पर हमलों सहित) ने संधि के लिए आवश्यक आपसी विश्वास और पारस्परिकता को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। भारत ने पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों द्वारा पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद 2025 में संधि को निलंबित कर दिया था। 2025 से पहले के ढांचे पर वापसी अब 'संभव नहीं' है। सूत्रों ने कहा कि मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत, आतंकवाद का उपयोग राज्य की नीति के रूप में प्रयोग खुद ही एक उल्लंघन है। भविष्य का कोई भी समझौता, यदि बातचीत की जाती है, तो आज की वास्तविकताओं जैसे जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियर रिट्रीट, स्थानांतरण जल विज्ञान, बढ़ती मांग, नई तकनीक और सुरक्षा चिंताओं को प्रतिबिंबित करेगा। विश्व बैंक की मध्यस्थता की गई संधि ने लंबे समय से सिंधु प्रणाली के पानी को आवंटित किया है, जिससे पाकिस्तान को तीन पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा मिला है, जबकि भारत को पूर्वी नदियों (रवी, ब्यास, सतलुज) के सीमित उपयोग की अनुमति दी गई है। लेकिन भारत का कहना है कि यह व्यवस्था 'एकतरफा' है और दशकों के बाद आज के समय में पूरी तरह से अव्यावहारिक है। सूत्रों ने कहा, 'पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अपना समर्थन विश्वसनीय रूप से छोड़ने की जरूरत है। 'इस मुद्दे पर कोई भी रचनात्मक कदम पूरी तरह से पाकिस्तान की कार्रवाइयों पर निर्भर करता है।

# देवीपाटन मंडल डीआईजी ने की अपराध समीक्षा की बैठक

**कांवड़ यात्रा व अन्य पर्वों पर सतर्कता बरतने के दिए निर्देश**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल के डीआईजी अशोक कुमार शुक्ला बहराइच पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और अन्य अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जनपद की कानून-व्यवस्था, हत्या, लूट, चोरी, नकबजनी, महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध, लंबित विवेचनाओं और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, प्रभावी अभियोजन, आईजीआरएस, सीएम डैशबोर्ड, सीसीटीएनएस, ई-सम्मन और ई-साक्ष्य जैसी डिजिटल पुलिसिंग व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई।डीआईजी ने आगामी सावन मास, कांवड़ यात्रा और अन्य पर्व-त्योहारों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर नियमित रूट मार्च एवं फ्लैग मार्च करने, सोशल मीडिया की सतत निगरानी रखने, आयोजकों एवं धर्मगुरुओं के साथ समन्वय स्थापित करने तथा पर्याप्त पुलिस एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों, पशु तस्करी, अवैध खनन, अवैध शस्त्र तस्करी और अन्य संगठित अपराधों के विरुद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीआईजी ने प्रभावी रात्रि गश्त सुनिश्चित करने तथा महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया।

# ककरहा गांव में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

**देर रात पकड़ा गया, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककराह रेंज स्थित ककरहा गांव के अहीरनपुरवा मजरे में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हो गया। इस घटना के बाद गांव में फैली दहशत कम हुई है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रेंजर के.के. सिंह ने बताया कि तेंदुआ बीती रात करीब 11 बजे पिंजरे में फंसा। आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए, जिसके बाद रेंजर के.के. सिंह अपनी वन टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। टीम ने तेंदुए सहित पिंजरे को सुरक्षित रूप से रेंज कार्यालय पहुंचाया। पकड़ा गया तेंदुआ मादा है और उसकी अनुमानित आयु लगभग 6 वर्ष है। रेंजर के.के. सिंह के अनुसार, तेंदुए को कहां छोड़ा जाएगा, इस संबंध में उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल, उसे वन विभाग की निगरानी में रखा गया है। पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीण परेशान थे। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने से स्थानीय लोगों ने बड़ी राहत महसूस की है। वन विभाग ने ग्रामीणों से रात में अकेले बाहर न निकलने और अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर बांधने की अपील की है।



# छात्र कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** नवाबगंज स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय माधव दयालपुर गुलरिया जमदान के छात्र बरसात में कीचड़ भरी कच्ची सड़क से होकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में पढ़ने वाले रोहित, शिवम, विकास यादव, राकेश आर्य, सचिन और शिव गुप्ता जैसे छात्रों ने बताया कि उन्होंने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की है। इसके बावजूद, न तो सड़क पर खड़ंजा बिछाया गया है और न ही कीचड़ से बचाव के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। शिक्षकों में कमला प्रसाद शर्मा, नरेंद्र कुमार यादव, अंशिका शर्मा और



एचपी जायसवाल ने भी इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इस समस्या के बारे में संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह कार्य ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी है और उनकी नहीं।

# मोतीपुर रेंज में वन विभाग ने पकड़ा मगरमच्छ

**कड़ी मशक्कत के बाद टीम को मिली सफलता, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर रेंज के शायपुर लगदिहा गांव में कई दिनों से दहशत का कारण बने एक मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू मंगलवार की सुबह कर लिया है। मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, शायपुर लगदिहा गांव के आसपास के जलाशयों और खेतों के निकट यह मगरमच्छ लगातार दिखाई दे रहा था। इसके कारण ग्रामीणों में भय का माहौल था। लोग अपने बच्चों को घर से बाहर भेजने से डरते थे और पशुओं को चराने में भी सावधानी बरत रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। इसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। मोतीपुर रेंज का कार्यभार देख रहे के.के. सिंह ने बताया कि शिकायत मिलते ही तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया गया। के.के. सिंह ने बताया कि विशेषज्ञों की मदद से मगरमच्छ को बिना किसी नुकसान के पकड़ा गया। उसे उसके प्राकृतिक आवास घुघुआ नाले में सुरक्षित छोड़ दिया गया है, ताकि वह आबादी वाले क्षेत्र में दोबारा न पहुंचे। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में मगरमच्छ या अन्य वन्यजीव दिखाई दें, तो उन्हें स्वयं पकड़ने या भगाने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि समय रहते सुरक्षित कार्रवाई की जा सके। मगरमच्छ के सफल रेस्क्यू के बाद गांव में सामान्य स्थिति लौट आई है। ग्रामीणों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए राहत महसूस की है।

## डिक्सिर गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के डिक्सिर गांव में एक 25 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का नाम गीता पत्नी उपेन्द्र है। सोमवार को गीता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने शव को फंदे से उतारकर बरामदे में रख दिया था। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नवजात की मौत, परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप

**मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ने दिए जांच के आदेश**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

मेडिकल कॉलेज के महिला विंग में एक नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। हरदी थाना क्षेत्र के नेपालपुरवा गांव निवासी ज्योति नामक गर्भवती महिला को उनके पति अमित शुक्ला ने रविवार रात करीब 11 बजे अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार सुबह अल्ट्रासाउंड किया गया, जिसमें नवजात की धड़कन नहीं मिली। पति अमित शुक्ला का आरोप है कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जब ज्योति की तबीयत



अधिक खराब हुई, तो उन्होंने अस्पताल में तैनात महिला डॉक्टर से संपर्क किया।
अमित का दावा है कि उन्हें उचित इलाज नहीं मिला और प्रसव पीड़ा बढ़ाने के लिए दी गई दवा के बाद ज्योति की हालत बिगड़ गई, जिससे बच्चे की मौत हो गई।
उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर चिकित्सक भड़क उठे। घटना की सूचना पर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संजय खत्री और सीएमएस डॉ. एसके वर्मा मौके पर पहुंचे।
प्रिंसिपल खत्री ने बताया कि महिला का देर रात और सोमवार को अल्ट्रासाउंड किया गया था। इसमें नवजात में कोई हरकत नहीं दिखी, जिसके बाद दोपहर में प्रसव पीड़ा बढ़ाने के लिए दवा दी गई। उन्होंने आशंका जताई कि नवजात की गर्भ में ही मौत हो चुकी थी।
प्रिंसिपल ने कहा कि परिजनों के आरोपों के आधार पर एक टीम गठित कर जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि जांच में लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
नवजात की मौत के बाद पिता अमित शुक्ला अपने मृत बच्चे को गोद में लेकर अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दिखे।

## खबरें एक नजर में

### कर्नलगंज में लाखों के जेवरात व नगदी चोरी 3 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात के तीन दिन बीत गए, लेकिन पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। इससे आहत पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। पीड़ित ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र एफआईआर दर्ज करके सख्त कार्रवाई करने और माल बरामदगी की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना थाना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम गोरछन पुरवा मौजा हीरापुर शाहपुर की 16 जुलाई 2026 की दरमियानी रात की है। यहां के निवासी विजय बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बिजली जाने के कारण वह, उसकी पत्नी व बहू घर के बाहर द्वार पर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुस गए और अंदर से दरवाजा व खिड़की बंद कर दिया। सुबह 4 बजे जब घर के अंदर गए तो देखा कि सभी कमरों के ताले टूटे थे। चोर बहू व पत्नी के बक्से उठा ले गए। बहू के बक्से में सोने-चांदी के लगभग 9 थान आभूषण, व पत्नी के बक्से मे पुराने जेवरात व 60 हजार रुपये नगदी रखे थे, वह चोरी कर ले गये। कुल नुकसान लगभग 15 लाख रुपये का बताया जा रहा है। **17 जुलाई को दिया था प्रार्थना पत्र**-पीड़ित विजय बहादुर ने 17 जुलाई को ही कोतवाली कर्नलगंज में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के साथ ही गांव के छोटकऊ, पंकज व सुमित पर आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कर माल बरामद करने की मांग की थी। लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पीड़ित का कहना है कि वह रोज थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। **परिवार में दहशत, न्याय की मांग**-चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद पूरे परिवार में दहशत का माहौल है। ऐसे में गंभीर सवाल यह उठता है कि लाखों की चोरी के बाद भी एफआईआर नहीं, तो आम आदमी कहां जाए? पीड़ित परिवार ने मांग की है कि जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज कर चोरी का खुलासा किया जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। इस संबंध में जानकारी करने के लिए प्रभारी निरीक्षक के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया,लेकिन फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

### यूपी एटीएस का बड़ा ऑपरेशनः बलरामपुर से आईएसआई से जुड़े संदिग्ध की गिरफ्तारी

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (यूपी एटीएस) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बलरामपुर जिले से एक ऐसे संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिस पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और आतंकी नेटवर्क के लिए काम करने का आरोप है। एटीएस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई कर एक संभावित आतंकी साजिश को विफल कर दिया गया। एटीएस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान शहरोज अहमद (29 वर्ष) निवासी ग्राम जमधरा, थाना गैसड़ी, जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है। आरोपी को 19 जुलाई 2026 को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध लखनऊ स्थित एटीएस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 148, 152 एवं 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। एटीएस की जांच में सामने आया है कि पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आबिद जट्ट से जुड़े नेटवर्क द्वारा भारत के युवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से धन का लालच देकर अपने जाल में फंसाने की कोशिश की जा रही थी। इस नेटवर्क का उद्देश्य युवाओं का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों में करना था। जांच एजेंसियों के अनुसार, अक्टूबर 2025 में पाकिस्तानी एजेंट जसवीर चौधरी ने फेसबुक पर कथित तौर पर 'जिगर वाले शूटरों' की तलाश संबंधी एक पोस्ट साझा की थी। बताया गया कि शहरोज अहमद ने उस पोस्ट पर स्वयं को सबसे 'जिगरवाला' बताते हुए टिप्पणी की। इसके बाद दोनों के बीच संपर्क स्थापित हुआ और बातचीत फेसबुक से आगे बढ़कर व्हाट्सएप, मैसेंजर और सिग्नल जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर होने लगी। एटीएस का कहना है कि आरोपी को अन्य युवाओं को भी इस नेटवर्क से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी मूल रूप से मुंबई में रह रहा था, लेकिन कथित पाकिस्तानी एजेंट के निर्देश पर दो दिन पहले ही अपने पैतृक गांव बलरामपुर पहुंचा था। उसे राजस्थान के श्रीगंगानगर जाकर हथियार और विस्फोटक सामग्री लाने का कार्य सौंपा गया था। इस उद्देश्य के लिए उसके बैंक खाते में 5,000 रुपये भी भेजे गए थे, जिससे प्रारंभिक खर्च पूरे किए जा सकें। एटीएस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में इनसे कई महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिलने की बात कही गई है। इन साक्ष्यों के आधार पर एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी किन-किन लोगों के संपर्क में था और यह नेटवर्क कितना व्यापक है।

# रायल पैराडाइज मैरिज हाल गोण्डा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत रायल पैराडाइज मैरिज हाल गोण्डा में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्ड व नगरपालिका परिषद/नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 526 जोड़े पंजीकृत थे जिसमें से 433 जोड़ों का विवाह पूरी रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। जिसमें 405 जोडें का हिन्दू रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ है तथा 28 जोड़ों का इस्लामिक पद्धति से मौलवी साहिबे आलम द्वारा निकाह कराया गया। प्रथम चरण में 191 हिंदू विवाह कराए गए और 22 जोड़े मुस्लिम शादियां हुईं तथा द्वितीय चरण में 50 हिंदू विवाह और 6 जोड़े



मुस्लिम विवाह कराए गए इस प्रकार कुल 270 जोड़ों का विवाह कराया गया यह समृद्धि न्यूज़ की पड़ताल से पता चला। चर्चा तो ऐसी भी है की इनमें से कई जोड़े पहले से शादीशुदा थे। इस मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को रॉयल पैराडाइज मैरिज हॉल गोंडा में दो सिफ्टों में आयोजित किया गया है, इसमें 3 तहसील तथा 13 विकास खण्डों के लाभार्थी सम्मिलित हुये हैं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, सांसद गोंडा/ केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी, जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री माधवी पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी वन्दना पाण्डेय, संबंधित खण्ड विकास अधिकारीगण तथा अन्य सभी जनप्रतिनिधिगण ने विवाह मण्डप पर बैठे जोडों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेंगे वो चाहे किसी जाति व धर्म की हों। सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रूपये 64000/- प्रति जोडे के कन्या के खाते में दिया जाता है। शेष उपहार सामग्री दी जाती है।

# पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित हुआ डिजिटल लाइब्रेरी प्रशिक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से बीएसए कार्यालय में पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी प्रशिक्षण आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण में 14 पीएम श्री विद्यालयों के 27 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रशिक्षण का संचालन आईड्रीम एजुकेशन के प्रशिक्षक अल्ताफ हुसैन द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण बीएसए कार्यालय, बहराइच के समन्वय एवं सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को आई-प्रेप डिजिटल लाइब्रेरी का प्रभावी उपयोग, वीडियो पाठ, ई-बुक्स, अभ्यास सामग्री तथा अन्य डिजिटल शिक्षण संसाधनों के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही कक्षा में तकनीक का बेहतर उपयोग कर विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक, प्रभावी एवं सहभागितापूर्ण बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई।

# संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर रही सरकारः बैजनाथ दुबे

**जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण, भाजपा जाए तभी युवाओं का भविष्य बचेगा: बैजनाथ दुबे पूर्व विधायक**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गोण्डा के पूर्व प्रत्याशी बैजनाथ दुबे ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की और कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए लोकतंत्र की आवाज को पुलिस के बल पर दबा रही है। **'युवाओं की आवाज दबाई जा रही'** बैजनाथ दुबे ने लिखा कि जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लाखों युवाओं पर सरकार के इशारे पर लाठीचार्ज किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से कहने की आजादी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामी छिपाने और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ पर जवाब न देना पड़े, इसलिए पुलिस के बल पर युवाओं की आवाज को दबाया जा रहा है। 'सरकार लगातार संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर रही है, जिसका स्पष्ट उदाहरण आज



जंतर मंतर पर देखने को मिला है।

**'पेपर लीक और सुरक्षा पर क्यों नहीं मिल रहा जवाब'**

एक अन्य पोस्ट में बैजनाथ दुबे ने सरकार से कई सवाल किए। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में फंडिंग कौन कर रहा है और कांग्रेस जैसी पार्टियों को फंडिंग कहां से मिल रही है, इसका पता तुरंत चल जाता है। लेकिन... पेपर लीक कैसे हो रहा है, पुलवामा अटैक में आरडीएक्स कहां से आया, पहलगाम में आतंकी कहां से आए, इसका पता नहीं चल रहा है। अंत में उन्होंने कहा, 'भाजपा जाए- तभी युवाओं का भविष्य बच पायेगा। बैजनाथ दुबे के इन बयानों के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है।

## ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**रेहराबाजार/बलरामपुर।** रेहरा बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोप है कि उसने महिला का नहाते समय अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया। साथ ही तीन लाख रुपये भी वसूल लिए। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को मुकदमा संख्या 51/2026 में वांछित अभियुक्त विजय शर्मा उर्फ रामसवारे शर्मा, निवासी ग्राम बढ़ईडीह भरतपुर ग्रांट, थाना रेहरा बाजार को कुसमौरा घाट पुल के पास से गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र की एक महिला ने 19 जुलाई 2026 को तहरीर देकर आरोप लगाया था।

# कर्नलगंज के नए एसडीएम बने कुमार सत्यम जीत व मनकापुर में उदित पवार की तैनाती, राजस्वकर्मियों ने किया स्वागत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए और जनहित को देखते हुए दो नवागंतुक उपजिलाधिकारियों की तैनाती की गई है। कुमार सत्यम जीत को कर्नलगंज तथा उदित पंवार को मनकापुर का उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नियुक्त किया गया है।

**डीएम ने दिए बाढ़ तैयारियों के निर्देश, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की चेतावनी**

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पीसीएस अधिकारी कुमार सत्यम जीत को कर्नलगंज का नया एसडीएम नियुक्त किया है। कार्यभार संभालते ही उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की तैयारियों की समीक्षा, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और तहसील प्रशासन को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। **बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर रहेगा विशेष फोकस-** जिलाधिकारी ने नए एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अधिकारियों, कर्मचारियों और लेखपालों के साथ



तत्काल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करें। साथ ही, आगामी दिनों में संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों का लगातार निरीक्षण कर किसी भी समस्या का समय रहते समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि कर्नलगंज तहसील के कई गांव हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आते हैं। ऐसे में ग्रामीणों को पहले से जागरूक किया जाए और बाढ़ चौकियों की सक्रियता के साथ राहत एवं बचाव संबंधी व्यवस्थाओं का भी नियमित जायजा लिया जाए। कुमार सत्यम जीत तेजतर्रार पीसीएस अधिकारियों में से माने जाते हैं। बताया जाता है कि इटावा में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अवैध अतिक्रमण और भ्रष्टाचार के मामलों में कई बड़ी कार्रवाई कर सुर्खियां बटोरी थीं।

**फरियादियों की समस्याओं का होगा प्राथमिकता से समाधान**

कार्यभार ग्रहण करने के बाद कुमार सत्यम जीत ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना, आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करना और लंबित राजस्व एवं प्रशासनिक मामलों का गंभीरता से निस्तारण करना होगा।

# घाघरा का कहरः तरबगंज-कर्नलगंज में बढ़ा कटान, 1 बीघा जमीन और 2 मकान नदी में विलीन

**2.53 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बढ़ा घाघरा का जलस्तर, ग्रामीणों को पलायन की नौबत**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** घाघरा नदी में जलस्तर बढ़ने के साथ ही तटीय इलाकों में कटान ने रफ्तार पकड़ ली है। कर्नलगंज और तरबगंज क्षेत्र के निचले इलाकों में नदी ने कई मकानों और कृषि भूमि को अपने आगोश में ले लिया है। इससे ग्रामीणों के सामने आशियाना बचाने और सुरक्षित स्थान पर जाने की चुनौती खड़ी हो गई है।

**नदी में समाया पक्का मकान, फूस का घर भी बहा**



तरबगंज तहसील के नवाबगंज स्थित दत्तनगर मांझा गांव में सोमवार रात करीब 1 बजे दिनेश यादव का तीन कमरों का पक्का मकान घाघरा की कटान में पूरी तरह बह गया। वहीं मंगलवार सुबह करीब 7 बजे गांव के ही एक अन्य व्यक्ति का फूस का मकान भी नदी में समा गया। अब तक गांव की 1 बीघा से अधिक कृषि भूमि भी कटान की भेंट चढ़ चुकी है। कई और फूस के मकान नदी के किनारे खतरे की जद में आ गए हैं। इनमें रहने वाले परिवार अब सुरक्षित स्थानों पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। **2.53 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया-** मंगलवार सुबह 9:30 बजे घाघरा नदी में कुल 2 लाख 53 हजार 666 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसमें गिरजा बैराज से 1,17,776 क्यूसेक, शारदा बैराज से 1,31,337 क्यूसेक और सरयू बैराज से 4,553 क्यूसेक पानी शामिल है।

## जल निकासी के अभाव में सादुल्लानगर-गौराचौकी मार्ग पर जलभराव, राहगीर परेशान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** नेपाल सीमा को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण सादुल्लानगर-गौराचौकी मार्ग पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क किनारे पानी जमा होने और पटरियों की मिट्टी सड़क पर फैल जाने से राहगीरों, स्कूली बच्चों तथा वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी राहुल, नन्हा, इमरान, सुभाष, हिदायत और लालता ने बताया कि सड़क के किनारे पानी भरा रहने से पटरियों की मिट्टी बहकर सड़क पर आ गई है। इससे सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम हो गई है।

# यूपी रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी 250 ई-बसें

## 425.50 करोड़ रुपये की लागत से खरीदी जाएंगी ई-बसें, 50 व 41 सीटर की होगी क्षमता



### वायु प्रदूषण में कमी व पर्यावरण संरक्षण को भी मिलेगा बढ़ावा

1 नवंबर से सीएक्यूएम के निर्देशों के मुताबिक दिल्ली में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 श्रेणी के वाहनों को प्रवेश की अनुमति होगी। ऐसे में नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद से उत्तर प्रदेश रोडवेज इन मानकों का समयबद्ध अनुपालन करेगा और एनसीआर क्षेत्र में बस संचालन निर्बाध रहेगा। योगी सरकार का ये फैसला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में लागू होने वाले पर्यावरणीय मानकों को देखते हुए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।योगी सरकार इन इलेक्ट्रिक बसों के जरिए प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन व शहरी क्षेत्रों में यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित, आधुनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इससे डीजल आधारित बसों पर निर्भरता कम होगी, वायु प्रदूषण में कमी आएगी व पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।नई बसों के संचालन से परिवहन निगम के बेड़े का विस्तार होगा, जिससे चालकों, परिचालकों व तकनीकी रख-रखाव से जुड़े कुशल-अकुशल कर्मियों के लिए नए रोजगार अवसर सृजित होंगे।

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी के बस बेड़े को बढ़ाने के लिए नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इस पर 425.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।निर्णय के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 400 करोड़ रुपये के प्रावधान है। 25.50 करोड़ रुपये का खर्च यूपीएसआरटीसी वहन करेगा। इसी के साथ 250 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट फैसले के मुताबिक रोडवेज बेड़े में 100 इलेक्ट्रिक बसें 12 मीटर, 3 गुणा 2 टाइप-2, 50 सीटर व 150 इलेक्ट्रिक बसें 12 मीटर, 2 गुणा 2 टाइप-3, 41 सीटर शामिल की जाएंगी। बसों के संचालन से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और यात्री सुविधाओं के अनुरूप बनाया जाएगा।नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर कुल 425.50 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इसमें 400 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष 25.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अपने संसाधनों से करेगा। योगी सरकार ने बसों की खरीद में उत्तर प्रदेश के मैन्युफैक्चरर्स को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है, प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# 3 अगस्त से शुरू होगी यूपी विधानसभा मानसून सत्र की कार्यवाही



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र 3 अगस्त से शुरू होगा और 6 अगस्त तक चलेगा। चार दिन चलने वाले इस संक्षिप्त सत्र में योगी आदित्यनाथ सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट पेश कर सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मानसून सत्र बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सत्र के दौरान सरकार कई विधायी और वित्तीय कार्यों को पूरा करेगी। मानसून सत्र को लेकर विपक्ष ने भी सरकार को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। विपक्ष अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी, भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदेश में भारी बारिश से बने हालात और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को सदन में उठाने की रणनीति बना रहा है। विपक्षी दलों की तैयारी को देखते हुए माना जा रहा है कि चार दिन का यह छोटा सत्र भी हंगामेदार हो सकता है। सदन में सरकार और विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर तीखी बहस होने की संभावना है। सत्र के दौरान योगी सरकार वित्तीय प्रस्तावों के साथ-साथ प्रदेश से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा करेगी। वहीं विपक्ष जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार से जवाब मांग सकता है। मानसून सत्र की अवधि भले ही कम है, लेकिन राजनीतिक रूप से यह काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

> महंगाई-बेरोजगारी समेत कई मुद्दों पर घेरेंगे विपक्षी दल

## खबरें एक नजर में

### अजीत कुमार वर्मा विधानसभा के विशेष सचिव विधानसभा बनाए गए

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय में अजीत कुमार वर्मा को विशेष सचिव विधानसभा बनाए जाने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री वर्मा अपने प्रशासनिक अनुभव, कार्यकुशलता और जिम्मेदार नेतृत्व से विधानसभा सचिवालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि उनकी नियुक्ति से विधानसभा के कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और बेहतर समन्वय को नई गति मिलेगी। अजीत कुमार वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा विधानसभा सचिवालय की गरिमा और परंपराओं के अनुरूप कार्य करते हुए जनहित एवं संस्थागत हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उनकी नियुक्ति पर विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चेतन चौहान की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चेतन चौहान को लखनऊ में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कहा स्व चौहान जी से हमारे पारिवारिक रिश्ते थे। कोरोना काल में उनके चले जाने से समाज ने अपना एक रत्न खो दिया। उन्होंने कहा चेतन चौहान जी भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज थे। मैदान के शेर थे और भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज के साथ व जनता के सेवक थे। पूर्व कैबिनेट मंत्री मैदान में लड़ना और समाज के लिए जीना कैसे चाहिए सबको पटाकर अमर हो गए। श्री चौहान जी आप सदा दिलों में जिंदा रहेंगे। आपके मिशन की विरासत को आपके भतीजे राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनुज चौहान जिंदा रखेंगे। श्रद्धांजलि सभा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व परिवार के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### कृषि मंत्री की अध्यक्षता में पशुओं के चारे की उपलब्धता पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आज विधान सभा स्थित समिति कक्ष संख्या-44-ख में प्रदेश में पशुओं को चारा उपलब्ध कराए जाने के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में गोवंश एवं अन्य पशुओं के लिए चारे की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना और इस दिशा में आवश्यक रणनीति तैयार करना था। इस बैठक के दौरान चंद्रीगढ़ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश उन्नाव के वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञों द्वारा कृषि, पशुपालन और पर्यटन एकीकृत विकास मॉडल के विषय में प्रेजेंटेशन दिया गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तथा पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रस्तुतीकरण कर रहे प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सुझावों की विस्तृत समीक्षा कर सहयोग के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र, महानिदेशक उपकार डॉ. संजय सिंह, निदेशक कृषि डॉ. पंकज त्रिपाठी तथा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश उन्नाव के वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में दिव्यांगता पर 'राज्य सलाहकार बोर्ड' की 8वीं बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में दिव्यांगता पर गठित 'राज्य सलाहकार बोर्ड' की 08वीं बैठक आज लखनऊ स्थित योजना भवन के 'वीसी कक्ष' सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक का शुभारम्भ प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग राजेश कुमार सिंह ने मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर किया। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि राज्य सलाहकार बोर्ड का उद्देश्य दिव्यांगजन अधिकारों की निगरानी करना, समावेशी विकास को गति देना, विभागीय नीतियों,कार्यक्रमों का मूल्यांकन, दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें शासकीय योजनाओं का त्वरित एवं पारदर्शी लाभ दिलाना है। बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवृत्ति तथा उस पर की गई अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश भर में मण्डल एवं जनपद स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाए, जहां पात्र दिव्यांगजन को समस्त सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उसको मिलने वाले लाभ से अवगत कराया जा सके। जिला दिव्यांग अधिकारी व्यावहारिक रूप से रूचि लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को नियमानुसार विकास प्राधिकरणों (यूपीडा व औद्योगिक प्राधिकरणों) द्वारा दुकानों के आवंटन में 03 प्रतिशत के स्थान पर 05 प्रतिशत का आरक्षण लागू करें।

# आबकारी मंत्री ने विभागीय समीक्षा कर अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

> अवैध कच्ची शराब की आपूर्ति की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कहीं पर भी मदिरा से होने वाली जनहानि की अप्रिय घटना न होने पाये। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, जहां कहीं से भी अवैध मदिरा व कच्ची शराब की आपूर्ति की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों से जुड़े जिलों में प्रवर्तन की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खासतौर से पूर्वांचल, बुंदेलखण्ड और पश्चिम क्षेत्र के संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आबकारी मंत्री मंगलवार को लखनऊ में डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान के सभागार में आबकारी विभाग के राजस्व प्राप्ति की प्रथम त्रैमासिक प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग प्रदेश में सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने वाला विभाग ही नहीं है बल्कि पिछले साढ़े चार वर्षों में मदिरा से किसी भी प्रकार की जनहानि जैसी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है, जिसका श्रेय विभाग के सभी अधिकारियों को जाता है। इसी प्रकार पूरी संवेदनशीलता और टीम भावना के साथ कार्य करना है, जिससे शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। मदिरा की ओवररेटिंग से संबंधित आने वाली शिकायतों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। आबकारी मंत्री ने सभी जिला आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 71,278 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति का एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही (अप्रैल से जून) तक में 15,809.25 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्तियां हुई, जो कि गत वर्ष इसी दौरान 14,228.91 करोड़ रुपए प्राप्त राजस्व से 116.05 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल से जुलाई, 2026 तक के क्रमिक लक्ष्य 21,800 करोड़ रुपए के सापेक्ष अब तक 18,655.23 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हो चुका है, जो कि लक्ष्य का 85.57 प्रतिशत है और गत वर्ष माह अप्रैल से जुलाई, 2025 तक प्राप्त कुल राजस्व 18,583.19 करोड़ रुपए के सापेक्ष 100.39 प्रतिशत अधिक है। बैठक में अपर मुख्य सचिव आबकारी वीना कुमारी, आबकारी आयुक्त डॉ0 आदर्श सिंह, विशेष सचिव अभिषेक आनन्द सहित उच्च अधिकारी उपस्थित रहे तथा जिला आबकारी अधिकारी एवं उपायुक्त आबकारी वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# यूपी आउटसोर्स सेवा निगम को मिलेगा 20 करोड़ का ब्याजमुक्त ऋणः सुरेश

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के संचालन को गति देने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय में प्रावधानित 20 करोड़ रुपये की धनराशि निगम को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस निर्णय से नवगठित निगम के संचालन को मजबूती मिलेगी व प्रदेश में आउटसोर्स सेवाओं के प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाया जा सकेगा।वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन कंपनी अधिनियम-2013 की धारा-8 के अंतर्गत एक गैर-लाभकारी पब्लिक लिमिटेड कंपनी के रूप में किया गया है। निगम का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि सार्वजनिक सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित करना है। वर्तमान में निगम अपने संचालन के शुरुआती चरण में है। ऐसे में इसके प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने, आउटसोर्सिंग एजेंसियों से लिए जाने वाले सेन्टेज चार्ज सहित अन्य व्यवस्थाओं को विकसित करने, कार्य संचालन को सुचारु रूप से शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता थी। इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने 20 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। निगम प्रारंभिक वर्षों में अपनी आय के माध्यम से ऋण चुकाने की स्थिति में नहीं होगा। प्रारंभिक आंकलन के आधार पर पहले पांच वर्षों तक निगम पर ऋण अदायगी का दायित्व नहीं रहेगा।

# फर्टिलाइजर कंपनियों की मनमानी के विरोध में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खाद व्यापारी राजधानी में हुए एकजुट

> खुदरा खाद व्यापारियों का व्यापारी सम्मेलन हुआ आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मंगलवार को खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन संबद्ध उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में राजधानी के निराला नगर स्थित जे सी गेस्ट हाउस में खुदरा खाद व्यापारी सम्मेलन का आयोजन हुआ। खुदरा खाद व्यापारी सम्मेलन में विभिन्न जिलों के खाद व्यापारी शामिल हुए तथा अपने उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होते हुए खाद व्यापारियों ने अपनी आवाज बुलंद की तथा हुंकार भरी व्यापारी सम्मेलन में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश संजय गुप्ता ने कहा खाद व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगा तथा सहयोग करेगा तथा किसी भी स्तर पर उनका उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश के खाद व्यापारियों ने अपनी आवाज उठाते हुए सम्मेलन में कहा प्रदेश में फर्टिलाइजर कंपनियों द्वारा सरकार के नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से व्यापार किए, जाने के कारण खुदरा कृषि (खाद) व्यापारी गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कंपनियों की कार्यप्रणाली से रिटेल खाद व्यापारियों को घाटे में किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आर.के. कन्नौजिया एवं प्रदेश महासचिव अमित गुप्ता ने बताया कि फर्टिलाइजर कंपनियां सरकार से भारी सब्सिडी प्राप्त करने के बावजूद सरकार के निर्धारित नियमों का पालन नहीं कर रही हैं। सरकार के नियमों के अनुसार कंपनियों को 250 प्रति बोरी यूरिया के हिसाब से रिटेल कृषि व्यापारियों के प्रतिष्ठान तक खाद पहुंचानी होती है, लेकिन अधिकांश कंपनियां दुकानों तक आपूर्ति करने के बजाय व्यापारियों को रेलहेड एवं गोदामों से स्वयं खाद उठाने के लिए बाध्य करती हैं। उन्होंने बताया कि इससे व्यापारियों को लोडिंग-अनलोडिंग, परिवहन, जीएसटी, दुकान का किराया, बिजली, कर्मचारियों का वेतन तथा बैंक ब्याज सहित अनेक अतिरिक्त खर्च वहन करने पड़ते हैं, जिससे प्रति बोरी लगभग 15 से 20 की अतिरिक्त लागत आती है। दूसरी ओर सरकार द्वारा किसानों के लिए यूरिया का अधिकतम बिक्री मूल्य 266.50 प्रति बोरी निर्धारित है, जिससे अधिक मूल्य पर बिक्री करने पर दंड एवं जेल तक का प्रावधान है। ऐसे में खुदरा व्यापारियों के लिए बिना घाटे के व्यापार करना लगभग असंभव हो गया है।

# विज्ञान नगरी में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निःशुल्क जांच शिविर आज

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



राजधानी के अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी में दिनांक 22 जुलाई को एक वृहद जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी आम नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 11.00बजे से 1:30 तक किया जा रहा है। क्षेत्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा आंचलिक विज्ञान नगरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में मधुमेह (डायबिटीज) जांच, एनीमिया जांच, रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) जांच, बॉडी मास इंडेक्स का मूल्यांकन, छाती का एक्स-रे तथा थूक का परीक्षण जैसी चिकित्सा जांच निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इन जांचों के माध्यम से क्षय रोग (टीबी) एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान संभव होगी, जिससे शीघ्र उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाना तथा लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। शिविर के दौरान चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ उपस्थित नागरिकों को क्षय रोग के लक्षणों, बचाव, उपचार तथा समय पर जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक करेंगे। आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ के शिक्षा अधिकारी राम कुमार ने आमजन से अपील की है कि वे इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएँ।

विज्ञान नगरी, लखनऊ जन-जागरूकता, सामुदायिक कल्याण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करता है। अधिक जानकारी के लिए केंद्र के शिक्षा अधिकारियों से निम्न फोन पर जानकारी प्राप्त कर सकते है- 8527358876, 9450140533, 94506409701 इस दिन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने वालो के लिये विज्ञान नगरी में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# दयानंद कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या को दिया जाएगा स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना स्मृति सम्मान

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना की जयंती के अवसर पर शनिवार 25 जुलाई 2026 को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रभक्ति पर आधारित प्रेरक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस साल यह लखनऊ के महानगर स्थित दयानंद कन्या इंटर कॉलेज परिसर में होगा।

इसमें दयानंद कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ.दिव्या श्रीवास्तव को उल्लेखनीय शैक्षणिक सेवाओं के लिए डॉ. दरबारी लाल अस्थाना स्मृति जयंती सम्मान 2026 से अलंकृत किया जाएगा। इस अवसर पर लोकप्रिय नृत्य कलाकार रता अस्थाना के निर्देशन में देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुति 'वंदे मातरम् नृत्योत्सव' प्रस्तावित है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र, उत्तर प्रदेश के विधायक, ओ.पी. श्रीवास्तव आमंत्रित किये गए हैं। कार्यक्रम संयोजिका शुभ्रा अस्थाना ने बताया कि दयानंद गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मूल रूप से वाराणसी की निवासी हैं। बीए एमए, बीएड में हर वर्ष अपने कॉलेज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडलिस्ट रहीं हैं। खेल में भी विशेष अभिरुचि होने के कारण वॉलीबॉल में नेशनल लेवल तक खेला एवं उत्तर प्रदेश की कप्तान भी रही हैं। इसके अतिरिक्त कबड्डी और बास्केटबॉल में भी अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भी सफलतापूर्वक प्रतिभाग किया है। उच्च अंक प्राप्त होने के कारण मेरिट से इनका चयन वर्ष 1998 में शिक्षिका के तौर पर लखनऊ में हुआ लगभग 22 वर्षों तक शैक्षिक कार्य करते हुए इनका पुनः वर्ष 2019 में प्रधानाचार्या पद पर चयन किया गया है।

### कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना करेंगे ओब्डू के डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** इन्वेस्ट यूपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत स्थापित ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर प्रा. लि. के डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा 22 जुलाई, सायं 5:00 बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह विजय विक्रम कन्या इंटर कॉलेज के सामने, शाहजहाँपुर रोड, जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर में आयोजित होगा। इस अवसर पर ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर प्रा. लि. के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री संजय कुमार सहित नवनिर्मित क्लीनिक के संचालक डॉ. विनय कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे।

**सराहनीय** | गंगा तटीय विरासत को पर्यटन से जोड़ते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार व आजीविका के अवसर सृजित हो रहे

# पर्यटन अब शहरों की ओर से चलकर गांवों की ओर अग्रसरः जयवीर

> परियोजना के अंतर्गत पर्यटन ग्रामों में होम-स्टे, फार्म-स्टे, पर्यटन की आधारभूत संरचनाओं को विकास व स्थानीय महिलाओं, युवाओं, होम-स्टे संचालकों एवं अन्य हितधारकों का कौशल विकास किया जा रहा है



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणाओं के अनुरूप पर्यटन विभाग द्वारा एग्री रूरल एवं गंगाग्राम रूरल टूरिज्म परियोजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के चयनित ग्रामों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य ग्रामीण संस्कृति, लोक कला, कृषि आधारित अनुभव एवं लोक जीवन के साथ गंगा तटीय विरासत को जोड़ते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आजीविका को बढ़ावा देना है। परियोजना के अंतर्गत पर्यटन ग्रामों में होम-स्टे, फार्म-स्टे, पर्यटन की आधारभूत संरचनाओं को विकास तथा स्थानीय महिलाओं, युवाओं, होम-स्टे संचालकों एवं अन्य हितधारकों का कौशल विकास किया जा रहा है। इससे ग्रामीण पर्यटन को एक मजबूत आधार मिल रहा है। यह जानकारी मंगलवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन अब शहरों की ओर से चलकर गांवों की ओर अग्रसर है, इससे युवा पीढ़ी जुड़ रही है, क्योंकि पर्यटन में रोजगार के साथ स्थानीय स्तर पर रोजी-रोटी की असीमित संभावनाएं हैं। परियोजना को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय पहचान प्राप्त हुई है। वर्ष 2024 में पूरा महादेव जनपद बागपत को पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बेस्ट टूरिज्म विलेज तथा वर्ष 2025 में जनपद बहराइच के कारीकोट गांव को इण्डियन सबकान्टिनेन्ट रिस्पांसबुल टूरिज्म एवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2026 के अवसर पर भवन्त (मैनपुरी), औरंगाबाद (गोरखपुर) एवं जनपद प्रयागराज के सिंगरौर को बेस्ट टूरिज्म, आनन्द भवन पैलेस को भी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार राधा माधव होम-स्टे जनपद प्रतापगढ़ एवं सप्त सरोवर पीलीभीत को बेस्ट होम-स्टे तथा रुबन रिजॉर्ट जनपद गाजियाबाद, लिविंग ग्रीन फार्म्स प्रयागराज एवं मड हाउस फार्म स्टे आगरा को बेस्ट फार्म स्टे के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साथ ही बेस्ट सक्सेस स्टोरी श्रेणी में स्थानीय ग्रामीण उद्यमियों कठवारा लखनऊ के श्री ललित निषाद, सेहला जनपद पीलीभीत की श्रीमती अनीता पाण्डेय एवं बराग जनपद आगरा की श्रीमती रीना को बेस्ट सक्सेस स्टोरी श्रेणी में सम्मानित किया गया। इस प्रकार उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की निरन्तर प्रगति एवं सफलता प्राप्त हो रही है। पर्यटन विभाग पर्यटन दृष्टि से अनेक संभावनाओं पर कार्य कर रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों को जोड़कर आगे बढ़ रहा है, जिससे रोजगार के साथ आजीविका के साधन सृजित हो रहे हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन के सामर्थ्य एवं संसाधन दोनों मौजूद हैं। अच्छी कानून व्यवस्था एवं आवागमन के बेहतर साधन होने के कारण अब देशी-विदेशी पर्यटक कई पर्यटक स्थलों का भ्रमण कर पा रहे हैं।

# यूपीएसएसएससी अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम का आवास घेरा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



राजधानी में मंगलवार को सुबह 9 बजे ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती (2022) के अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास का मानव श्रृंखला बनाकर घेराव किया। अभ्यर्थियों ने 2022 में आई वैकेंसी के फाइनल रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि सारी प्रक्रिया पूरी है तो रिजल्ट में देरी क्यों की जा रही है।

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि 2022 के विज्ञापन के लिए 2023 में आवेदन लिए गए। लिखित परीक्षा, अभिलेख सत्यापन सहित सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई, लेकिन फाइनल परिणाम जारी नहीं किए गए। प्रदेशभर से आए अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम के माध्यम से आयोग से शीघ्र परिणाम जारी किए जाने की मांग की। अभ्यर्थी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पीईटी के जरिये 2022 में वैकेंसी आई थी। ग्राम पंचायत अधिकारी के 1468 पदों के लिए भर्ती परीक्षा 2023 में शुरू हुई थी। हजारों अभ्यर्थियों ने भर्ती में आवेदन किया। 27 अप्रैल 2025 को लिखित परीक्षा भी आयोजित हो चुकी है। पात्र अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया अप्रैल-मई तक पूरी कर ली गई थी। फिर भी अब तक फाइनल परिणाम जारी नहीं किए गए हैं। परिणाम में हो रही देरी की वजह से अभ्यर्थियों में नाराजगी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास के बाद अभ्यर्थी पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास पहुंच गए। पुलिस ने बात करके यहां से सबको वापस कर दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके सामने रोजगार का संकट और जीवनयापन करने की चुनौतियां हैं। अगर समय पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाती तो आज वे लोग अपने परिवार का सहारा होते।

> ग्राम पंचायत अधिकारी के रिजल्ट का इंतजार

# तैयारियां: जनपद की नदियों का जलस्तर बढ़ा, जिला प्रशासन अलर्ट

- हरिद्वार से गंगा नदी छोड़ा गया 80 हजार क्यूसेक पानी
- एसडीएम सदर ने बाढ़ से निपटने की तैयारियों का स्थलीय जायजा लिया

**प्रभाकर मिश्रा**



**शाहजहांपुर।** पहाड़ी एवं मैदानी इलाकों में हो रही बारिश से जनपद की नदियों का जलस्तर में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर से बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

खन्नौत, गर्रा, गंगा व रामगंगा नदीका जलस्तर बढ़ने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने को राहत और बचाव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासनिक अधिकारी तटवर्ती गांवों में चैपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही डीएम के निर्देशन पर तहसील स्तरीय अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण कर तैयारियों को परख रहे हैं। बाढ़ से निपटने की तैयारियां करा रहे हैं।

वही अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के राजस्व कर्मियों और संबंधित विभागों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उनसे कहा गया है कि वह ग्रामीणों के साथ लगातार संपर्क में रहें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। सभी बाढ़ चैकियों, राहत शरणालयों और राहत केंद्रों पर कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। सिंचाई विभाग ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की पहचान और सर्वेक्षण के लिए पिलर लगाए हैं। ड्यूटी पर लगे कार्मिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बाढ़ ड्यूटी में तैनात कोई भी कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। लापरवाही या अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

> जनपद में सभी बाढ़ चैकियां अलर्ट कर दी गई है और राहत शरणालय भी सक्रिय कर दिए गए हैं। बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं आपदा प्रबंधन दफ्तर से जलस्तर की पल पल की रिपोर्ट की जा रही है। सभी एसडीएमों, राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गये है कि वो लोग भ्रमणशील रहे। अफवाहों पर लोग ध्यान दे, प्रशासनिक सूचना पर ही ध्यान दे।
> –अरविंद कुमार, एडीएम वित्त




### फैक्ट फाइल

- सदर तहसील–बाढ राहत चैकी 17,बाढ राहत शरणालय 40
- तिलहर तहसील–बाढ राहत चैकी 25,बाढ राहत शरणालय 06
- पुवायां तहसील–बाढ राहत चैकी 06,बाढ राहत शरणालय 06
- जलालाबाद–बाढ राहत चैकी 13, बाढ राहत शरणालय 4
- कलान तहसील–बाढ राहत चैकी 10,बाढ राहत शरणालय 04

### हरिद्वार से गंगा नदी में छोड़ा गया 80 हजार क्यूसेक पानी

बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी अनुज ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 3 बजे हरिद्वार से गंगा नदी में 79 हजार 795 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जोकि नरौरा बैराज बिजनौर, बदायूं होते हुए जनपद में पहुंचेगा। इससे गंगा नदी का कुछ जलस्तर 3–4 दिन में बढ़ सकता है। गंगा नदी भैसार ढ़ाई घाट तटबंध जलस्तर 141.900 मीटर गेज, खतरे के निशान से 1.750 मीटर नीचे, रामगंगा नदी डबरी घाट जलस्तर 134.310 मीटर गेज, खतरे के निशान से 2.990 मीटर नीचे, गर्रा नदी अजीजगंज पुल जलस्तर 144.750 मीटर गेज, खतरे के निशान से 4.050 नीचे एवं खन्नौत नदी लोधीपुर पुल जलस्तर 144.450 मीटर गेज, खतरा के निशान से 1.300 नीचे। हालांकि अभी बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है, बाढ़ नियंत्रण कक्ष पल पल की जलस्तर की रिपोर्टिंग कर रहा है।

## खबरें एक नजर में

### देवस्थान पर ले जाकर त्रिशूल से जानलेवा हमला

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव पालुरा निवासी गिरीश चंद्र मिश्रा पुत्र राम प्रसाद मिश्रा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में गांव के ही भैयालाल पर त्रिशूल से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, उनके गांव का भैयालाल पुत्र बुधपाल उनके घर आया और उन्हें गांव के पश्चिम दिशा स्थित देवस्थान पर ले गया। वहां पहुंचने के बाद वह अनाप-शनाप बातें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने त्रिशूल से हमला कर दिया। गिरीश चंद्र मिश्रा किसी तरह वहां से भागने लगे, तभी आरोपी ने पीछे से भी त्रिशूल से वार किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी, गाली-गलौज की और मौके से फरार हो गया। गिरीश चंद्र मिश्रा ने जैतीपुर थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट के आरोप में चार नामजदों पर मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव कोरोकुइया में गंदे पानी के निकास को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी चांद मियां ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि पड़ोसी सामीन के मकान से लैट्रिन का गंदा पानी पाइप के माध्यम से सड़क पर गिरता है, जिससे आसपास गंदगी फैलती है। आरोप है कि जब उनकी पत्नी सायरा बानो ने इसका विरोध किया तो सामीन पक्ष के लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की। चांद मियां के अनुसार, पत्नी से घटना की जानकारी मिलने के बाद वह सामीन से बात करने पहुंचे और गाली-गलौज का विरोध किया। इसी बात से नाराज होकर सामीन, जुनैद, आसिफ, फरजान तथा अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उनके भतीजे दानिश को भी चोटें आई, जबकि उनके हाथ में गंभीर चोट लगने से फ्रैक्चर हो गया। पुलिस ने चांद मियां की तहरीर के आधार पर सामीन, जुनैद, आसिफ, फरजान सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत



**खुटार, शाहजहांपुर।** खुटार थाना क्षेत्र में छह दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुई एक महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतका के बेटे ने बाइक चालक पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गुटैया गांव निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी मां सावित्री देवी पत्नी आशाराम 14 जुलाई को खुटार-पुवायां मार्ग पर स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां दवा लेने गई थीं। वापस लौटते समय वह सड़क किनारे खड़ी थीं, तभी खुटार की दिशा से आई तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई, लेकिन उपचार के दौरान 20 जुलाई की रात करीब साढ़े नौ बजे उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट के आरोप में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र में मारपीट और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गांव तेरा निवासी शाकिया बानो ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 5 जुलाई को शाम करीब 5 बजे उनकी बेटियां आतिशा बानो और निशा बानो गांव के नल से पानी भरने गई थीं। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही हमीद, करीम, समून और कमर जबरन वहां पहुंच गए और दोनों बहनों के साथ गाली–गलौज करने लगे। जब उनकी बेटियों ने इसका विरोध किया तो चारों आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद शाकिया बानो ने थाना सिधौली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुलिस ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ विवेचना के दौरान पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी भी की गई है। पुलिस के अनुसार 10 जुलाई को करनापुर निवासी बुद्धन खां ने थाना पुवायां में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सकरापुर निवासी नदीम खां उनके घर में घुस आया और उनकी 19 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में थाना पुवायां में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान मंगलवार दोपहर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर धारा पुल के नीचे से आरोपी नदीम खां (22) निवासी ग्राम सकरापुर को गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के दौरान मुकदमे में धारा 64(2) (3) बीएनएस तथा 5(र)6 पॉक्सो एक्ट की भी बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामकिशोर एवं कांस्टेबल पूरनपाल शामिल रहे।

### राष्ट्रीय पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अजय पाल



**सिंधौली शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक मोर्चा में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय पाल वर्मा लोधी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश प्रवक्ता आकाश आनंद की सहमति तथा प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज की संस्तुति पर उन्हें संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। अजय पाल वर्मा लोधी वेटलिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी हैं। उन्होंने रूस में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। खेल जगत में उनकी अलग पहचान है और वे लंबे समय से युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि अजय पाल वर्मा लोधी के अनुभव, सामाजिक सक्रियता और व्यापक जनसंपर्क का लाभ संगठन को मिलेगा। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के साथ–साथ सरकारी एवं गैर–सरकारी कर्मचारियों और विभिन्न वर्गों में उनकी अच्छी पहचान है। उनकी नियुक्ति से संगठन को प्रदेश स्तर पर नई मजबूती मिलेगी तथा संगठन की नीतियों और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

## डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**परशुरामपुरी-शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के प्रस्तावित आगमन को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। कार्यक्रम को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान उप उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता तथा क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से आयोजन स्थल की सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था का बारकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित मातहतों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। मंच व्यवस्था, प्रवेश व निकास द्वार, तथा वीआईपी मूवमेंट को लेकर अधिकारियों ने आपस में चर्चा की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

## उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल विद्युत समस्याओं को लेकर अधी.अभि. से मिला

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ.प्र. के व्यापारियों का एक शिष्टमंडल जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में विधुत विभाग के अधीक्षण अभियंता अनुज प्रताप सिंह से साथ बैठक कर व्यापारी एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा की समस्याओं के निस्तारण की माँग की। बैठक में जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने अधीक्षण अभियंता ई. अनुज प्रताप सिंह के समक्ष बिजली विभाग द्वारा 2 किलोवाट तक के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए मीटर के दाम 750 रुपये से बढ़ाकर सीधे 5300 रुपये कर दिए गए हैं। यह वृद्धि पूरी तरह से अनुचित और आम जनता व छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ है। इस बढ़ी हुई राशि को तत्काल वापस लिया जाए की माँग की। महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन अखतर ने 47 लाख उपभोक्ताओं का लोड एकतरफा बढ़ाने के साथ-साथ विभाग द्वारा नई दरों से अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी मांगी जा रही है। इसका अरबों रुपये का सीधा आर्थिक भार उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा। जनहित को ध्यान में रखते हुए इस एकतरफा आर्थिक वसूली को तुरंत समाप्त करने के माँग रखी। इसके अतिरिक्त समस्याओं के निस्तारण हेतु एकल विंडो की माँग, बिजली के बिलों में ईंधन अधिभार के रूप में 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि जोड़ी जा रही है। इसको खत्म करने की माँग की। जिस पर अधीक्षण अभियंता द्वारा व्यापारियों को आश्वासन दिया उनकी माँगो को अपने स्तर से शासन को माँग पत्र भेज कर इन समस्याओं के निस्तारण का हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता,जिला महामंत्री सुशील गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आबिद हसन खान, महामंत्री सयुक्त महामंत्री नदीम मंसूरी, जुबैर खान, सुहेल खान, एहतेशाम, मो दानिश आदि उपस्थित रहे।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

- प्रताड़ित करने व इलाज के अभाव में मौत का लगाया आरोप

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना बंडा क्षेत्र के अंतर्गत दहेज उत्पीड़न और लापरवाही के कारण एक नवविवाहिता की मौत का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस को लिखित शिकायत देकर मामला दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बंडा के गांव नभीची निवासी वासुदेव मिश्रा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी पुत्री लक्ष्मी का विवाह हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अमित कुमार पुत्र दशरथ सिंह निवासी तिंदुआ नगरिया, थाना बंडा के साथ अपनी हैसियत के मुताबिक दान-दहेज देकर की थी। पिता वासुदेव का आरोप है कि शादी के बाद से ही दामाद अमित कुमार और उसके घर के तीन अन्य सदस्य दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे लगातार अतिरिक्त दहेज के रूप में मोटरसाइकिल और 2 लाख रुपये नकद की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले अक्सर लक्ष्मी के साथ मारपीट करते थे और उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि जब लक्ष्मी गर्भवती हुई, तब भी ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ दुर्व्यवहार जारी रखा। जब लक्ष्मी ने बच्चे को जन्म दिया, तब ससुराल पक्ष ने डिलीवरी के समय किसी योग्य दाई या डॉक्टर को नहीं दिखाया और न ही उसका समुचित इलाज कराया । लापरवाही और समुचित चिकित्सीय सहायता न मिलने के कारण लक्ष्मी की हालत बिगड़ गई और उसकी मृत्यु हो गई। उसके परिवार वाले बिना किसी को बताए उसके शव को लेकर अपने घर चले गए,जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि ससुराल पक्ष की लापरवाही, दहेज की खातिर प्रताड़ना और समय पर इलाज न कराने के कारण हुई मृत्यु के इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## दिल्ली कूच से पहले शाहजहांपुर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट



**शाहजहांपुर।** ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के आह्वान पर संसद घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शाहजहांपुर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना होने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान महिला कांग्रेस का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया, जिससे वे दिल्ली के लिए रवाना नहीं हो सकीं। महिला कांग्रेस ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए विरोध जताया। अर्चना का कहना है कि महिला आरक्षण बिल को लागू करने की मांग को लेकर देशभर से कार्यकर्ता संसद घेराव कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे हैं, लेकिन शाहजहांपुर में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई लोकतांत्रिक विरोध को दबाने का प्रयास है पर महिलाएं दबने वाली नहीं है महिला कांग्रेस 33 फीसदी आरक्षण लेकर रहेगी। अर्चना कटारिया के साथ दिल्ली जाने वालों में जितेंद्र मिश्रा, गीता गुप्ता, सुनीता, रूबी खान, नेहा, अनुष्का, रूबी मिश्रा, शगुफ्ता तबस्सुम, नुजहत, बेबी, आलिया, रानी, इरशाद खान, अनुभव कटारिया आदि मौजूद रहे।

## सट्टा प्रदर्शन को लेकर कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मकसूदापुर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल मकसूदापुर में केन हेड सुग्रीव पाठक के नेतृत्व में गन्ना सर्वे, सट्टा प्रदर्शन एवं फसल प्रबन्धन ध् फसल सुरक्षा के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित क्षेत्रीय गन्ना अधिकारीगण एवं फील्ड स्टाफ को ग्रामस्तरीय गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन के बारे में विन्दुबार सुक्षावध् निर्देश दिये गये। जिससें चीनी मिल के प्रत्येक कृषक को अपने गन्ना सर्वे की सही जानकारी मिल सके तथा गन्ना आपूर्ति में किसान भाइयों को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। गन्ना सर्वे प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से फसल का प्रकार (शारदकालीन गन्ना, पेड़ी गन्ना, पौधा गन्ना), बैंक खाता, मोबाइल नं., आधार नं., जरूर देख लें यदि कोई कमी हो तो उसे मौके पर ही सही करवा लें, इसी के साथ फसल सुरक्षाध्फसल प्रबन्धन सम्बन्धी जैसे, टाप बोरर की 3सरे स्टेज, पोक्का वोइंग, स्मट, रेड-राट, रस्ट ,आदि रोग ध् कीट की पहचान व इससे बचाव के बारे में विस्तृत रूप में जानकारी दी गई। वारिस सदस्य के साथ-साथ नये सदस्यों को सदस्यता दिलाने का भी अभियान चलेगा। सभी कृषक अपने गन्ना सर्वे सट्टा से सम्बंधित सभी जानकारी को सही से देख ले जिससे किसी भी कृषक को गन्ना सप्लाई के दौरान किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। जिन कृषकों की गन्ना फसल गिर गई है उसे 48 घण्टे के अन्दर बधाई कराना सुनिश्चित करे, जिससे गन्ने की फसल गिरने के बाद उपज में होने वाले 20 से 25 प्रतिशत नुकसान (चुहा, सियार, आँख जमाव, बढवार का रूकना) आदि से बचाया जा सके। किसान भाइयों को गन्ने की अच्छी पैदावार लेने के लिये कम से कम गन्ने की फसल में सितम्बर माह तक एकल मुढ़ एवं कैंचीनुमा तरीके से दो बार गन्ना बधाई करना नितांत आवश्यक है। इस दौरान जोनल प्रबन्धक धीरज मिश्रा, शोभित कुमार, निर्मल सिंह, अशोक गंगवार, शीतल वर्मा, निशान्त तोमर, सुमेश कुमार व फील्ड सुपरवाइजर अंकित कुमार, दिनेश गंगवार, विनीत कुमार मिश्रा, अरूण कुमार सिंह, मुनेश कुमार, आदर्श दीक्षित, प्रदीप कुमार मिश्रा, संजीव कुमार शुक्ला सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रेसवार्ता में सपा नेता आए नजर, पार्टी ने दिखाया बाहर का रास्ता

**सपा जिलाध्यक्ष ने आपात बैठक कर सर्वसम्मति से लिया निर्णय**



**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनतीर खां द्वारा बिजघ्लीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला व महानगर की आपातकाल बैठक बुलाकर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है। जिसमें सपा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी उर्फ पिन्टू जोकि भाजपा के कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय के शाहजहांपुर आगमन को लेकर भाजपा नेताओं के साथ प्रेस वार्ता में दिख रहे है। और उनके स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारी कर रहे है। जोकि अनुशासनहीनता है। जिससे समाजवादी पार्टी की छवि धूमिल करने का पूरा प्रयास क्रिया है। सपा जिलाध्यक्ष ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रदीप तिवारी उर्फ पिंटू को पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद से 6 साल लिए निष्कासित किया जाता है और प्रस्ताव की कॉपी समाजवादी पार्टी हाईकमान को भेज दी गई है।

## ब्लैक बेल्ट व कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आल इन वन मार्शल आर्टस के नेतृत्व में कूकीवान ब्लैक बेल्ट व कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन पुवायां के चैराहा बाजार गढ़ी रोड़ स्थित विजय सार्वजनिक पुस्तकालय में किया गया। जिसमें कुल 27 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें हर कलर बेल्ट में ऐल्लो बेल्ट में आरिका गुप्ता, सनाया गुप्ता, आध्या भारद्वाज, जफलीन कौर, आरोही गुप्ता, स्वारा गुप्ता, रिधि गुप्ता, काव्या गुप्ता, उन्नति गुप्ता, आरब भारद्वाज, आकाश गुप्ता, आरब गुप्ता, आयुष्मान गुप्ता, स्कंद रस्तोगी रहे। ग्रीन बेल्ट में तराना, विवेक मिश्रा, अन्यान्स प्रताप सिंह, देवरसिमा गुप्ता, हद्वयांश वाजपेयी, ग्रीन बन में रेयांश गुप्ता, ईशान्वी गुप्ता, अंश गुप्ता, रूद्ववीर सिंह चैहान, गौरीशंकर, ब्लू बेल्ट में सिद्वार्थनाथ सिंह, ब्लू बन में सोमनाळा सिंह, ध्रुवेन्द्रनाथ सिंह ने भाग लिया। इस मौके पर पुस्तकालय अध्यक्ष ठाकुर कृष्णपाल सिंह चैहान ने खिलाड़ियों की सराहना की। कोच सूरज सिंह को ढेर सारी बधाईयां दी और साथ ही सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पुस्तकालय सदस्य बृजकिशोर सिंह, गिरीश शुक्ला, रिशव रावत, वैभव अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

## पुवायां में धूमधाम से निकली जगन्नाथ जी की शोभायात्रा, महिलाओं ने किया स्वागत

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर में भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक शोभायात्रा मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मीरा गुप्ता के तिराहा बाजार स्थित आवास से हुआ, जहां महिलाओं ने भगवान जगन्नाथ का विधि-विधान से पूजन, आरती एवं वंदन किया। कार्यक्रम का आयोजन ओमर वैश्य समाज एवं अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की महिलाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। शोभायात्रा का तिराहा बाजार में गुज्जन गुप्ता के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी तथा प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए महिलाओं को ठंडा जीरा पानी पिलाया गया तथा बूंदी, केला आदि का प्रसाद भी वितरित किया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई देवीस्थान मंदिर और महाकालेश्वर मंदिर पहुंची, जहां अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की महिलाओं ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान प्रभा गुप्ता, शशी गुप्ता, शिवानी गुप्ता सहित अन्य महिलाओं ने श्रद्धालुओं को बूंदी का प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम की आयोजक मीरा गुप्ता ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की यह शोभायात्रा पुवायां में कई वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है और हर वर्ष समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है। ओमर वैश्य समाज की अध्यक्ष रीता रानी गुप्ता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का स्वागत करना समाज के लिए गर्व का विषय है और इस वर्ष सभी महिलाओं को शोभायात्रा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महामंत्री मीना गुप्ता ने कहा कि संस्था के सभी सदस्य हर वर्ष बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और आध्यात्मिक भावना को मजबूत करते हैं। शोभायात्रा का समापन पक्के तालाब पर आरती, पूजन एवं शशी खंडेलवाल गुरुमाता के प्रवचन के साथ हुआ। इसके बाद रेनू गुप्ता (ओमर वैश्य) के सौजन्य से प्रसाद एवं भोजन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ओमर वैश्य समाज एवं अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के पदाधिकारी, महिलाएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में मीरा गुप्ता ने सभी सहयोगियों एवं महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना करेंगे ओब्डू के डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का उद्घाटन

**शाहजहांपुर।** इन्वेस्ट यूपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत स्थापित ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर प्रा. लि. के डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा 22 जुलाई, सायं 5 बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह विजय विक्रम कन्या इंटर कॉलेज के सामने शाहजहांपुर रोड जलालाबाद में आयोजित होगा। इस अवसर पर ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर प्रा. लि. के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार सहित नवनिर्मित क्लीनिक के संचालक डॉ. विनय कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे। यह डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक ग्रामीण सुदूर क्षेत्रों के लोगों को आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। क्लीनिक के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों से टेलीमेडिसिन परामर्श, पैथोलॉजी जाँच, दवा उपलब्धता तथा अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ एक ही स्थान पर प्रदान की जाएँगी।

### नाले के पास विशालकाय मगरमच्छ दिखने से दहशत, वन विभाग सतर्क

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव दिवाली में नाले के किनारे एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ गांव के दक्षिण दिशा में स्थित नाले के पास देखा गया। नाला आबादी के बेहद करीब होने के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल है, क्योंकि इसी रास्ते से लोगों का रोजाना आवागमन होता है। ग्रामीणों का कहना है कि नाले के किनारे कई मकान बने हुए हैं। ऐसे में मगरमच्छ की मौजूदगी से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर किसी अन्य स्थान पर छोड़ने की मांग की है। डॉ. तौफीक, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद मजीद, वसीम मंसूरी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सभी चिंतित हैं। उन्होंने लोगों से भी नाले के आसपास जाने से बचने की अपील की। वन दरोगा वीरेंद्र गंगवार ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन घटनास्थल पर भारी भीड़ और शोर–शराबा होने के कारण मगरमच्छ नाले में वापस चला गया। फिलहाल वन विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी कर रही है और मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### एसीएमओ का पोस्टमार्टम हाउस पर औचक निरीक्षण, पांच कर्मचारी अनुपस्थित मिले, व्यवस्थाओं में मिलीं खामियां



**शाहजहाँपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी. श्रीवास्तव ने मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका की जांच में आउटसोर्सिंग कर्मचारी जगवीर, विपिन सिंह, अनेक सिंह, राजू तथा वार्डबॉय अनूप बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। इस पर एसीएमओ ने चीफ फार्मासिस्ट नागर को संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लेकर सीएमओ कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पोस्टमार्टम कक्ष, साफ–सफाई, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था की भी जांच की गई। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस में एक पंखा खराब मिला, बिसरा कक्ष में नल की टोटी खराब पाई गई, प्रतीक्षालय में इन्वर्टर/बैटरी की व्यवस्था नहीं थी और पुरुष शौचालय में पानी की आपूर्ति भी बाधित मिली। एसीएमओ ने चीफ फार्मासिस्ट को निर्देश दिए कि परिसर की नियमित साफ–सफाई, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और सभी कमियों को जल्द दूर कराया जाए। साथ ही मृतकों के परिजनों के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पोस्टमार्टम हाउस की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सावन की तैयारियों में जुटी न.पं., ईओ ने किया निरीक्षण

- कांवड़ियों के लिए अस्थायी शिविर की व्यवस्था के निर्देश, डिजिटल लाइब्रेरी के लिए भूमि भी चिन्हित

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सावन माह और कांवड़ यात्रा को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थायी शिविर बनाए जाने और प्रस्तावित डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन का कार्य भी कराया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नूरजहां सबसे पहले जलालाबाद रोड स्थित नगर पंचायत के भंडारगृह पहुंचीं। यहां उन्होंने कांवड़ यात्रियों के लिए अस्थायी शिविर स्थापित किए जाने की योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सफाई कर्मियों और जेसीबी मशीन को बुलाकर परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सावन के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। इसके बाद ईओ ने अभाइन रोड स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज के सामने विद्युत उपकेंद्र के पास प्रस्तावित डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। करीब 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस डिजिटल लाइब्रेरी के लिए क्षेत्रीय लेखपाल प्रमोद माथुर को बुलाकर भूमि का चिन्हांकन कराया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने कहा कि सावन माह में नगर से होकर बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री गुजरते हैं। उनकी सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नगर पंचायत की ओर से अस्थायी शिविर, साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि नगर के विकास कार्यों को भी गति दी जा रही है और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के तहत डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान सभासद रजनीश कश्यप, मुनीश भोजवाल, गिरीश मिश्रा, दिनेश बाबू, राम रहीस पाल, वाजिद अली सहित अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## प्लग लगाते समय करंट लगने से युवक की मौत, पूर्व विधायक ने परिजनों को बंधाया ढांढस

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना सिधौली क्षेत्र के गांव उल्हिया में इनवर्टर का प्लग लगाते समय करंट लगने से 32 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी नवाब पाल का पुत्र सर्वेश रविवार देर रात इनवर्टर का प्लग बिजली बोर्ड में लगा रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सर्वेश की असमय मौत से पत्नी रुचि देवी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे डेढ़ वर्ष का एक मासूम बच्चा छोड़ गया है। इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और आर्थिक संकट भी गहरा गया है। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मृतक के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। पूरे गांव में मातम का माहौल है और लोग इस दुखद हादसे से स्तब्ध हैं।

## हेलमेट पहनने के बावजूद नहीं बची जान, रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत

- युवक की मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम, शव पीएम को भेजा

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खुटार थाना क्षेत्र के गुरघिया गांव निवासी 25 वर्षीय लवनीश वर्मा उर्फ बंटी की मंगलवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। वह सुबह करीब साढ़े पांच बजे बाइक से शाहजहांपुर स्थित अपने कार्यस्थल के लिए निकले थे। उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी जान नहीं बच सकी।

जानकारी के अनुसार, खुटार-पुवायां मार्ग पर रूजहा कला गांव के पास ओवरब्रिज से उतरते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर खुटार पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर सील किया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला मुख्यालय शाहजहांपुर भेज दिया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। लवनीश शाहजहांपुर के एक निजी बैंक में कार्यरत थे। वह सप्ताहांत पर अपने घर आए थे और मंगलवार सुबह ड्यूटी के लिए निकले थे। परिवार में बड़े भाई अंकुश वर्मा, विवाहित बहन प्रीति तथा पिता सर्वेश वर्मा हैं। लवनीश अविवाहित थे और भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनकी माता का पहले ही निधन हो चुका है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## जल संरक्षण पर संगोष्ठी, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाई के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड खुदागंज सभागार में ष्जल संरक्षण का लें संकल्प, इसका कोई नहीं है विकल्पष् विषय पर जागरूकता बैठक एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार दुबे ने की। संगोष्ठी का उद्देश्य जल संरक्षण, भूजल संवर्धन तथा वर्षा जल संचयन के प्रति अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को जागरूक कर भविष्य में संभावित जल संकट से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार दुबे ने कहा कि ष्जल ही जीवन का आधार है और इसकी प्रत्येक बूंद अमूल्य है। जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि लगातार गिरते भूजल स्तर और बढ़ते जल संकट को देखते हुए वर्षा जल संचयन, जल का विवेकपूर्ण एवं मितव्ययी उपयोग तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संगोष्ठी में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, भूजल स्तर में सुधार के लिए प्रभावी उपाय अपनाने, सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण की शपथ ली और अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को जल बचाने, वर्षा जल संचयन अपनाने तथा जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एसडीओ पंचायत पवन कुमार, ग्राम विकास अधिकारी उमेश कुमार, विनोद कुमार यादव, रवि कुमार शर्मा, सिद्धांत मिश्रा अवर अभियंता योगेंद्र कुमार,सिद्धार्थ, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल की प्रत्येक बूंद को बचाने के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज किया गया जल संरक्षण का प्रयास ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, समृद्ध और जल-संपन्न भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

### छेड़खानी व दंपती पर जानलेवा हमला की पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर – शाहजहांपुर।** रात में बाजार से लौटने के दौरान महिला से छड़खानी करने और विरोध करने पर चाकुओं से प्रहार कर घायल करने के साथ ही तमंचा से फायर करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कटरा के मोहल्ला आतिशबाजान निवासी तनु सिंह पत्नी सनी वर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका मायका तिलहर की गुरगवा कालोनी मे है । वह पति सनी वर्मा के साथ 19 जुलाई की रात करीब नौ बजे मार्केट से रायल पैलेस होते हुये अपने पिता भारत सिंह घर जा के रही थी । इसी दौरान गुरगवां कॉलोनी के ही करन भूटिया व श्याम भूटिया पुत्र गण प्रेमपाल , मोहल्ला सितार गंज निवासी हैदर अंसारी उर्फ फैसल , सोहेल पुत्र गण हबीब व अय्याज रास्ते में खड़े थे। उक्त लोगों के पास से गुजरते ही करन भूटिया ने उसका दुपट्टा खींच कर छेडखानी शुरु कर दी। विरोध करने पर उक्त पांचों ने उसे व उसके सनी वर्मा पति को चाकुओ से प्रहार करना शुरु कर दिया । आरोप है कि करन भूटिया ने सनी वर्मा को जान से मारने कि नियत से तमंचा से फायर किया । जिससे वह बाल बाल बच गये । फायर की आवाज सुनकर लोग आने पर हमलावर मौके से फरार हो गये । गम्भीर रूप से घायल हुए पति सनी वर्मा को इलाज वह सीएचसी ले गई। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## औषधि निरीक्षक के आने की सूचना पर बंद हुए मेडिकल स्टोर

- झोलाछाप डॉक्टरों पर भी कार्रवाई की उठी मांग
- लोग बोले–नियमों का पालन हो रहा है तो डर कैसा

> अवैध झोलाछाप डॉक्टरों पर टीम बनाकर जांच की जाएगी दोषी पाए जाने की स्थिति में नोटिस देकर वैधानिक कार्रवाई करवाई जाएगी।
>
> –गौरव सक्सेना
> प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी खुटार

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

खुटार कस्बे में मंगलवार को औषधि निरीक्षक के आने की सूचना मिलते ही कई मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। सूचना फैलते ही कई दुकानदारों ने आनन-फानन में मेडिकल स्टोर के शटर गिरा दिए और मौके से चले गए। कुछ समय बाद निरीक्षक के लौटने की जानकारी मिलते ही अधिकांश दुकानें दोबारा खुल गईं। हालांकि कुछ मेडिकल स्टोर पूरे समय खुले रहे, लेकिन कस्बे के कई चर्चित मेडिकल स्टोर बंद पाए जाने से क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सभी मेडिकल स्टोर नियमानुसार संचालित हो रहे हैं और उनके पास आवश्यक लाइसेंस व अभिलेख उपलब्ध हैं, तो औषधि निरीक्षक के आने की सूचना पर दुकानें बंद करने की नौबत क्यों आई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किन दुकानों की जांच की गई और जांच में क्या स्थिति सामने आई। इसी बीच खुटार क्षेत्र के मुरादपुर, हिटौटा, गुरघिया, सिहुरा, मैनिया, धनसिंहपुर, चांदपुर, हरनाई और नवदिया नवाजपुर समेत कई गांवों में कथित झोलाछाप चिकित्सकों के बढ़ते कारोबार को लेकर भी ग्रामीणों ने चिंता जताई है। आरोप है कि बिना मान्यता और आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता के कई लोग क्लीनिक संचालित कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इन क्लीनिकों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और आपातकालीन संसाधनों का अभाव होने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि सामान्य बीमारियों के नाम पर मरीजों को दवाइयां और इंजेक्शन लगाए जाते हैं तथा हालत बिगड़ने पर उन्हें बड़े अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल स्टोरों और निजी क्लीनिकों की संयुक्त रूप से नियमित जांच कराने, बिना वैध लाइसेंस और नियमों के विपरीत चिकित्सा कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## मिर्जापुर में भाजपा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आज, बूथ सम्मेलन में हिस्सा लेंगे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



**क्षेत्र के ग्रामीण नहीं देख पाएंगे उपमुख्यमंत्री का उड़नखटोला:** उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम से आमजन को पूरी तरह दूर रखा जाएगा। आमजन उपमुख्यमंत्री के उड़नखटोला (हेलीकॉप्टर) को भी नहीं देख पाएंगे। क्योंकि उपमुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर उतरने के लिए हेलीपैड भी रघुवंशी पैलेस परिसर में ही बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा के नेताओं को आमजन के वोट नहीं, सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं के वोट की ही जरूरत रह गई है।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कल (आज) कस्बे के रघुवंशी पैलेस में आयोजित होने वाले भाजपा के जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र स्तरीय बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में हैलीकॉप्टर से हिस्सा लेने आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन पर होने वाली तैयारियों का एडीएम (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्रा ने यहां रघुवंशी पैलेस में आकर एसडीएम कलान आशुतोष कुमार सिंह,तहसीलदार सृजित कुमार व सीओ जलालाबाद दीपक कुमार सिंह,थाना प्रभारी सोनी शुक्ला के साथ रघुवंशी पैलेस परिसर में बन रहे हेलीपेड का निरीक्षण किया। एडीएम प्रशासन के साथ रघुवंशी पैलेस में ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, प्रधान कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी, उद्योगपति दिलीप गुप्ता, पंकज गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, मनमोहन अवस्थी, अखिलेश गुप्ता, विकास रघुवंशी, भाजपा जिला महामंत्री सत्येंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने फीता काटकर किया नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विधायक सलोना कुशवाहा ने नगर में नव प्रतिष्ठान विनायक रेस्टोरेंट एंड मंत्री जी की चाय का फीता काटकर उदघाटन किया। मंगलवार दोपहर साढ़े बारह बजे विधायक श्री मती कुशवाहा हाइवे पर दोदराजपुर मोड़ स्थित दिव्यांश सक्सेना के नवीन प्रतिष्ठान पर पहुंचीं और फीता काटकर उदघाटन करते हुए शुभकामनाएं दीं। प्रतिष्ठान स्वामी ने मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा को स्मृति चिन्ह के रूप में श्री राधा कृष्ण का चित्र भेंट किया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू, अपना दल एस नगर अध्यक्ष सैफ अली खान, जिला पंचायत सदस्य झब्बू सिंह यादव, सभासद राधारमण मिश्रा, श्याम गर्ग, राम लखन कुशवाहा, ऋषभ गंगवार, सूर्य कुमार गंगवार, पंकज सक्सेना समेत तमाम गणमान्य शामिल रहे।

## जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के प्रति जागरूकता

- भूजल सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के निर्देशन पर भूजल सप्ताह के अंतर्गत मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा में विद्यार्थियों के बीच जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा भूजल बचाने के उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। चित्रों और पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि जल है तो कल है, भूजल बचाओ-भविष्य बचाओ तथा ष्पानी की हर बूंद अनमोल हैष्प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि अभी से जल का विवेकपूर्ण उपयोग तथा वर्षा जल संचयन पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने घरों एवं समाज में भी जल बचाने का संदेश फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भूजल संरक्षण और जल की एक-एक बूंद बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर इजहार हसन, जहूर अहमद, कामरान हुसैन, मोहम्मद जाहिद, साजिद अली खान, मोइन खान, ममनून, शारिक अली खान, सैय्यद शारिक अली, आदि मौजूद थे।

## विधायक सलोना कुशवाहा ने एक्सियन को इंडस्ट्रियल लाइन पृथक करने के दिए निर्देश

- ग्रामीण जर्जर लाइन को दुरुस्त कराने पर भी दिया जोर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विधायक सलोना कुशवाहा ने विधुत वितरण खंड तिलहर के एक्सियन ए के अगवाल को नगर तिलहर से औद्योगिक (इंडस्ट्रियल) विधुत लाइन का पृथक निर्माण कराये जाने की बाबत पत्र दिया है। उन्होंने कहा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास एंव स्थानीय उद्योगों को सुचारु विधुत आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक प्रथक औद्योगिक (इंडस्ट्रियल) विधुत लाइन का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। ताकि विद्युत व्यवस्था बेहतर हो सके। क्योंकि वर्तमान व्यवस्था के कारण उद्योगों को विधुत आपूर्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में विधुत लाइन के खम्भे काफी दूर -दूर लगाए जाने तथा का विधुत लाइन अत्यंत जर्जर हो ने के चलते बार-बार फाल्ट होने के कारण पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न मिल पाने के कारण किसानों को सिंचाई में काफी दिक्कत होने का भी पत्र में जिक्र कर सर्वे व तकनीकी व्यवस्थाओं को अविलंब पूर्ण कर जल्द से जल्द सही कराने के निर्देश दिए हैं।

### अदालती सूचना

**ता. पेशी 11.08.2026 हेतु संदर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप न्यायालय सिविल जज जू. डि. कोर्ट संख्या 18 शाहजहांपुर**

मूलवाद सं. 210 वर्ष 2025 1- सुरेश उर्फ चरकान 2- बच्छिया 3- सुभाष 4- अर्चना 5- निजाम कुमार 6- छिनदकिया

बनाम

जन साधारण... घोषणात्मक आज्ञप्ति हेतु प्रस्तुत किया है। जन साधारण में जिस किसी को आपत्ति है वो दिनांक 11.08.2026 को 10 बजे के पूर्वान्ह में स्वंय या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 2026ई. के माह 07 के 17 दिवस को निकाली गई।

**न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 18 शाहजहांपुर**

## संसद के मानसून सत्र में जारी रहेगी गरमा-गरमी

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के 20 जुलाई के संसद मार्च को विफल करने के लिए दिल्ली पुलिस ने आखिरकार लाठी चार्ज का सहारा लिया। विपक्षी नेताओं, सीजेपी कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में लेखकों, कलाकारों, मशहूर हस्तियों और आम लोगों का कहना है कि यह लोकतांत्रिक आंदोलन को जबरदस्ती दबाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। सीजेपी आंदोलन, जो 16 मई को अभिजीत दिपके द्वारा एक व्यंग्यात्मक ऑनलाइन आंदोलन के तौर पर शुरू किया गया था, अब इतना बड़ा हो चुका है कि जानकारों का मानना है कि इसे दबाया नहीं जा सकता, क्योंकि इसे समाज के सभी वर्गों और देश की सभी विपक्षी पार्टियों से भारी समर्थन मिला है। अब जाकर खबर आई है कि केंद्र सरकार प्रदर्शनकारियों से बात करने को तैयार है, पर अब तक वह सीजेपी के आन्दोलन का जवाब जोर जबरदस्ती से देती रही है। उन्होंने लगभग विरोध स्थल को सील कर दिया और प्रदर्शनकारियों के लिए लॉजिस्टिक्स से जुड़ी बड़ी मुश्किलें खड़ी कर दीं। अब सीजेपी कार्यकर्ताओं और विपक्षी नेताओं ने अपना रुख और कड़ा कर लिया है, विरोध जारी रखने का संकल्प लिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की भी मांग की है। संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन के तेज होने के कारण मानसून सत्र के हंगामेदार होने की पूरी संभावना है। हालांकि, विपक्ष केंद्र सरकार द्वारा सीजेपीके लोकतांत्रिक विरोध को दबाने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (जिनके इस्तीफे की वे पहले ही मांग कर चुके हैं) को बचाने के मुद्दे पर सदन के भीतर विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहा है। संसद के भीतर विपक्ष के विरोध का एक खास मौका तब आएगा जब केंद्र सरकार विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल, 2025 नाम का एक संशोधित बिल पेश करेगी, जिसे पहले हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया (एचईसीआई) बिल के नाम से जाना जाता था। यह बिल अपने पुराने रूप में काफी विवादास्पद था। नया शिक्षा अधिष्ठान बिल, 2025 मौजूदा यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी), ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) और नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) की जगह एक ही उच्च शिक्षा नियामक लाने का प्रस्ताव करता है। विपक्ष का आरोप है कि केंद्र सरकार इस बिल के जरिए देश में उच्च शिक्षा को बर्बाद कर रही है और हिंदुत्व-ब्रांड की शिक्षा थोपने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि इसके प्रावधान मौजूदा कानूनी ढांचे को नहीं बदलते हैं। धर्मेंद्र प्रधान का विपक्ष के साथ सीधा टकराव होगा, क्योंकि विपक्ष परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक को लेकर पहले ही उनके इस्तीफे की मांग कर चुके हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बार-बार प्रधान पर राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी भ्रष्टाचार और सिस्टम की विफलता के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बड़े पैमाने पर पेपर लीक का हवाला देते हुए पूरे सिस्टम को धोखाधड़ी करार दिया है और देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के लिए उनके इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने प्रधान पर यह आरोप भी लगाया था कि वे सीबीएसई के उस फैसले में शामिल थे, जिसके तहत एक विवादित कंपनी को ऑन-स्क्रीन मार्किंग का ठेका दिया गया था।

# प्रदेश के विकास की मजबूत नींव में बेहतर सड़कें और पुल दे रहे हैं गति

*अभिषेक सिंह*

किसी भी राज्य या राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक प्रगति उसकी सड़क एवं परिवहन व्यवस्था पर निर्भर करती है। सड़कें केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे विकास, निवेश, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समृद्धि की आधारशिला होती हैं। जब किसी प्रदेश की सड़कें बेहतर होती हैं, तो किसान अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुँचा पाते हैं, उद्योगों को कच्चा माल और तैयार उत्पाद के परिवहन में सुविधा मिलती है, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक पहुँच आसान होती है तथा मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हो पाती हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और सर्वाधिक आबादी वाले राज्य में मजबूत सड़क नेटवर्क का महत्व और भी बढ़ जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने आधारभूत संरचना के विकास को नई दिशा और नई गति प्रदान की है। वर्ष 2012 से 2017 तथा वर्ष 2017 के बाद की अवधि के तुलनात्मक आँकड़े इस परिवर्तन की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। ये आँकड़े केवल निर्माण कार्यों की संख्या नहीं दर्शाते, बल्कि बदलती कार्यसंस्कृति, बेहतर योजना, प्रभावी निगरानी और परिणामोन्मुखी प्रशासन का भी प्रमाण हैं। प्रदेश सरकार ने सड़कों के निर्माण एवं चौड़ीकरण को विकास की प्राथमिकता बनाया। इसी सोच का परिणाम है कि जहाँ 01 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 के बीच पाँच वर्षों में कुल 31,868 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं नवनिर्माण किया गया था, वहीं 01 अप्रैल 2017 के बाद यह उपलब्धि बढ़कर 66,838 किलोमीटर तक पहुँच गई। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों को नई गति और व्यापक विस्तार मिला है। वर्तमान समय में विभाग औसतन 20 किलोमीटर प्रतिदिन की गति से सड़कों का नवनिर्माण और चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण का कार्य कर रहा है। यह केवल गति का संकेत नहीं, बल्कि बेहतर परियोजना प्रबंधन, समयबद्ध क्रियान्वयन और संसाधनों के प्रभावी उपयोग का परिचायक भी है। इस व्यापक सड़क विकास का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को मिला है। जिन गाँवों तक पहले पहुँचने में घंटों लग जाते थे, वहाँ अब बेहतर सड़क संपर्क के कारण आवागमन सुगम हुआ है। इससे कृषि उत्पादों के परिवहन की लागत कम हुई है, ग्रामीण बाजारों का विस्तार हुआ है तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है। साथ ही धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों तक बेहतर पहुँच बनने से पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। सड़क निर्माण के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। किसी भी सड़क का निर्माण जितना महत्वपूर्ण होता है,



उसका समय-समय पर नवीनीकरण और रखरखाव उतना ही आवश्यक होता है। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2012-2017 के दौरान 35,843 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण किया गया था, जबकि वर्ष 2017 के बाद यह आँकड़ा बढ़कर 2,93,082 किलोमीटर तक पहुँच गया। यह लगभग 650 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। वार्षिक औसत में भी उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिलता है। पहले जहाँ प्रतिवर्ष औसतन 7,168 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण किया जाता था, वहीं अब यह बढ़कर लगभग 31,413 किलोमीटर प्रतिवर्ष हो गया है। प्रदेश सरकार द्वारा बनाये जा रहे सड़क रखरखाव की गति पहले की तुलना में चार गुना से अधिक हो चुकी है। बेहतर सड़कें दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ-साथ वाहनों की ईंधन खपत घटाने, यात्रा समय कम करने तथा परिवहन लागत में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन सड़कों का सीधा प्रभाव स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन पर भी दिखाई देता है। आज एम्बुलेंस सेवाएँ, पुलिस, अग्निशमन दल और अन्य आपातकालीन सेवाएँ पहले की अपेक्षा कहीं अधिक तेजी से दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच पा रही हैं। इससे न केवल लोगों की सुरक्षा बढ़ी है बल्कि अनेक परिस्थितियों में समय पर सहायता मिलने से जीवन भी बचाए जा रहे हैं।

**पुलों का विस्तार, आधुनिक तकनीक और विकास की नई दिशा**

उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में नदियाँ, नाले और जलधाराएँ हैं, जो अनेक स्थानों पर आवागमन में बाधा बनती रही हैं। ऐसे में पुलों का निर्माण केवल परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक एकीकरण का माध्यम भी है। पुल बनने से दो क्षेत्रों के बीच की दूरी कम होती है, व्यापारिक गतिविधियाँ तेज होती हैं और लोगों का समय तथा संसाधन दोनों बचते हैं। वर्ष 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में 591 पुलों का निर्माण किया गया था। वहीं वर्ष 2017 के बाद दीर्घ, लघु एवं उपरिगामी निर्मित पुलो की संख्या लगभग दो हजार हो गई है। पुल निर्माण में लगभग तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई। वार्षिक औसत भी 118 पुल प्रति वर्ष से बढ़कर लगभग 211 पुल प्रति वर्ष हो गया। इससे अनेक ऐसे क्षेत्र, जो पहले बरसात के मौसम में कट जाते थे, अब पूरे वर्ष निर्बाध रूप से जुड़े रहते हैं। बेहतर सड़क और पुल नेटवर्क का सकारात्मक प्रभाव प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। परिवहन की लागत कम होने से उद्योगों और व्यापार को गति मिली है। कृषि उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुँच रहे हैं, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलने की संभावनाएँ बढ़ी हैं। निवेशकों के लिए मजबूत आधारभूत संरचना हमेशा आकर्षण का केंद्र होती है, इसलिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदेश में औद्योगिक निवेश और नए रोजगार सृजन के लिए भी अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है। आज उत्तर प्रदेश का सड़क एवं पुल नेटवर्क केवल भौतिक संरचना का विस्तार नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के समग्र विकास का आधार बन चुका है। बेहतर कनेक्टिविटी से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, पर्यटन और निवेश जैसे सभी क्षेत्रों को नई गति मिली है। यह परिवर्तन केवल आँकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश के करोड़ों नागरिकों के दैनिक जीवन में महसूस किया जा सकता है। प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति, मजबूत नेतृत्व, प्रभावी कार्ययोजना और जवाबदेह कार्यसंस्कृति के समन्वय से निर्माण कार्य हो रहे है। वर्ष 2017 के बाद सड़क एवं पुल निर्माण की जिस गति और व्यापकता के साथ कार्य हुए हैं, ये निर्माण उत्तर प्रदेश को आधुनिक आधारभूत संरचना वाले राज्यों की श्रेणी में मजबूती से स्थापित किया है। आने वाले वर्षों में यही मजबूत बुनियादी ढांचा प्रदेश की आर्थिक प्रगति, निवेश वृद्धि और समावेशी विकास की सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

## फुटबॉल के उतार-चढ़ाव

आखिरकार फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में स्पेन के हाथों पिछले चौंपियन अर्जेंटीना की हार के साथ ही दुनियाभर में छाया फुटबॉल का खुमार थम गया। निस्संदेह, यह फुटबॉल के इतिहास का सबसे बड़ा विश्वकप था। संभवतः हाल के दशकों में संपन्न विश्वकप मुकाबलों में सबसे अधिक विवादास्पद भी। इस आयोजन को सफल बनाने में तीन मेजबान देशों अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की भागीदारी रही है। इस टूर्नामेंट में 48 टीमों ने शिरकत की और 104 मैचों का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने फुटबॉल की वैश्विक लोकप्रियता को तो दिखाया ही, साथ ही इस खेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठ खड़े हुए। बहरहाल, स्पेन ने 16 साल बाद अपना यह दूसरा खिताब जीता। उसने एक औसत दर्जे के फाइनल मुकाबले में मौजूदा चौंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। वहीं दूसरी ओर तीसरे स्थान के लिए कड़ा मुकाबला टूर्नामेंट की दो सबसे शानदार टीमों इंग्लैंड और फ्रांस के बीच हुआ। इस बेहद रोमांचक और यादगार मुकाबले में इंग्लैंड ने 6-4 से जीत हासिल की। वहीं इस टूर्नामेंट में कुछ अल्प ज्ञात टीमों का प्रदर्शन फुटबॉल की दुनिया में उम्मीद जगाने वाला रहा। इस विश्व कप में कैप वर्डे, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफकांगो और कुराकाओ जैसे छोटे देशों का प्रेरणादायक खेल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। बहरहाल, एक बार फिर किलियन एम्बाप्पे और लियोनेल मेसी जैसे फुटबॉल के बड़े सितारों ने इस सबसे बड़े मंच पर अपनी चमक बिखेरी। दूसरी ओर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए एक बार फिर कहानी निराशाजनक रही। उनके प्रशंसक उनकी यादगार विदाई चाहते थे। लेकिन किसी भी खिलाड़ी की कामयाबी में टीम वर्क की बड़ी भूमिका होती है। खिलाड़ियों की साझी भूमिका से ही बड़े स्टार खिलाड़ी चमक सकते हैं। यही वजह है कि किलियन एम्बाप्पे और लियोनेल मेसी जैसे अद्भुत खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद विश्वकप खिताब से वंचित रह गए। निस्संदेह, किसी भी मजबूत टीम के नगीनों के साझे प्रयास से ही स्वर्णिम सफलता का निर्धारण हो पाता है। बहरहाल, अब तक के सबसे बड़े और तीन देशों में खेले गए इस टूर्नामेंट के साथ कई तरह के विवाद भी जुड़े। टेक्नोलॉजी पर फीफा की बढ़ती निर्भरता को लेकर भी आलोचकों ने सवाल उठाये। विशेष रूप से वीडियो असिस्टेंट रेफरी यानी वीएआर सिस्टम को लेकर संशय पैदा हुआ। फुटबॉल प्रेमियों ने माना कि यह सिस्टम भरोसेमंद नहीं है।

विचार

# प्रतापगढ़ में बायोफ्लॉक तकनीक से नीली क्रांति को मिली रफ्तार

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मत्स्य पालन क्षेत्र को एक अग्रणी स्तंभ के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों, आधुनिक तकनीकों के समावेशन और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य का मत्स्य क्षेत्र नीली क्रांति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य सरकार द्वारा मत्स्य विकास को विशेष प्राथमिकता देते हुए 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' एवं 'मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना' का धरातल पर सफल संचालन किया जा रहा है। इन दूरगामी योजनाओं के माध्यम से न केवल राज्य में मछली उत्पादन में अभूतपूर्व और रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका और स्वरोजगार के नए-नए साधन भी निरंतर सृजित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का मुख्य ध्येय गांवों से होने वाले पलायन की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार देने वाला बनाना है। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए राज्य भर में चलाए जा रहे अभियानों और कार्यक्रमों ने ग्रामीण युवाओं को स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का नया मार्ग दिखाया है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में चलाए जा रहे व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों, पारदर्शी प्रक्रियाओं तथा ऑनलाइन आवेदन प्रणालियों से एक सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित की गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से जरूरतमंद, पात्र और इच्छुक युवाओं तक योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ पहुँच रहा है। इसी क्रम में जनपद प्रतापगढ़ के विकास खंड सण्डवा चंद्रिका स्थित ग्राम कटका मानापुर के निवासी रणंजय सिंह ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर क्षेत्र के अन्य युवाओं तथा किसानों के सामने एक उत्कृष्ट उदाहरण और प्रेरणा प्रस्तुत की है। पूर्व में पारंपरिक खेती-किसानी पर निर्भर रहने के कारण सीमित कृषि भूमि और निरंतर बढ़ती कृषि लागत के चलते उन्हें अपेक्षित आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा था। पारंपरिक खेती से परिवार का भरण-पोषण तो हो जाता था, लेकिन आर्थिक प्रगति की गति अत्यंत धीमी थी। ऐसे समय में समाचार पत्रों, विभागीय प्रचार माध्यमों तथा विज्ञप्तियों के जरिए उन्हें मत्स्य पालन और विशेष रूप से बायोफ्लॉक तकनीक की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई।

जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागीय योजनाओं के तकनीकी मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से प्रेरित होकर उन्होंने आधुनिक मत्स्य पालन को अपनाने का निश्चय किया। इसके उपरांत उन्होंने अपनी लगभग 0.10 हेक्टेयर निजी भूमि पर आधुनिक बायोफ्लॉक प्रणाली के तहत मत्स्य पालन इकाई की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया। इस इकाई में पंगेशियस प्रजाति की मछलियों के पालन हेतु विभागीय स्वीकृति मिलने के उपरांत उन्होंने निजी बोरिंग, विद्युत संयोजन और सुरक्षित भंडारण जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विकास किया। कम पानी और सीमित भूमि में अधिक उत्पादन देने वाली यह पर्यावरण-अनुकूल प्रणाली उनके लिए अत्यंत लाभदायक और प्रभावकारी साबित हुई। चरणबद्ध तरीके से मत्स्य बीज का संचयन, वैज्ञानिक जल प्रबंधन और आहार नियंत्रण अपनाते हुए उनकी इस इकाई से औसतन 1.40 टन प्रति वर्ष मछली का उत्पादन प्राप्त होने लगा। आर्थिक दृष्टि से भी यह पहल अत्यंत सफल और प्रेरणादायक सिद्ध हुई है। वर्तमान में उनकी इकाई पर लगभग 7 लाख रुपये की वार्षिक लागत आती है, जबकि उत्पादित मछली की बिक्री से प्रतिवर्ष लगभग 18 लाख रुपये तक की सकल आय अर्जित हो रही है। सभी आवश्यक संचालन व्ययों को घटाने के पश्चात उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 6 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है, जो पारंपरिक खेती की तुलना में कई गुना अधिक है। इसके अतिरिक्त, इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर लगभग 10 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार भी उपलब्ध हुआ है, जिससे ग्रामीण युवाओं को गांव में ही आजीविका मिल रही है। उत्तर प्रदेश में पारंपरिक मत्स्य पालन से आगे बढ़ते हुए अब बायोफ्लॉक प्रणाली, रीसर्कुलेटिंग एक्काकल्चर सिस्टम (आरएएस) और केज कल्चर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। ये आधुनिक प्रणालियाँ कम लागत, सीमित जल और न्यूनतम भूमि में भी अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित करती हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित, प्रगतिशील और तकनीक-प्रेमी युवा इस व्यवसाय की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं और कृषि आधारित सहायक उद्यमों को एक नई दिशा दे रहे हैं।

ग्रामीण आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता को विशेष गति देने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी मत्स्य पालन गतिविधियों, जैसे मत्स्य बीज उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन से बड़े पैमाने पर जोड़ा जा रहा है। इस पहल ने ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही, ग्राम सभाओं के तालाबों को पट्टे पर देने की पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से स्थानीय मछुआरा समुदायों, पारंपरिक मत्स्य पालकों और भूमिहीन परिवारों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे उनकी आय में निरंतर और स्थायी वृद्धि हो रही है। मत्स्य पालकों को आर्थिक सुरक्षा एवं जोखिम प्रबंधन प्रदान करने के उद्देश्य से बीमा कवरेज, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा, उच्च गुणवत्ता वाले मत्स्य बीज और संतुलित आहार पर अनुदान निरंतर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही, जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित नियमित प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से मत्स्य पालकों को जल की गुणवत्ता, वैज्ञानिक रख-रखाव, बीमारी नियंत्रण और आहार प्रबंधन से संबंधित बारीकियों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है, ताकि जोखिम को न्यूनतम करके उत्पादकता और लाभ को अधिकतम किया जा सके।

उत्पादित मछली के उचित मूल्य प्रबंधन, गुणवत्ता संरक्षण और त्वरित विपणन के लिए प्रदेश भर में कोल्ड चेन, रेफ्रिजरेटेड वाहनों और आधुनिक मत्स्य बाजारों का मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। इन समेकित प्रयासों से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो रही है और उत्पादकों को उनकी उपज का सीधा और वाजिब मूल्य मिल पा रहा है। विपणन व्यवस्था के सुदृढ़ होने से ग्रामीण क्षेत्रों में एक नए व्यापारिक और व्यावसायिक तंत्र का निरंतर विकास हो रहा है। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के एकीकृत प्रयासों से उत्तर प्रदेश आज अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में मजबूती से स्थापित हो चुका है। प्रतापगढ़ जनपद के रणंजय सिंह जैसे प्रगतिशील मत्स्य पालकों की सफलता यह सिद्ध करती है कि सही मार्गदर्शन के साथ सरकारी योजनाओं से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े स्तर पर आर्थिक परिवर्तन लाया जा सकता है।

ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों से रोजगार की तलाश में पलायन को रोकने में भी कारगर हो रहे हैं। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हो रहे ये व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से प्रमाणित करते हैं कि कृषि एवं उसके सहायक व्यवसायों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर ही समृद्ध और आत्मनिर्भर गांव की कल्पना को साकार किया जा सकता है।


साहित्य



## वर्षा ऋतु में खान□पान और हमारा पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान

**आचार्य ललित मुनि**

हमारी परम्परा में जीवन पद्धति में भोजन केवल भूख मिटाने का साधन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, ऋतु और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम माना गया है। हमारे ऋषि-मुनियों और आयुर्वेदाचार्यों ने हजारों वर्षों के अनुभव के आधार पर यह सिद्ध किया कि प्रत्येक ऋतु के अनुसार भोजन में परिवर्तन करना चाहिए। आयुर्वेद में इसे ऋतुचर्या कहा गया है। इसका उद्देश्य शरीर के दोषों का संतुलन बनाए रखना तथा ऋतु परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाले रोगों से रक्षा करना है। वर्षा ऋतु को आयुर्वेद में विशेष सावधानी का समय माना गया है। यह केवल मौसम का परिवर्तन नहीं, बल्कि शरीर की पाचन क्षमता, वातावरण और रोगों की प्रकृति में भी बदलाव का काल है।



## राशिफल

**मेषः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।


**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कायरे की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# देर से शादी और टूटते रिश्तेः एक सामाजिक विश्लेषण

*आर.बी. सिंह*



आज का युवा पीढ़ी करियर, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दौड़ में इस कदर उलझ गया है कि जीवन की सबसे प्राकृतिक और महत्वपूर्ण पड़ाव 'विवाह' पीछे छूटता जा रहा है। लड़के हों या लड़कियां, 25 की उम्र तक 'सेटल' होने की चाह में 30-35 की उम्र तक पहुंच जाते हैं। उस समय तक न सिर्फ वैवाहिक बाजार बदल चुका होता है, बल्कि व्यक्ति की सोच, अपेक्षाएं और समझौता करने की क्षमता भी बदल चुकी होती है। इसका परिणाम आज हम तलाक, अवसाद और टूटते परिवारों के रूप में देख रहे हैं। जिसका मुख्य कारण करियर पहले, जीवन बाद में हो गया है। एक समीक्षात्मक विश्लेषक में निष्कर्ष निकल कर आया है कि पिछले 20 सालों में शिक्षा और नौकरी को लेकर युवाओं की सोच पूरी तरह बदल गई है। माता-पिता और युवा दोनों का मानना है कि 'पहले अच्छी नौकरी, फिर शादी'। इंजीनियरिंग, एमबीए, सरकारी नौकरी की तैयारी, विदेश जाने का सपना, इन सब में 10-12 साल निकल जाते हैं। वहीं लड़कियां भी अब केवल गृहणी बनकर नहीं रहना चाहतीं। वे अब पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चलने की ठान लीं हैं। वे भी डॉक्टर, वकील, पॉयलट, अफसर बनना चाहती हैं। यह अच्छी बात है, लेकिन समस्या तब आती है जब 'सही समय' का आकलन गलत हो जाता है। 30 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते लड़के को उससे अच्छी लड़की मिल जाएगी और लड़की को उससे बेहतर पैकेज वाला लड़का मिलेगा का भ्रम बना रहता है। इस चक्कर में शादी की उम्र निकल जाती है। 30-35 वर्ष की उम्र में व्यक्ति अपने करियर में स्थापित हो चुका होता है। उसकी आदतें बन चुकी होती हैं, सोच परिपक्व हो चुकी होती है और सबसे जरूरी 'समझौता' करने की लचीलापन कम हो जाता है। पहले 22-25 की उम्र में शादी होती थी तो पति-पत्नी साथ-साथ बड़े होते थे।

एक दूसरे की कमियों को ढालते थे, लेकिन अब दो पूरी तरह से बने-बनाए लोग एक छत के नीचे आते हैं। दोनों को लगता है मैंने इतनी मेहनत की है, मैं ही क्यों झुकूं? छोटी-छोटी बातों पर अहंकार टकराता है और 2-3 साल में ही रिश्ते में दरार आ जाती है। इसके साथ ही इस उम्र में जैविक दबाव भी बढ़ जाता है। माता-पिता को पोते-पोतियों की जल्दी होती है। जबकि कपल अभी अपना जीवन जीना चाहता है। इसी खींचतान में मतभेद गहरे होते जाते हैं और दबाव से गुजरते रहते हैं।

**सामाजिक और मानसिक परिणाम**

जब विवाह सफल नहीं होता तो सबसे बड़ा नुकसान मानसिक स्वास्थ्य का होता है। 35 की उम्र में तलाक के बाद दोबारा शादी के विकल्प बहुत सीमित हो जाते हैं। समाज का ताना, अकेलापन और 'मैंने गलत निर्णय लिया' का अपराध बोध व्यक्ति को डिप्रेशन में धकेल देता है। कई केस में यह स्थिति तो सुसाइड तक पहुंच जाती है।

माता-पिता के लिए तब यह सबसे बड़ा दुखद समय होता है। उन्होंने बेटे-बेटी को पढ़ाया-लिखाया ताकि बुढ़ापे का सहारा बने, लेकिन अंत में वे अकेले रह जाते हैं। उनके 'कुल का दीपक' चलाने की चाहत अधूरी रह जाती है। घर में सन्नाटा और ताने-बाने का टूटना पूरे परिवार को प्रभावित करता है।

**आधुनिक सोच बनाम पारंपरिक अपेक्षा**

आज की बहू-बेटियां स्वतंत्र हैं। वे नौकरी करना चाहती हैं, अपने निर्णय लेना चाहती हैं। यह गलत नहीं है, लेकिन टकराव तब होता है जब परिवार की अपेक्षा 'घर संभालो' और बहू की अपेक्षा 'करियर भी संभालूंगी' आमने-सामने आती हैं। पहले संयुक्त परिवार में ये संतुलन अपने आप बन जाता था, लेकिन अब न्यूक्लियर परिवार में दोनों को ही सब करना पड़ता है, जिससे तनाव बढ़ता है। लड़के भी अब सिर्फ कमाने वाली मशीन नहीं बनना चाहते। वे भी घर के काम में बराबरी चाहते हैं, लेकिन वर्षों से चली आ रही सोच एक दिन में नहीं बदलती। इसी खाई में रिश्ते घुटते हैं।

इसका मतलब यह नहीं कि शिक्षा और करियर छोड़ दिए जाएं, लेकिन संतुलन तो जरूरी है। विश्लेषक मानते हैं कि समय की समझ को समझना होगा। शादी,कैरियर और परिवार पर सकारात्मक सोच को लेकर चलना होगा। 25-28 की उम्र शादी के लिए जैविक और मानसिक रूप से सबसे उपयुक्त मानी जाती है। कैरियर के साथ-साथ जीवन साथी की तलाश भी शुरू होनी चाहिए। 'परफेक्ट' के चक्कर में 'अच्छे' को न छोड़ें। अपेक्षाएं कम करें। न लड़का 6 फुट, करोड़पति और शेफ हो सकता है, न लड़की एकदम सुंदर, पढ़ी-लिखी और घरेलू। रिश्ते समझौते से चलते हैं, चेकलिस्ट से नहीं। शादी से पहले काउंसलिंग जरूरीः पति-पत्नी को शादी से पहले एक दूसरे की अपेक्षाओं, परिवार, बच्चों और करियर को लेकर खुलकर बात करनी चाहिए। माता-पिता को भी यह समझना होगा कि अब समय बदल गया है। बहू से 24 घंटे घर की उम्मीद करना और बेटे से केवल पैसा मांगना ठीक नहीं। दोनों को स्पेस देना होगा और मानसिक स्वास्थ्य पर भी बात करनी चाहिए। यदि रिश्ते में दिक्कत आए तो तलाक ही आखिरी रास्ता नहीं है। काउंसलर की मदद ली जा सकती है। सुसाइड कोई समाधान नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि शिक्षा और नौकरी जीवन को बेहतर बनाते हैं, लेकिन जीवन का उद्देश्य नहीं हैं। जीवन का उद्देश्य है - संबंध, परिवार और मानसिक शांति है। यदि हम करियर की दौड़ में जीवन को ही भूल जाएंगे तो सफलता के बावजूद हम खाली रह जाएंगे। समाज, परिवार और युवाओं तीनों को बैठकर बीच का रास्ता निकालना होगा। न तो पुराने जमाने की तरह 18 साल में शादी ठीक है, न ही 35 के बाद 'जब मन करेगा' वाली सोच। समय के साथ चलना जरूरी है, लेकिन समय को पूरी तरह नजरअंदाज करना खतरनाक है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं सम्पादकीय कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### शहर के सभी वार्डों की समस्याओं से अब रूबरू होगी कांग्रेस



फतेहपुर। अब शहर कांग्रेस द्वारा पूरे नगर क्षेत्र की पदयात्रा कर वार्डों में व्याप्त समस्याओं से रूबरू होते हुए उनके निराकरण हेतु अधिकारियों से मिलकर उचित ढंग से उनका निस्तारण कराया जाएगा। उक्त बात की जानकारी देते हुए शहर अध्यक्ष कांग्रेस व सभासद नगर पालिका मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि वह पिछले बीस सालों से नगर पालिका का सभासद रहते हुए अपने वार्ड अहमद गंज में पालिका से संबंधित कभी कोई समस्या नहीं उत्पन्न होने दी इसके साथ ही अन्य वार्डों की समस्याओं के बाबत भी वह समय समय पर आवाज उठाते हुए उसके निराकरण का हर संभव प्रयास किया है उसी क्रम में अब वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ पूरे नगर क्षेत्र की पदयात्रा कर वहां की समस्याओं को सूचीबद्ध कर उनका निस्तारण करने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सबसे पहले आवश्यक है कि नगर वासियों को पीने हेतु शुद्ध जल मिले जिसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें भी अवगत कराया है जिसमें उन्होंने जल्द कार्यवाही होने का आश्वासन भी दिया है। इसके अतिरिक्त श्रावण मास शुरू होने के पहले ही पदयात्रा में सफाई आदि का भी अवलोकन किया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को असहज महसूस न हो।

### पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में की वर्चुअल जनसुनवाई

**फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश**



महोबा, समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

### घर में फांसी लगाकर 57 वर्षीय वृद्ध ने की आत्महत्या

माधौगढ़ (जालौन)। माधौगढ़ कस्बे के मालवीय नगर उत्तरी स्थित चितौरा रोड पर मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 57 वर्षीय वृद्ध का शव घर के छप्पर के नीचे साफी के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मालवीय नगर उत्तरी निवासी रामस्वरूप वर्मा (57) पुत्र नथू अविवाहित थे और अपने भतीजे जितेंद्र वर्मा के साथ रहते थे। वह चितौरा बस स्टैंड पर अंडे की ठेली लगाकर अपना जीवनयापन करते थे। परिजनों के अनुसार, उन्हें शराब पीने की लत थी। बताया गया कि सोमवार रात वह ठेली से घर लौटे और शराब के नशे में खाना खाने के बाद छप्पर के नीचे खटिया पर सो गए। वहीं, उनका भतीजा जितेंद्र व उसकी पत्नी सत्रो कमरे में सोने चले गए। रात में किसी समय रामस्वरूप ने साफी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह जब परिजनों की नजर उन पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। वृद्ध ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**छात्र संसद एवं कन्या भारती का गठन**

# जिलाधिकारी ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



देश की लोकतांत्रिक प्रणाली का अनुसरण करते हुए विद्या भारती के समस्त विद्यालय अपने यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित करने हेतु छात्र संसद एवं कन्या भारती का गठन करते हैं इसी क्रम में आज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेजमें नवगठित मंत्री परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने आए हुए अतिथ महानुभावों का परिचय कराया एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के अंग्रेजी संवर्ग की की व्यवस्था प्रमुख आचार्या भावना सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली अतिथ महानुभावों की उपस्थित हमें गौरवान्वित महसूस करा रही है। प्रमुख रूप से छात्र संसद में प्रधानमंत्री पद हेतु भैया अनुकल्प त्रिपाठी एवं कन्या भारती में प्रधानमंत्री पद हेतु बहन अविका त्रिपाठी का निर्वाचन हुआ। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री पद पर निर्वाचित भैया-बहन का बैज अलंकरण कर सम्मानित किया तत्पश्चात समस्त मंत्री परिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित छात्र सांसदों से कहा कि यदि हमें आत्मविश्वास है तो कोई भी लक्ष्य हमारे लिए मुश्किल नहीं है और हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसीलिए हमें पूरे मनोयोग के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करने चाहिए सफलता हमें निश्चित प्राप्त होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा सदस्य विक्रम सिंह द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है हमें इन अधिकारों को समझना चाहिए और इनका सदुपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग के विभाग प्रचारक शिव शंकर भाई साहब भी उपस्थित रहे उन्होंने भी बच्चों को अपना आशीर्वचन प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य राजकुमार एवं विद्यालय के समस्त भैया बहन आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में कन्या भारती प्रमुख आचार्य रेखा सिंह ने सभी आगन्तुक महानुभावों का आभार प्रकट किया इसके उपरांत वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## अपना दल (एस) अल्पसंख्यक मंच की बैठक संपन्न




**फतेहपुर।** अल्पसंख्यक मंच की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच मोहम्मद उस्मान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल मौजूद रहे। वहीं बैठक में अल्पसंख्यक मंच की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें ममनून खान को जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद रफीक जिला उपाध्यक्ष, सैयद उवैस नौशाद खान, अब्दुल्ला शाहनवाज, राहुल, विनय, नौशाद, राजू सदस्य जिला कार्यकारी बनाए गए। वहीं जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल द्वारा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच मोहम्मद उस्मान को निर्देश दिए गए कि अपनी कार्यकारणी जल्द से जल्द पूरी करें। वहीं जनसुनवाई में जिला उपाध्यक्ष पदम पटेल द्वारा की गई एवं उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से संपर्क कर आए हुए फरियादी को कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर समीक्षा बैठक में पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पप्पू वर्मा मीडिया सचिव, पदम सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष, विपिन कौशल जिला अध्यक्ष आई. टी. दीपू पटेल जिलाध्यक्ष श्रमिक मंच, मनमोहन खान जिला उपाध्यक्ष, लइक अहमद जिला सचिव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल के नेतृत्व में जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस दौरान इन लोगों ने विकास भवन पहुंचकर किसानों की समस्याओं के बाबत प्रदर्शन किया और ज्ञापन प्रेषित किया जिसमें इन लोगों ने कहा की कृषि कार्य हेतु निशुल्क बिजली तथा सभी घरेलू एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को 300 यूनिट निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जाए। बिजली बिल 2025 स्मार्ट मीटर व्यवस्था एवं बिजली निजीकरण की प्रक्रिया वापस ली जाए। मनरेगा के अंतर्गत 200 दिन का रोजगार तथा न्यूनतम 700 प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित की जाए। डीएपी यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सब्सिडी बहाल की जाए तथा कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक उत्तम, देवनारायण पटेल, मुन्ना शेख, दिनेश शुक्ला, सुरेंद्र पटेल, नागेंद्र यादव, गिरजा शंकर मिश्र, जितेंद्र पटेल, हीरालाल, अजीत उत्तम, यदुनंदन आर्य, कामता निषाद, शिव प्रसाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद भी नहीं सुधरी देवकली मार्ग की हालत

- कीचड़ में तब्दील सड़क से ग्रामीणों का आवागमन दूभर

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



तहसील कालपी के कालपी-मंगरौल संपर्क मार्ग से देवकली जाने वाला मार्ग इन दिनों बदहाली की चरम सीमा पर पहुंच गया है। लगातार हो रही बारिश के बाद यह सड़क पूरी तरह कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बेहद कठिन और जोखिम भरा हो गया है। हालत यह है कि दोपहिया वाहन, ई-रिक्शा और यहां तक कि पैदल चलने वाले लोग भी फिसलने और गिरने को मजबूर हैं। सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार जिला व स्थानीय प्रशासन एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। सोमवार व मंगलवार को सामने आई तस्वीरों में सड़क की भयावह स्थिति साफ दिखाई दे रही है। पूरे मार्ग पर गहरा कीचड़, पानी से भरे गड्ढे और फिसलन के कारण वाहन बार-बार फंस रहे हैं। ग्राम प्रधान देवकली बालसिंह निषाद, प्रधान हीरापुर उमाशंकर निषाद, पूर्व प्रधान उमाशंकर निषाद देवकली, ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग से लंबे समय से ओवरलोड मौरंग और गिट्टी से भरे भारी वाहन गुजरते रहे हैं, जिसके कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों का आना-जाना होता है। स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में भारी दिक्कत होती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी एवं प्रधान, प्रशासक पवनदीप निषाद पत्रकार ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सड़क के तत्काल निर्माण एवं मरम्मत की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि कालपीदूमगरौल संपर्क मार्ग से देवकली मार्ग पूरी तरह गड्ढों और कीचड़ से भर चुका है। उन्होंने प्रशासन से सड़क का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कराने तथा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। इस सबंध में महेन्द्र सिंह अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग तृतीय से दूरभाष से हुई वार्ता में बताया की उक्त मार्ग में बड़े वाहन निकलने से उक्त सड़क जर्जर हुई है उसी को मद्देनजर रखते हुये निरिक्षण कराकर कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजी जाएगी स्वीकृति मिलने पर कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

## दो हत्यारों को न्यायालय ने सुनायी आजीवन कारावास की सजा

- न्यायालय द्वारा रुपया 10-10 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के दृष्टिगत शंशाक सिंह पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप ए.एस.जे./एफ.टी.सी. महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत वादी के भाई की गला दबाकर हत्या करने वाले 2 आरोपी अभियुक्तगण को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व रुपया 10-10 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। थाना कुलपहाड़ में पंजीकृत मु.अ.सं. 252/2019 धारा 302/34 भादवि से सम्बंधित अभियुक्तगण काशीराम पुत्र स्व. मोहनलाल अनुरागी व विमला रानी पत्नी काशीराम अनुरागी निवासीगण मु. सेनापत वार्ड नं.-2 कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को दण्डित किया गया है। बताया है कि प्रकरण की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ अभिमन्यु यादव द्वारा संपादित की गई न्यायालय में लोक अभियोजक सुरेन्द्र राजपूत द्वारा प्रभावी पैरवी तथा पैरोकार आरक्षी वीरेन्द्र कुमार के समन्वित प्रयासों से अभियुक्त को दोषसिद्ध कराते हुए दण्डित कराया गया।

## जनपद में क्षेत्राधिकारी अपराध द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का किया सघन निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान तैनात पुलिस बल की ड्यूटी, वाहन पार्किंग एवं सीसीटीवी कैमरों आदि का लिया जायजा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी अजय पाल द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसर में तैनात पुलिस बल की ड्यूटी, प्रवेश/निकास बिंदुओं की सुरक्षा व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, आगंतुकों की निगरानी, वाहन पार्किंग व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का गहनता से जायजा लिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक आगंतुक की समुचित जांच सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्यवाही की जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए।क्षेत्राधिकारी द्वारा न्यायालय परिसर में आने वाले वादकारियों एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बताया है कि जनपद पुलिस द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतत निगरानी रखी जा रही है एवं किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## एआरटीओ ने अनियमित्तायें मिलने पर तीन डबल डेकर/स्लीपर बसों पर की कार्रवाई

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के पनवाड़ी क्षेत्र में परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रही तीन डबल डेकर/स्लीपर बसों पर बड़ी कार्रवाई की। एआरटीओ टीम ने पनवाड़ी बाईपास स्थित एकता ढाबा, राठ तिराहा और कस्बा पनवाड़ी में बसों को रोककर उनके दस्तावेज, परमिट, फिटनेस और अन्य अभिलेखों की जांच की। जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर बसों का चालान किया गया और उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए पनवाड़ी थाने में खड़ा करा दिया गया।

बताया गया कि ये बसें इंदौर, भोपाल और दिल्ली के लिए संचालित हो रही थीं। कार्रवाई के दौरान बसों में सवार यात्रियों को बीच रास्ते में ही उतरना पड़ा, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री घंटों तक सामान के साथ सड़क किनारे खड़े रहे। यात्रियों का आरोप है कि उन्हें न तो तत्काल किराया वापस किया गया और न ही गंतव्य तक पहुंचने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। हालांकि बस चालक और परिचालकों का कहना है कि ऑनलाइन टिकट बुक कराने वाले यात्रियों का रिफंड नियमानुसार ऑनलाइन कर दिया जाएगा। एक यात्री ने बताया कि उसे अपने बीमार पिता के इलाज के लिए तत्काल भोपाल जाना था, लेकिन बस पकड़े जाने से उसकी यात्रा अधूरी रह गई।

हम लोग भोपाल और इंदौर जाने के लिए टिकट लेकर बैठे थे। बीच रास्ते बस रोक दी गई। हमें न दूसरी बस मिली, न किराया वापस मिला।

एआरटीओ दयाशंकर का कहना है कि अभियान के तहत तीन डबल डेकर/स्लीपर बसों की जांच की गई। अनियमितताओं के चलते कार्रवाई की गई है। प्रदेश भर में यह अभियान जारी है और बिना फिटनेस या नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन को बख्शा नहीं जाएगा।

### दबंग को आम रास्ता बंद करने से रोका तो मिली धमकियां

उरई (जालौन)। प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि गाटा संख्या 473 जो कि लोनिवि की भूमि पर नाला एवं दीवाल बनाकर आम रास्ता को बंद कर उस पर अतिक्रमण किया जा रहा है जब उन्हें ऐसा करने से रोका तो वह तरह-तरह की धमकियां देकर मौके से भगा दिया। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड को अजय कुमार पुत्र श्याम सुंदर पूर्व विधायक निवासी सूर्य नगर उरई द्वारा मुस्तारआम प्रदीप कुमार पुत्र गोविंद बल्लभ गुप्ता निवासी विजय नगर ने देते हुये बताया कि मोहल्ला नया पाठकपुरा उरई में गाटा संख्या 475 व लोनिवि मार्ग पर राधेश्याम विश्वकर्मा पुत्र रामभरोसे निवासी नया पाठकपुरा उरई जबरन अवैध नाला पर दीवाल बनाकर आम रास्ते पर मिट्टी डालकर जबरन कब्जा कर आम रास्ते को बंद कर दिया।

## बरसात में सड़क पर नहीं दिखना चाहिए एक भी निराश्रित गोवंश: डीएम

- मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अधिक से अधिक गोवंश सुपुर्दगी के निर्देश
- गोशालाओं में चारा, पानी व साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो सुनिश्चित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जनपद में गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार से वर्चुअल बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नोडल अधिकारी (जिला विकास अधिकारी) को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में जनपद की किसी भी सड़क पर एक भी निराश्रित गोवंश दिखाई नहीं देना चाहिए। यदि कहीं भी गोवंश सड़क पर घूमता मिला तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गौशालाओं का मर्जर किया गया है, वहां समस्त गोवंशों का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी गोवंश गौशाला से बाहर न निकलने पाए। सभी गौशालाओं में नियमित साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, हरे चारे, भूसे, चना, चोकर सहित अन्य आवश्यक पशु आहार की पर्याप्त उपलब्धता हर समय बनी रहे, जिससे गोवंशों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि 20 जुलाई से 3 अगस्त तक संचालित मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र कृषकों को गोवंश सुपुर्द किए जाएं, जिससे निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को और मजबूती मिल सके। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत अब तक सुपुर्द किए गए सभी गोवंशों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, समस्त उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अजनारी-बड़ेरा की गौशाल को जल्द कराया जाये दुरुस्त

उरई। ग्राम पंचायत अजनारी-बड़ेरा की प्रशासक साधना ने जिलाधिकारी को संबोधित दिए गये शिकायती पत्र में बताया कि गौशाला में लगे टीनशैड आंधी के चलते उड़ गये थे। इसके बाद गांव की गौशाला कुसमिलिया में मर्जर कर दिया गया था। गांव की गौशाला बंद होने से गांव में बड़ी संख्या में आवारा गौवंश हो गये जिससे वह फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने डीएम से गांव में गौशाला जल्द संचालित कराने के लिये आंधी में उड़े टीनशैड को पुनः लगवाये जाने की मांग की है ताकि गांव के किसानों को सुरक्षित रखा जा सके।

## थाना रामपुरा पुलिस ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को थाना रामपुरा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर थाना प्रभारी शिव प्रकाश ने पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। उनके साथ एस.एस.आई. सुभाष चन्द्र सहित अनेकों पुलिस कर्मियों में विपिन यादव एवं रजनीश ने भी पौधे लगाए। थाना रामपुरा के अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण का आधार हैं। वृक्षारोपण से प्रदूषण कम करने में सहायता मिलती है। पौधों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया गया। पुलिस विभाग समय-समय पर सामाजिक कार्यों में भागीदारी करता रहता है। इस अभियान से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपने आसपास पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में सभी उपस्थित कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प दोहराया।

# 9.02 करोड़ से हुआ लघु सेतु व डामर मार्ग निर्माण का शिलान्यास



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड बनीकोडर के अंतर्गत ग्राम बाजपुर-पाराहाजी संपर्क मार्ग पर लगभग 02 करोड़ की लागत से बनने वाले लघु सेतु तथा पूरे जोगा (जयचंदपुर) से पूरे गोबरे तक डामर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में बेहतर सड़क और पुल निर्माण के माध्यम से विकास की नई इबारत लिख रही है। उन्होंने कहा कि बाजपुर-पाराहाजी संपर्क मार्ग पर बनने वाला लघु सेतु वर्षों से क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकता था। इसके निर्माण से दो विधानसभा क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा। साथ ही व्यापार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने लोगों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने तथा विकास कार्यों में सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिवाकर विक्रम सिंह उर्फ पिंकू सिंह ने राज्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र के नागरिक वर्षों से इस पुल और सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे।

> ▸ मार्ग निर्माण से दो विधानसभा क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम और होगा सुरक्षित

राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के अथक प्रयासों और सरकार की सकारात्मक पहल से आज यह सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, जिला महामंत्री पवन सिंह रिंकू, जिला मंत्री रुपेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, नीरज सिंह, बाबा परमेन्द्र विक्रम सिंह, दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, राकेश लोधी, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह वर्मा, देवेन्द्र प्रताप सिंह, उमेश मिश्रा, राहुल सिंह, अवधेश मिश्रा, कमलेश वर्मा, संतोष कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूरी होने पर आवागमन की वर्षों पुरानी समस्या समाप्त होगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# जन समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिले व्यापारी

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, इकाई डलमऊ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नवागंतुक उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह से शिष्टाचार भेंट कर शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए कस्बे की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने बताया कि मुराई बाग से गंगा पुल होते हुए फतेहपुर जाने वाला मार्ग पूरी तरह जर्जर स्थिति में है व्यापारियों ने इस जर्जर मार्ग की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

व्यापारियों ने बताया कि डलमऊ फतेहपुर मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जो जलाशय में तब्दील हो चुके है। जिसके कारण आए दिन भारी वाहन फंस जाते हैं,और घंटों जाम लगा रहता है तथा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। खराब सड़क और जम के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों, राहगीरों और व्यापारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार शिकायत के बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की। उपजिलाधिकारी ने व्यापारियों को संबंधित विभाग से आवश्यक कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य सरयू प्रसाद सोनकर राजेंद्र वैश्य शाहिद मोहित द्विवेदी विनेश गुप्ता संदीप अग्रहरि आशीष जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली की शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, हजारों का सामान राख




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के चौकी इस्लामपुर मे मंगलवार दोपहर एक घर मे बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई । इस अग्निकांड के दौरान घर में रखा हजारों रुपए की नगदी सहित गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व राजस्व टीम ने मौके की जांच की हल्का लेखपाल सनीकांत ने बताया कि मौके पर क्षति का आकलन कर लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। गांव निवासी मोहम्मद शकील के घर पर मंगलवार दोपहर लगभग 12:00 बजे बिजली की शॉर्ट सर्किट से उस समय आग लग गई जब परिजन घर के बाहर दरवाजे पर बैठे हुए थे। आग लगने की जानकारी घर वालों को तब हुई जब घर के अंदर से आग की तेज लपटे उठने लगी। जिसके बाद आनन फानन मे एकत्रित हुए ग्रामीणों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में रखा फ्रिज,कूलर, वाशिंग मशीन, बेड , अलमारी, सिलाई मशीन, कपड़े ,मोबाइल फोन के अलावा बैग में रखे 14000 रुपए नगद जलकर नष्ट हो गए।

# प्रधानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, विकास कार्य करने की मांगी अनुमति

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



विगत दो माह से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को पुनः चालू कराने को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रशासक को तत्काल विकास कार्य कराने की अनुमति देने की मांग की।

बताते चले कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में देरी के चलते शासन ने गत 25 मई को निवर्तमान ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को आगामी 6 माह को बढ़ाते हुए प्रशासक नियुक्त किया है तथा बगैर जिलाधिकारी की अनुमति से विकास कार्यों पर रोक लगा दी है दो माह का समय बीतने को है लेकिन उन्हें विकास कार्य कराने की स्वीकृति नहीं मिली है। इसके चलते गांवों में सड़क, नाली, जल निकासी, ह्यूम पाइप, सार्वजनिक शौचालय सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। नालियों की सफाई, रास्तों की मरम्मत और जल निकासी जैसे जरूरी कार्य अनुमति के अभाव में शुरू नहीं हो पा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में तैयार कर ब्लॉकों को भेजी गई कार्ययोजनाएं भी स्वीकृति के अभाव में वापस हो रही है।

संगठन ने जिलाधिकारी से जनहित को देखते हुए प्रशासक बनाए गए निवर्तमान ग्राम प्रधानों को तत्काल विकास कार्य कराने की अनुमति देने तथा लंबित कार्ययोजनाओं को मंजूरी देकर धनराशि जारी करने की मांग की है ताकि बरसात के दौरान ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस दौरान प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, नीरज कुमार, प्रशासक अर्शीन बानो, सहित जिले के दर्जनों प्रशासकों एवं संगठन पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी से कार्य कराए जाने की अनुमति देने की मांग की है।

# पत्रकार की पत्नी के असामयिक निधन पर पत्रकारों में शोक



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा मसौली के मोहल्ला कटरा निवासी एवं हिंदुस्तान समाचार पत्र के संवाददाता राकेश सैनी उर्फ मोनू सैनी की पत्नी के आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि राकेश सैनी की पत्नी पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थीं और उनका इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा था। सोमवार की मध्यरात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के पत्रकारों शुभचिंतकों और परिचितों में शोक व्याप्त हो गया। मंगलवार को ग्राम मलौली स्थित कल्याणी नदी पुल के निकट पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय विधायक गौरव रावत, शकील सिद्दीकी, रिजवान संजय, प्रधान प्रतिनिधि मुईन वारिस अंसारी, पत्रकार संघ अध्यक्ष नूर मोहम्मद समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पर्यटकों की सुविधा के लिए पथ-वे किए जाएं विकसित : डीएम

> ▸ नगरीय निकाय एवं डूडा योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकाय एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण, पर्यटन विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ बनाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के समस्त नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय विशेषताओं के अनुरूप थीम आधारित पार्क विकसित किए जाएं, जिससे नागरिकों को बेहतर मनोरंजन एवं हरित वातावरण उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने नगरों की सुंदरता एवं आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख भवनों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर फसाड लाइटिंग कराए जाने, शहर की दीवारों पर स्थानीय संस्कृति, विरासत एवं जनजागरूकता पर आधारित वाल पेंटिंग कराने तथा प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से नगरीय क्षेत्रों की पहचान मजबूत होगी और स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण का निर्माण होगा। बैठक में डलमऊ को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख मंदिरों में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था की जाए, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए पाथवे विकसित किए जाएं तथा पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, संकेतक बोर्ड एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर विकसित की जाएं, ताकि डलमऊ को एक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। प्रत्येक परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, जनपद की समस्त नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंगूठा नहीं लग रहा तो खाद जा कहां रही? समितियों पर उठे सवाल

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों पर यूरिया वितरण व्यवस्था सवालों के घेरे में है। पिछले एक सप्ताह से ई-पॉश (बायोमेट्रिक) मशीनों में तकनीकी खराबी के कारण किसानों के अंगूठे नहीं लग पा रहे हैं। इसके चलते सैकड़ों किसान रोज समितियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रही। जिले में सर्वर और ई-पॉश मशीनों की समस्या से किसानों के प्रभावित होने की खबरें भी सामने आई हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन ही नहीं हो रहा, तब समितियों के स्टॉक में दर्ज यूरिया आखिर जा कहां रही है? किसानों का कहना है कि यदि संबंधित विभाग समितियों के स्टॉक रजिस्टर, वितरण रिकॉर्ड और उपलब्ध खाद का भौतिक सत्यापन कराए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। किसानों ने आरोप लगाया कि कई समितियों पर सचिव मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। सुबह से लाइन में लगे किसानों को घंटों इंतजार के बाद यह कहकर लौटा दिया जाता है कि मशीन या सर्वर काम नहीं कर रहा है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार पलटी, दो घायल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर सोमवार शाम बारिश के दौरान तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज गति से जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बारिश के कारण सड़क फिसलन भरी थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। गनीमत रही कि हादसे के समय एक्सप्रेस–वे पर यातायात अपेक्षाकृत कम था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही बाजार शुकुल थाना पुलिस और यूपीडा की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। यह हादसा बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के 67 किलोमीटर प्वाइंट के पास हुआ। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह बारिश के चलते सड़क पर फिसलन और तेज रफ्तार मानी जा रही है।

## नवागत एसडीएम ने संभाला कार्यभार, की बैठक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को तहसील गौरीगंज में नवागत उप जिलाधिकारी दीक्षा श्रीवास्तव ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उपजिलाधिकारी ने तहसील सभागार में अधिवक्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजस्व एवं न्यायिक मामलों के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण को अपनी प्राथमिकता बताया। एसडीएम दीक्षा श्रीवास्तव ने कहा कि धारा 124 हकबरारी और धारा 116 बंटवारा सहित सभी लंबित राजस्व वादों तथा पुरानी फाइलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को किसी प्रकार की समस्या हो तो वह सीधे उनसे मिलकर अपनी बात रख सकता है। वहीं अधिवक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन की भावनाओं और हितों को सर्वोपरि रखते हुए सभी समन्वय के साथ कार्य करें।

## उप्र राज्य महिला आयोग की महिला जनसुनवाई आज

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य अंजू प्रजापति द्वारा 22 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे डीआरडीए सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर, बाराबंकी में महिला जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाराबंकी ने बताया कि महिला जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं प्रकरणों की सुनवाई कर उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक अभिलेखों एवं विभागीय आख्या सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सदस्य अंजू प्रजापति का जनपद आगमन प्रातः 9:00 बजे निरीक्षण भवन, बाराबंकी में होगा। इसके उपरांत पूर्वाह्न 11:00 बजे डीआरडीए सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में महिला जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के उपरांत अपराह्न 2:00 बजे से 3:00 बजे तक उनका आरक्षित कार्यक्रम निरीक्षण भवन में प्रस्तावित है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने योगेश्वर धाम मंदिर में स्थापित कराया कपि वन




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी की उपस्थिति में नगर क्षेत्र स्थित योगेश्वर धाम महादेव मंदिर परिसर में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान 2026-27 के अन्तर्गत कपि वन की स्थापना की गयी। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण जैव विविधता संवर्धन एवं वन्य जीव संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। कपि वन की स्थापना का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ जैव विविधता को बढ़ावा देना तथा प्राकृतिक पारीस्थितिकी तंत्र के संरक्षण में जन सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। अभियान के तहत चेयरमैन द्वारा बेल, रेंजर रामचन्द्र द्वारा पीपल एवं कर्मचारियों,स्थानीय जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिको द्वारा 25 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर विवेक सिंह वन दरोगा अनुज सिंह व विवेक कुमार यादव,रामबिलास सिंह माली एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के संकल्प के साथ किया गया।

# भैंस व सोलर पैनल चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

> ▸ आरोपियों के कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस, 32,200 रुपये, पिकअप, चाकू, पेंचकश और प्लायर किए गए बरामद



**गौरीगंज,अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत मंगलवार भोर में गौरीगंज थाना क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश घायल हो गया और उसके तीन साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार चारों आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस टीम को सूचना मिली कि रोहसी खुर्द के पास एक पिकअप वाहन में संदिग्ध लोग घूम रहे हैं। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी भागने लगे। इस दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी अख्तर हुसैन उर्फ राजू घायल हो गया, जबकि तीन अन्य आरोपियों को मौके से पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, चोरी की वारदात से जुड़े 32,200 रुपये, फर्जी नंबर प्लेट लगी पिकअप, तीन रस्सियां, टॉर्च, चाकू, पेंचकश और प्लायर बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में लोनियन का पुरवा से भैंस और पड़वा चोरी कर बेचने तथा बासूपुर और अत्तानगर पंचायत भवनों से सोलर पैनल चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस का दावा है कि आरोपी मंगलवार को भी भैंस चोरी करने की नीयत से निकले थे। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बंद मकान से चोरों ने लाखों के जेवर व नकदी की पार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत कासिमपुर परवेजपुर गांव में अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस वारदात से गांव में दहशत का माहौल है, जबकि ग्रामीणों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी नरेंद्र यादव पुत्र विंध्याचल यादव के घर में बीती रात चोर पीछे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने घर में रखे धनराजा यादव के करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपये नकदी सहित चोरी कर ली। सुबह परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल यूपी-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पीड़ित परिवार ने जगदीशपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर जल्द खुलासे की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## गौरीगंज में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, हटाईं अवैध गुमटियां

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय गौरीगंज पर प्रशासन द्वारा मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एआरटीओ, बीएसए और डीआईओएस कार्यालय के सामने सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। लोक निर्माण विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन चलाकर सड़क किनारे रखी गई अनधिकृत गुमटियों और अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटाया है। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रशासन के अनुसार सरकारी कार्यालयों के सामने अवैध गुमटियों और अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था। इससे आम लोगों के साथ-साथ कार्यालय आने जाने वाले कर्मचारियों और फरियादियों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# सीईओ ने महिला अस्पताल व सीएम मॉडल स्कूल का किया निरीक्षण



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर मातृ स्वास्थ्य सेवाओं, ऑनलाइन डेटा फीडिंग और संस्थागत प्रसव की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद परसेण्डी ब्लॉक के खजुरिया गांव में निर्माणाधीन सीएम मॉडल स्कूल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और स्कूल तक जाने वाले मार्ग को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रावण तैयारियों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने नैमिषारण्य स्थित देवदेवेश्वर मंदिर का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्राएं सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराई जाएं तथा शिव मंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगातार संचालित रहें और कंट्रोल रूम से उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिलाधिकारी ने पार्किंग स्थलों की समुचित व्यवस्था, दिशा-सूचक संकेतक लगाने, पेयजल एवं मोबाइल शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही घाटों के आसपास साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं सूचना संकेतकों की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जिलाधिकारी ने घाटों पर पुलिस बल, गोताखोरों एवं नाविकों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा भीड़ प्रबंधन के लिए प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नैमिषारण्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोंदलामऊ से परिवार नियोजन जागरूकता अभियान शुरू, 50 गांवों में पहुंचेगी प्रचार वैन



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ से परिवार नियोजन जागरूकता अभियान के तहत 50 गांवों में प्रचार–प्रसार वैन को अधीक्षक डॉ. धीरज मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य छोटे परिवार, मातृ–शिशु स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान लोगों से परिवार नियोजन संबंधी सरकारी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। कार्यक्रम में हेमेन्द्र चौबे, डॉ. रितेश कुमार, डॉ. अर्चना, गौरव गुप्ता, मो. तारिक, रीना, अनिल व ओ.पी. सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला चिकित्सकों की कमी से अस्पताल का गायनी वार्ड वीरान





छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

▸ कोरोना काल के बाद से गायनी वार्ड में नहीं गूंजी बच्चों की किलकारी
▸ आधुनिक मशीनों से लैस है अस्पताल का गायनी वार्ड

सपा शासन काल में बना सौ शैया अस्पताल भले ही दस साल का सफर पूरा कर चुका हो, लेकिन यहां बना गायनी वार्ड पिछले लगभग छह सालों से वीरान पड़ा है, जबकि अस्पताल के गायनी वार्ड में आधुनिक मशीनों के साथ ही कई बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन अस्पताल को अभी तक एक भी गायनेकोलॉजिस्ट नहीं मिल सका है, जिसके चलते गायनी वार्ड में हमेशा सन्नाटा ही पसरा रहता है। वर्ष 2016 के फरवरी माह में सौ शैया अस्पताल की शुरूआत होते ही यहां महिला चिकित्साधिकारी डॉ.अर्चना, डॉ.ज्योति और डॉ.सुचि की तैनाती कर दी गई थी।

उस दौरान अस्पताल का गायनी वार्ड धीरे-धीरे शुरू होता, उससे पहले ही चिकित्सकों की ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू हो गई। अस्पताल से सबसे पहले डॉ.अर्चना का ट्रांसफर हो गया। इसके बाद वर्ष 2022 में डॉ.ज्योति का भी ट्रांसफर हो गया। हालांकि कुछ महीनों के लिए यहां डॉ.तनुप्रिया ने भी अपनी सेवाएं दी, लेकिन उनका भी ट्रांसफर हो जाने से अब यहां महज महिला चिकित्साधिकारी डॉ.सुचि और एनेस्थेटिक डॉ.आकांक्षा ही बची थी, लेकिन पिछले दिनों एनेस्थेटिक डॉ.आकांक्षा का भी ट्रांसफर हो गया। अस्पताल में एक भी गायनी सर्जन न होने के कारण अस्पताल का गायनी वार्ड पूरी तरह वीरान पड़ा हुआ है। यहां लगी आधुनिक मशीनें महज शोपीस बनी हुई है। यदि अस्पताल में महिला चिकित्सकों की संख्या बढ़ जाए और एक महिला सर्जन मिल जाए, तो अस्पताल का गायनी वार्ड भी अपनी रफ्तार पकड़ सकता है।

**गायनी वार्ड के लिए सर्जन की ज्यादा आवश्यकता**

छिबरामऊ। चिकित्सकों की मानें, तो गायनी वार्ड के लिए गायनी सर्जन होना बहुत आवश्यक है। आपरेशन के दौरान उनकी काफी जरूरत पड़ती है। पूरी तरह गायनी वार्ड चलाने के लिए कम से कम दो महिला सर्जन और दो फिजीशियन होने चाहिए।

**महिला अस्पताल में रहती आपाधापी की स्थिति**

छिबरामऊ। सौ शैया अस्पताल में यदि गायनी वार्ड पूरी तरह शुरू हो जाए, तो राजकीय महिला अस्पताल का लोड कुछ हद तक कम हो सकता है। महिला अस्पताल में प्रतिदिन कम से कम एक दर्जन से भी अधिक डिलीवरी केस किए जाते हैं। ऐसे में यहां आपाधापी की स्थिति बनी रहती है। यदि सौ शैया अस्पताल में भी डिलीवरी केस होना शुरू हो जाएं, तो काफी राहत मिल सकती है।

**लगभग छह साल पहले हुए 59 डिलीवरी केस**

छिबरामऊ। सौ शैया अस्पताल प्रशासन की मानें तो, पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में जून से लेकर मार्च माह तक कुल 59 डिलीवरी केस कराए गए थे, लेकिन उसके बाद से अस्पताल का गायनी वार्ड वीरान पड़ा हुआ है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

अस्पताल में कोई भी गायनीकोलॉजिस्ट नहीं है और न ही कोई बाल रोग विशेषज्ञ व एएनएम-जीएनएम है, जिसकी वजह से डिलीवरी सुविधा नहीं शुरू हो पा रही है। हालांकि शासन को डिमांड लेटर भेजा जा चुका है। जैसे ही विशेषज्ञ उपलब्ध कराए जाते हैं, सौ शैया अस्पताल में डिलीवरी सुविधा भी शुरू करा दी जाएगी।

# वाहन की टक्कर से किसान की मौत, परिवार में कोहराम

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सौ शैया अस्पताल में भर्ती अपने बीमार साले की तीमारदारी कर रहे किसान की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फर्रुखाबाद जनपद के थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर जुन्नारदार निवासी 40 वर्षीय बलवीर सिंह पुत्र रामप्रकाश दो दिन पहले अपने बीमार साले चंद्रभान पुत्र सोनेलाल निवासी रायपुर सिकंदरपुर को इलाज के लिए नगला दिलू स्थित सौ शैया अस्पताल लेकर आए थे। चंद्रभान की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती कर लिया गया था। सोमवार रात करीब 10-30 बजे बलवीर अपने बड़े साले मुकेश के साथ बाइक से चौहान होटल खाना खाने जा रहे थे।

सिद्ध बाबा मंदिर कट के पास बाइक से उतरकर सड़क पार करते समय पीछे से आए अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घायल बलवीर को 108 एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया, यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बलवीर किसान होने के साथ पशुपालन भी करते थे। उनके परिवार में पत्नी प्रीति देवी, माता मुन्नी देवी, तीन पुत्र आलोक, लकी, ऋषभ तथा पुत्री दिव्या हैं। घटना से पूरे परिवार में शोक व्याप्त है।

# संकुल बैठक में पठन संस्कृति पर हुई चर्चा

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



प्राथमिक विद्यालय करनौली में आयोजित मासिक संकुल बैठक में शिक्षकों के व्यवसायिक विकास, बच्चों की अधिगम कमियों को दूर करने और विद्यालय में पठन संस्कृति विकसित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रथम सत्र में प्राथमिक विद्यालय खुबरियापुर के सुगमकर्ता नीतीश कुमार ने प्रभावी शिक्षण व्यवहार के तहत 10 प्रमुख शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने कक्षा-कक्ष को अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। शिक्षकों से मासिक संकल्प भरवाए गए, जिसमें वे अगले माह के लिए अपने व्यक्तिगत सुधार के लक्ष्य निर्धारित करेंगे। द्वितीय सत्र में प्राथमिक विद्यालय सराय दायमगंज के सुगमकर्ता शुभम शर्मा ने कैच-अप शिक्षण रणनीतियाँ के तहत बच्चों के वर्तमान लर्निंग प्रोफाइल (अक्षर, शब्द, वाक्य एवं गणित) के आधार पर 4-5 समूहों में केस-स्टडी चर्चा की। शिक्षकों को कमजोर विद्यार्थियों को मुख्यधारा में लाने के लिए व्यावहारिक तरीके सुझाए गए। तृतीय सत्र में प्राथमिक विद्यालय नगला भौसे के सुगमकर्ता शिवेंद्र कुमार ने विद्यालय में पठन संस्कृति के तहत समय सारिणी में पुस्तकालय कालांश को नियमित रूप से संचालित करने पर जोर दिया। एआरपी योगेश यादव ने निपुण लक्ष्यों और हाल ही में अपडेट हुए नये निपुण प्लस ऐप में आए बदलावों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने ऐप के नए फीचर्स और इसके प्रभावी उपयोग पर शिक्षकों को जागरूक किया। बैठक में अमन दुबे, विवेक दुबे, प्रेमशंकर, उदयवीर, रवि दुबे आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# बीमारी के चलते महिला की मौत



▸ इलाज को लेकर पति और मायके पक्ष में विवाद

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज। गंभीर बीमारी के चलते विवाहिता की मौत होने के बाद मायके पक्ष ने पति व ससुराल पक्ष पर सही उपचार न करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की है। सिकंदरपुर थाने के पास निवासी पूनम देवी (पत्नी राहुल कठेरिया) की गंभीर बीमारी के चलते मौत हो जाने के बाद पति और मायके पक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। पति राहुल ने बताया कि पूनम पिछले तीन-चार माह से बीमार थीं। उनके इलाज के लिए उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार आगरा, फर्रुखाबाद, कानपुर और छिबरामऊ में उपचार कराया। इलाज का खर्च उठाने के लिए उसने अपने जेवर, भैंस और खेत तक गिरवी रख दिए, जिसकी रसीदें भी उसके पास मौजूद हैं। राहुल के अनुसार सोमवार रात वह पूनम को आगरा से डिस्चार्ज कराकर घर ला रहा था, लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सौ शैया अस्पताल ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं पूनम के पिता बाबूराम निवासी ग्राम मंदा थाना सौरिख ने आरोप लगाया कि राहुल और उसके परिवार ने उनकी बेटी का समुचित इलाज नहीं कराया, जिससे उसकी मौत हुई। इस संबंध में मायके पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। पूनम का विवाह वर्ष 2020 में राहुल कठेरिया से हुआ था और उनके दो छोटे बच्चे हैं।

# सरिया से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

▸ बच्चों बच्चों के विवाद में घायल हुई महिला की मौत का मामला

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में विशुनगढ़ पुलिस ने हत्या के आरोप में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया भी बरामद की।

पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के ग्राम खवरिया निवासी मोहिनी पत्नी अंशुल राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही रामनिवास पुत्र सोनपाल ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की सरिया से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। गंभीर रूप से घायल महिला को पहले सीएचसी छिबरामऊ, फिर जिला अस्पताल कन्नौज रेफर किया गया। हालत नाजुक होने पर उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया, वहां उपचार के दौरान रविवार को उनकी मृत्यु हो गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या) की बढ़ोतरी की। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना विशुनगढ़ पुलिस ने बलरामपुर तिराहे के पास से करीब 35 वर्षीय आरोपी रामनिवास पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम खवरिया को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया भी बरामद कर ली गई।

## खबरें एक नजर में

### शराब व बीयर ठेके से नकदी व सीसीटीवी कैमरे ले गए चोर

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर स्थित देसी शराब और बीयर के ठेके पर सोमवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुस गए और वहां रखी नकदी, बीयर की बोतलों के साथ दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। मंगलवार सुबह आसपास के दुकानदारों ने ठेके का टूटा ताला देखा तो इसकी सूचना ठेके के मालिक अमित कुमार को दी। सूचना मिलते ही मालिक मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर सिकंदरपुर चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### खेत से मिट्टी उठाने का विरोध करने पर युवक से मारपीट

छिबरामऊ, कन्नौज। थाना क्षेत्र के नगला लोटा, पोस्ट निगोह खास निवासी उजित कुमार उर्फ रवि कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर मारपीट, धमकी और खेत से मिट्टी उठाने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार सोमवार की सुबह वह अपने खेत पर गया था। वहां जेसीबी से मिट्टी खोदी जा रही थी। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। किसी तरह जान बचाकर वह घर पहुंचा तो आरोप है कि दबंग वहां भी पहुंच गए और परिवार के साथ मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि आरोपितों ने दोबारा विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी है। उसने यह भी बताया कि खेत से लगभग 10 बीघा उपजाऊ मिट्टी हटाए जाने से उसे भारी आर्थिक नुकसान होगा। पीड़िता ने थाना पुलिस से आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### स्ट्रेचर नहीं मिला तो मां के उपचार के लिए गोद में लेकर बेटा पहुंचा मेडिकल कॉलेज के वार्ड में

▸ दलालों पर पाबंदी और अवैध वसूली पर होगी जांच

तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज। अरबों रुपए की लागत से निर्मित जिले का तिर्वा मेडिकल कॉलेज बीते कुछ दिनों से सवालों के घेरे में आ ही जाता है। कहीं अव्यवस्थाओं का हावी होना, तो कहीं अवैध वसूली के लिए तो कहीं संसाधनों का समय पर उपलब्ध नहीं हो पाने से लेकर कॉलेज में दलालों की इंट्री भी कॉलेज की छवि को धूमिल कर रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज का औचक निरीक्षण करते हुए अव्यवस्थाओं को सुधारने के सख्त निर्देश मेडिकल कर्मियों को दिए। महिला को स्ट्रेचर नहीं मिलने की खबर पर भड़के प्राचार्य ने आगे से ऐसी लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी मेडिकल कर्मियों को दी है। बताते चलें कि, बिगत दिन एक महिला को एक युवक उपचार के लिए लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पता चला कि, युवक महिला का बेटा है। युवक को कॉलेज के इमरजेंसी गेट पर जब काफी समय तक स्ट्रेचर नहीं मिला तो वह अपनी मां को गोद में ही उठाकर मेडिकल कॉलेज के संबंधित वार्ड तक लेकर पहुंचा, जहां महिला का उपचार शुरू हो सका। मामले का वीडियो वायरल हुआ तो चर्चा का विषय बन गया। मामला संज्ञान में आने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सीपी पाल ने कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्राचार्य कॉलेज में अव्यवस्थाओं को लेकर मेडिकल कर्मियों पर भड़कते हुए नजर आए। जिम्मेदार मेडिकल कर्मियों से प्राचार्य का कहना था कि, कॉलेज में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिए यहां आने वाले मरीजों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए, और जो भी संभव है वो व्यवस्था और संसाधन समय पर उपलब्ध कराए जाएं। प्राचार्य ने कॉलेज में मिल रही दलालों की इंट्री और अवैध बसूली की शिकायतों पर भी नाराजगी जताई।

# सौ शैया अस्पताल सहित 50 गांव की बत्ती हुई गुल

▸ 24 घंटे बाद भी बिजली न मिलने से ग्रामीण बेहाल
▸ दस एमवीए ट्रांसफार्मर हुआ धड़ाम

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



शहर के पूर्वी बाईपास स्थित बिजलीघर के नए सब स्टेशन में रखा 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर तकनीकी गड़बड़ी के चलते धड़ाम हो गया, जिससे सौ शैय्या अस्पताल, दीपकपुर और प्रेमपुर फीडर ठप हो जाने से लगभग आधा सैकड़ा से ज्यादा गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। 24 घंटे बाद भी बिजली न मिलने से ग्रामीण बेहाल हो गए। वहीं दूसरे दिन एसडीओ की मौजूदगी में ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग का काम किया गया तब गड़बड़ी का पता चला। सब स्टेशन में लगे 10 एमवीए ट्रांसफार्मर में सोमवार की दोपहर करीब 2:43 बजे फाल्ट आ गया, ऐसे में क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित होने से कई गांवों में पानी की मोटरें बंद रहीं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। वहीं छोटे दुकानदारों और कारोबारियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। ट्रांसफार्मर में फाल्ट आने के दूसरे दिन मंगलवार को एसडीओ रवींद्र कुमार व अवर अभियंता वीरबहादुर सिंह की मौजूदगी में अवर अभियंता आशीष कुमार, मीटर जेई आदिल हुसैन, जेएमटी उपदेश कुमार, टीजी-टू प्रेमपुर मिघौली मानवेंद्र ने ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग का कार्य किया। इस दौरान लाइनमैन अमर कुमार, विनीत कुमार, वेदप्रकाश, अनुपम व दिनेश भी फाल्ट ढूंढने की कवायद में जुटे रहे।

एसडीओ ने बताया टेस्टिंग से पता चला कि ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। 10 एमवीए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति के लिए स्टोर विभाग को मैसेज भेज दिया गया है। उम्मीद है कि अगर यह बुधवार की शाम तक आ गया तो इसे लगाकर रात में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

**पंथरा फीडर से जोड़ा सौ शैया अस्पताल का फीडर**

छिबरामऊ। सौ शैया अस्पताल की बिजली व्यवस्था ज्यादा समय तक बाधित न रहे, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

# मिट्टी हटाने को लेकर युवक से मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग में मिट्टी हटाने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली को दी गई तहरीर में ग्राम सराय प्रयाग निवासी सतेन्द्र सिंह पुत्र स्व. रामलाल ने बताया कि 19 जुलाई 2026 को शाम करीब 7 बजे वह बाजार से अपने घर जा रहा था। रास्ते में विपक्षी प्रफुल्ल उर्फ श्यामू के मकान के सामने मिट्टी पड़ी होने के कारण आवागमन में असुविधा हो रही थी। इसको लेकर उसने मिट्टी हटाने को कहा और घर चला गया। आरोप है कि इसके बाद प्रफुल्ल उर्फ श्यामू, अभिषेक पुत्र अरेन्द्र कुमार जाटव, मनीष कुमार पुत्र बृजेश कुमार और सुनील कुमार उर्फ कल्लू पुत्र नत्थूलाल निवासीगण ग्राम सराय प्रयाग उसके दरवाजे पर आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट की, जिससे उसके शरीर पर जगह-जगह चोटें आईं। बचाव की आवाज लगाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि वादी सतेन्द्र सिंह की तहरीर के आधार पर प्रफुल्ल उर्फ श्यामू, अभिषेक, मनीष और सुनील कुमार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र गुरसहायगंज अंतर्गत सियरमऊ मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में मृतक के पिता की तहरीर पर कोतवाली गुरसहायगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम भवानीपुर अनौंगी निवासी हरिगोविन्द सिंह पुत्र कुंवर सिंह ने बताया कि उनका पुत्र शीलू सिंह 20 जून 2026 की रात करीब 11 बजे मोटर साइकिल से जलालाबाद से वापस घर आ रहा था। रास्ते में सियरमऊ मोड़ के पास अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। दुर्घटना में शीलू सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को कानपुर हैलट के लिए रिफर किया गया। इलाज के दौरान 28 जून 2026 को शीलू सिंह की मृत्यु हो गई। कानपुर में पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि वादी हरिगोविन्द सिंह की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा शीघ्र ही आरोपी को चिन्हित कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जल है तो कल है, पानी की हर बूंद है कीमती : मनोज दूबे

▸ भूजल सप्ताह जल संरक्षण के लिए पालिका ने दिलाई शपथ

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



भूजल सप्ताह के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा जल संरक्षण और पानी की बर्बादी रोकने के उद्देश्य से दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के पहले दिन 20 जुलाई को गर्ल्स इंटर कॉलेज में जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने वर्षा जल संचयन, जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण पर आकर्षक चित्र बनाकर प्रभावी संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। अभियान के दूसरे दिन सोमवार को नगर पालिका परिषद के मीटिंग हॉल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे एवं अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में अधिकारियों और कर्मचारियों को वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा, ÷जल है तो कल है, पानी की हर बूंद कीमती है।÷ उन्होंने कहा कि कैच द रेन अभियान तभी सफल होगा, जब प्रत्येक नागरिक पानी की बर्बादी रोकने का संकल्प लेकर जल संरक्षण को अपनी दैनिक आदत बनाए।

# नजरबंद किए गए भाकियू (बलराज) के प्रदेश अध्यक्ष

छिबरामऊ, कन्नौज। केंद्र सरकार की नीतियों और प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली के किसान घाट पर आयोजित किसान महापंचायत में शामिल होने जा रहे भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के प्रदेश अध्यक्ष चौ. अवधेश सिंह को स्थानीय प्रशासन ने उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंच गए और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध के अधिकार का हनन कर रही है। उनका कहना था कि प्रस्तावित ट्रेड डील किसानों के हितों के विपरीत है और इससे कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक रोक से किसानों का आंदोलन दबाया नहीं जा सकता। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल आवास के बाहर तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि दमन जारी रहा तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष जयकिशन, प्रदेश संगठन मंत्री आकाश खान, कौशल यादव, राजन यादव, इरफान खान, जयवीर यादव, नाजिम खान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अभियान के तहत छात्राओं ने प्रस्तुत किए रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल

▸ रागिनी कौशल को मिला प्रथम पुरस्कार, नौ अन्य छात्राओं को भी किया सम्मानित

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।



नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज द्वारा भूजल सप्ताह एवं कैच द रेन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न विद्यालयों में क्राफ्ट, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज की छात्राओं ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर आधारित अत्यंत आकर्षक एवं उपयोगी मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत मॉडलों का मूल्यांकन करने पर कक्षा-9 की छात्रा कु. रागिनी कौशल का रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल सर्वोत्तम पाया गया। उन्हें नगर पालिका परिषद की ओर से 1,000 का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट एवं सराहनीय मॉडल प्रस्तुत करने वाली निशा कौशल, आनंदी कौशल, रत्ना, संजना, प्रतिज्ञा, कंचन कुशवाहा, रिचा, सेहजल तथा कनिष्का को 500-500 का नकद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, जल संरक्षण की आधुनिक तकनीकों तथा दैनिक जीवन में जल बचाने के व्यावहारिक उपायों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मुन्नी देवी ने अपने संदेश में कहा कि आज की छात्राएँ ही कल की जागरूक नागरिक बनेंगी। जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी है। बच्चों के माध्यम से यह संदेश प्रत्येक घर तक पहुँचेगा और समाज में जल बचाने की मजबूत संस्कृति विकसित होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी पर्यावरण एवं जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ लेखाकार आकाश सक्सेना मनोज तिवारी जनार्दन मिश्रा राजेश वर्मा जगदीश सिंह मोहित गुप्ता शैलेंद्र सिंह मोहम्मद कैसर राजेश प्रजापति आदि पालिका के पटल सहायक मौजूद रहे।

# शिक्षक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले तीन गिरफ्तार

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कन्नौज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में थाना तालग्राम, कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सरकारी शिक्षक के अपहरण कर 10 लाख की फिरौती मांगने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा 315 बोर, 4 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार संख्या और 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। 14 जुलाई को ग्राम कटरा बहसार थाना तिर्वा निवासी देशराज सिंह ने थाना तिर्वा पर सूचना दी थी कि उनका पुत्र राहुल कुमार राजपूत उम्र 31 वर्ष स्कूल पढ़ाकर घर वापस नहीं लौटा। इस संबंध में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। बाद में 20 जुलाई को देशराज सिंह ने तहरीर देकर बताया कि अविनाश राजपूत, सर्वेन्द्र कुमार कुशवाहा, केशव पण्डित और सागर ने मिलकर उनके पुत्र राहुल का अपहरण कर मारपीट की और 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस जांच में पता चला कि अविनाश राजपूत और अपहृत राहुल आपस में मित्र थे।

अविनाश नोएडा में फाइनेंस कंपनी चलाता था जिसमें घाटे के कारण उस पर लगभग 2 करोड़ का कर्ज हो गया था। कर्ज चुकाने के लिए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर योजना बनाई। गर्मी में स्कूल की छुट्टी के समय सुजान सराय के पास से राहुल को जबरन कार में डालकर नोएडा ले जाया गया। वहां उसकी पिटाई कर फिरौती मांगी गई। सर्वेन्द्र ने फोन से घर वालों से बात कर फिरौती मांगी और बाद में फोन तोड़कर फेंक दिया।

पुलिस द्वारा फोन ट्रैक करने और बढ़ते दबाव के कारण अभियुक्त राहुल को लालकुआं पर छोड़कर फरार हो गए। वहां से स्थानीय लोगों की मदद से राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीते सोमवार को जीटी रोड से तालग्राम जाने वाले रास्ते पर मायापुर्वा मोड़ बिरौली जंगल के पास घेराबंदी कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## सूचना

मेरी पुत्रवधू नगमा पत्नी साबिर का आचरण अच्छा न होने पर उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**वकील खान पुत्र अलम शेर, निवासी- ग्राम सिलुआपुर, रोहिली, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने पीडीए स्वजन संवाद में ग्रामीणों को किया जागरूक, गिनाईं सपा सरकार की उपलब्धियां

- पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने दिया बूथ मजबूती का मंत्र, भाजपा पर साधा निशाना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा पीडीए स्वजन संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने सेक्टर व बूथ अध्यक्षों को संगठन की नींव मजबूत करने के अहम टिप्स दिए। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी भी समाज की हितैषी नहीं है। पूरे प्रदेश में विश्वकर्मा समाज सहित अन्य शोषित वर्गों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जब समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों का हाल जानने जाता है, तो उन पर पथराव कराया जाता है और उल्टा उन्हीं पर मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं। ऐसी तानाशाही सरकार से न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने और अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मुख्य अतिथि को गदा भेंटकर उनका स्वागत किया और मंच पर मौजूद अतिथियों व क्षेत्र की जनता का स्वागत किया।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव


मुख्य अतिथि को गदा भेंट स्वागत करते प्रदेश सचिव डॉ. देवेंद्र सिंह यादव


कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता

खराब मौसम और तेज बारिश के बावजूद विशाल जनसमूह की उपस्थिति देखकर उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कार्यक्रम में आने के लिए सभी का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि आज देश और प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। किसान, नौजवान, व्यापारी और आम आदमी भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त हो चुका है। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए के नारे को घर-घर तक पहुंचाना है और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होना है। उन्होंने ग्रामीणों को समाजवादी पार्टी की पिछली सरकार के दौरान हुए विकास कार्यो की याद दिलाई। उन्होंने प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा किसान और ग्रामीण कल्याण, किसानों के लिए मुफ्त सिंचाई, कर्ज माफी और खाद-बीज की आसान उपलब्धता सपा सरकार की देन थी। युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए मुफ्त लैपटॉप वितरण और बालिकाओं के लिए कन्या विद्या धन योजना शुरू की गई थी। समाजवादी पेंशन के माध्यम से गरीब परिवारों और महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई। स्वजन संवाद के दौरान ग्रामीणों ने बाढ़ से होने वाले कटान, खस्ताहाल सड़कों, आवारा पशुओं की समस्या और बिजली कटौती जैसी अपनी स्थानीय परेशानियां भी साझा कीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी उनके हर संघर्ष में उनके साथ खड़ी है और सपा की सरकार बनते ही इन सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

वहीं जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि सभी बूथ के अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी अपने-अपने बूथ को मजबूत करें और समाजवादी पार्टी को जीतने का काम किया जाएगा। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव ने डॉ. जितेंद्र सिंह यादव को मजबूत करने का लोगों से अनुरोध किया और और समाजवादी पार्टी को पूर्ण रूप से मजबूत करने का अनुरोध किया है। सर्वेश अंबेडकर ने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए लोगों से आवाह्न किया तथा जनपद के सभी नेताओं ने अपने-अपने वक्तव्य में समाजवादी पार्टी को जिताने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र सिंह गौर ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी, सर्वेश अंबेडकर, इलियास मंसूरी, साजिद अली खान, नवरंग सिंह यादव, मुन्नालाल राठौर, अरविंद कश्यप, प्रदीप यादव टीटू, सुरेंद्र सिंह गौर, अमन सूर्यवंशी, अनुराग यादव, भोला यादव, आशीष शर्मा, हरीश मैथली, शिव शंकर शर्मा, अजय राज यादव, मनोज यादव, राजीव यादव, रवि यादव, देवेंद्र सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह शर्मा, मोहम्मद फारूक अली, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह यादव, इरशाद अली सहित तमाम समाजवादी पार्टी के समर्थक मौजूद रहे।

## छुट्टी पर घर आए सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** छुट्टी पर घर आए सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के गांव सिवारा मुकुट निवासी 38 वर्षीय कुलदीप वर्मा भारतीय सेना में सैनिक के पद पर कार्यरत हैं। वह मूल रूप से जनपद बदायूं के थाना उझानी के रहने वाले थे। वह कई बर्षो से पत्नी स्वीटी व बच्चों के साथ गांव सिवारा मुकुट स्थित ससुराल में रह रहे थे। लगभग बीस दिन पूर्व छुट्टी पर वह घर आए थे। सोमवार दोपहर लगभग तीन बजे ग्रामीणों ने उन्हें गांव के निकट अपने निर्माणाधीन प्लाट में पड़ा देखा। ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्वजनों को दी। मृतक की पत्नी स्वीटी आनन फानन में उन्हें सीएचसी कायमगंज ले गई। जहां डाक्टर ने सैनिक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतक के दो पुत्रियां आराध्या, अभि व एक पुत्र अनय है। चौकी इंचार्ज दारोगा धीरज कुमार ने बताया घटना संदिग्ध है। शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## दिव्यांग बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिव्यांग बालिका से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त श्रवण कुमार उर्फ रामवीर सिंह निवासी थाना अमृतपुर के गांव पिथनापुर को दोषी करार देते हुए शेष जीवन तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 1.02 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया था कि 22 फरवरी 2022 को उसकी 12 वर्षीय दिव्यांग पुत्री घर के शौचालय में दोपहर में शौच करने गई थी। पुत्री जब शौचालय से बाहर निकली, तभी पड़ोसी श्रवण कुमार उर्फ रामवीर सिंह ने उससे दुष्कर्म किया। घटना किसी को बताने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

**लगाया गया एक लाख का जुर्माना**

भय के कारण बालिका कई दिन तक चुप रही, लेकिन दर्द बढ़ने पर उसने अपनी मां को पूरी घटना बताई। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध किए। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त श्रवण कुमार उर्फ रामवीर सिंह को धारा-5(के)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अधीन वर्णित दण्डनीय अपराध के अभियोग में आजीवन कारावास, जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए होगा तथा 1,00,000/- रुपये जुर्माने से दण्डित किया जाता है, अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को दो वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त श्रवण कुमार उर्फ रामवीर सिंह को धारा-506 भारतीय दण्ड संहिता के अधीन वर्णित दण्डनीय अपराध के अभियोग में दो वर्ष के कठोर कारावास तथा 2,000/-रुपये जुर्माने से दण्डित किया जाता है, अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। इस मामले में अभियुक्त श्रवण कुमार उर्फ रामवीर सिंह द्वारा जिला कारागार में बितायी गयी अवधि उपरोक्त सजा में समाहित होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

## एसआईवी टीम ने तम्बाकू गोदामों पर मारा छापा, हड़कंप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार दोपहर को इटावा की एसआईवी टीम के ज्वाइंट कमिश्नर सन्तोष कुमार वर्मा, डीसी शैलेंद्र कुमार, एसी दीपा सागर, एसी जितेंद्र कुमार, एसटीओ अशोक सिंह और अरुण खरे फर्रुखाबाद से एसी अमित त्यागी, एसटीओ विनोद गौड़ के साथ नगर से सटे गांव कुवेरपुर स्थित अक्सा एंड ब्रदर्स, अताईपुर गांव स्थित नीफक्राफ्ट एंटरप्राइजेज फर्म पर छापा मारा। टीम ने गोदाम के फाटक बंद कर लिए और जांच शुरू की। टीम ने सभी अभिलेखों का भौतिक सत्यापन किया। मौके पर स्टॉक को चेक किया। वहीं स्टॉक का अभिलेखों से मिलान किया। टीम के आने की जानकारी पर तंबाकू से जुड़े कारोबारी में हड़कंप मच गया। लोगों ने अपनी अपनी गोदाम में बंद कर दी और टीम को लेकर टोह लेते रहे। दिनभर व्यापारियों में हलचल मची रही। जॉइंट कमिश्नर ने बताया कि आक्सा एंड ब्रदर्स फर्म के यहां 38000 किलो अतिरिक्त माल पाया गया है, जिसे सीज कर दिया गया है। वहीं लीफ क्राफ्ट इंटरप्राइजेज फॅर्म के यहां 45000 किलो अतिरिक्त माल पाया गया है, जिसे सीज कर दिया गया है। उन्होंने बताया अभिलेखों की और जांच की जा रही है। उसके बाद अग्रिम जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विश्व जनसंख्या दिवस पर सीपी विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. मिथलेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी, उप-प्रधानाचार्य डॉ. मनोज तिवारी एवं संबंधित स्टाफउपस्थित रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने जनसंख्या वृद्धि, उसके प्रभाव एवं समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बढ़ती जनसंख्या के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर पड़ने वाले असर को लेकर जागरूक किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में जनसंख्या संबंधी जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं प्रभावी अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना था विद्यालय प्रशासन ने कहा कि सीपी विद्या निकेतन इंटर कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन करता रहेगा।

## पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने की युवक की पीट-पीट कर हत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के नगला बंधौआ गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक धारदार हथियार से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


गुमशुम खड़े मृतक के परिजन


जांच पड़ताल करती पुलिस

जानकारी के अनुसार नगला बंधौआ निवासी 30 वर्षीय शैलेश पुत्र सूरज सोमवार देर रात गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। परिजन उसे तत्काल डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि आशु ,दिनेश उर्फ जंजालि 2 अज्ञात लोगों ने शैलेश के पीछे धारदार हथियार से हमला कर दिया। घर में नीचे भाभी कुसमा देवी को कुछ चीखने की आवाज सुनाई दी तो छत पर चढ़कर देखा, तो आरोपीगण वहां से भाग निकले। भाभी कुसमा देवी ने अपने पति अखिलेश को फोन किया और बोला कि जंजाली और उसके लड़के ने शैलेश के ऊपर हमला कर दिया है और वह खून से लथपथ पड़ा हुआ है। वहीं मृतक के भाई अखिलेश कुमार ने आरोप लगाया कि कुछ दिनों पूर्व आरोपित पक्ष ने उनके बहनोई के साथ मारपीट की थी। इसकी शिकायत किए जाने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। उनका कहना है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते सोमवार रात घटना को अंजाम दिया गया। परिजनों ने आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। विमला देवी, बृजेश, अखिलेश, आलोक, आदेश, अर्जुन, राहुल आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी तेज सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बीडीओ ने विकास कार्यो की समीक्षा कर दिये निर्देश


बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड परिसर में विकास खण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में सचिवों के साथ सप्ताहिक बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। विकासखंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत के सचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक कर विकास कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कड़े लहजे में बताया कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी ग्राम पंचायत में किसी भी प्रकार की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए सभी ग्राम पंचायत के सचिव अपने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में मन लगाकर कार्यों को कराये और जनता की समस्याओं को दूर करें। जिसमें सर्वप्रथम आइजीआरएस, फार्मर रजिस्ट्री को प्राथमिकता के आधार पर देखा गया। वहीं बीडीओ ने ग्राम पंचायत के सचिवों को बताया कि सभी अपने-अपने ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन योजना आदि के बारे में कर्मचारियों को अपने-अपने स्तर से जनता की समस्याएं दूर करने के कड़ाई से निर्देश दिए। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम में विकास सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार, मोतीलाल यादव, अरविंद कुमार, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## ससुराल जा रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक से ससुराल आए युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर वाहन को कब्जे में ले लिया। थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर कामराज के आगे फर्रुखाबाद रोड पर एक मार्ग दुर्घटना में ससुराल आए युवक की मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। युवक की जेब से मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। युवक के भाई भूपेंद्र ने अपने भाई जितेंद्र पुत्र सूबेदार के रूप में पहचान फोन पर बताई। उन्होंने बताया कि उनका भाई मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र के गांव हथियापुर के निकट नगला पासी अपने ससुराल बाइक संख्या यूपी 82 एक/7753 से गए थे। सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गये।

## स्वैच्छिक रक्तदान से सुरक्षित मातृत्व को मिलेगा संबल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उच्च जोखिम गर्भवती एचआरपी एवं जननी सुरक्षा योजना जेएसवाई की लाभार्थी महिलाओं को आवश्यकता पड़ने पर समय से सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉ0 राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय, द्वारा सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से निरंतर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 20 जुलाई को जेसीज ग्रेटर कायमगंज के सहयोग से अग्रवाल धर्मशाला, कायमगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कुल 67 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह रक्त आवश्यकता पड़ने पर विशेष रूप से प्रसव के दौरान रक्त की जरूरत वाली एचआरपी एवं जननी सुरक्षा योजना की महिलाओं सहित अन्य गंभीर मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने कहा कि गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान अचानक रक्तस्राव की स्थिति कई बार मातृ मृत्यु का कारण बन जाती है। ऐसे में रक्त बैंक में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले की किसी भी गर्भवती महिला को रक्त के अभाव में उपचार से वंचित न होना पड़े। उन्होंने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को बिना प्रतिस्थानी के भी रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। हाल ही में 04 यूनिट रक्त जननी सुरक्षा योजना की लाभार्थी महिलाओं को बिना प्रतिस्थानी उपलब्ध कराया गया, जिससे उन्हें समय पर उपचार मिल सका। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से भविष्य में भी नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इसका उद्देश्य रक्त बैंक को सदैव पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित रक्त से समृद्ध रखना है, ताकि विशेष रूप से एचआरपी एवं जननी सुरक्षा योजना की महिलाओं को आपातकालीन स्थिति में तत्काल रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि आपका एक यूनिट रक्त किसी माँ और उसके नवजात के जीवन की सुरक्षा का आधार बन सकता है।

## दबंगों से परेशान महिला ने घर पर लगाया मकान बिकाऊ है का बैनर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गायत्री गली की रहने वाली एक महिला ने दबंगों की दबंगई और स्थानीय पुलिस की हीला-हवाली से तंग आकर परिवार समेत पलायन की चेतावनी दी है। पीड़िता ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाते हुए अपने घर के बाहर मकान व प्लॉट बिकाऊ है का बैनर टांग दिया है। महिला का गंभीर आरोप है कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद पुलिस दबंगों का साथ दे रही है और जमीन पर कब्जा दिलाने के नाम पर श्सुविधा शुल्कश् की मांग कर रही है।

गायत्री गली निवासी किरन पत्नी आनंद कुमार ने बताया कि उन्होंने लगभग तीन महीने पहले गांव बीरपुर में एक जमीन खरीदी थी। जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करवाते हुए उन्होंने ईंटों की नींव भी रखवाई थी। लेकिन आरोप है कि कुछ ही दिनों बाद गांव के दबंगों ने न केवल नींव तोड़ दी, बल्कि वहां रखी ईंटें भी गायब कर दीं। जब किरन ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की गई। पीड़िता न्याय के लिए लगातार भटकती रही। 11 जुलाई को आयोजित समाधान दिवस में उन्होंने जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर से मुलाकात कर शिकायती पत्र सौंपा। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने दोषी लेखपाल के खिलाफकार्रवाई का निर्देश दिया और पुलिस को आदेश दिया कि दूसरे पक्ष को बुलाकर महिला को उसकी जमीन पर तुरंत कब्जा दिलवाया जाए। हालांकि, पीड़िता का आरोप है कि डीएम के सख्त रुख के बावजूद नवाबगंज पुलिस के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। सोमवार को पुलिस के मौखिक आश्वासन के बाद जब किरन अपनी जमीन पर निर्माण कार्य कराने पहुंचीं, तो दबंगों ने एक बार फिर उन्हें घेर लिया और काम रोक दिया। इस दौरान दबंगों द्वारा की गई गाली-


घर के बाहर लगा मकान बिकाऊ है का बैनर

गलौज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो लोगों को हिरासत में लिया और शांति भंग की धारा में कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर ली। हालांकि, महिला को उसकी जमीन पर कब्जा फिर भी नहीं मिल सका। मंगलवार को न्याय की उम्मीद टूटने पर किरन ने अपने घर के बाहर मकान और प्लॉट बेचने का बैनर टांग दिया। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा स्थानीय पुलिस खुलेआम दबंगों का पक्ष ले रही है। जमीन पर कब्जा दिलाने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। यदि स्थानीय प्रशासन से न्याय नहीं मिलता है, तो वह जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी गुहार लगाएंगी। इस पूरे मामले पर पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन खाकी की भूमिका को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं।

## विवाहिता की मौत पर मायके पक्ष ने लगाया मारपीट कर हत्या करने का आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव जानकीपुर में मंगलवार को एक 26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू कर दी। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि विवाहिता ने द्वत्तांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव जानकीपुर निवासी यशवीर राजपूत पुत्र नन्हेलाल की शादी वर्ष 2018 में थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव चुरसाई निवासी अहवरन की पुत्री दुर्गा देवी (26) के साथ हुई थी। यशवीर दिल्ली में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है और घर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही घर आया था। मृतका के भाई रक्षपाल ने बताया कि सोमवार शाम उसकी बहन दुर्गा से फोन पर बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान


रोते बिलखते मृतक के परिजन


जांच पड़ताल करती पुलिस

उसने रोते हुए बताया कि उसके साथ मारपीट की गई है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे भी दुर्गा का दोबारा फोन आया, जिसमें उसने फिर अपने साथ मारपीट होने की बात कही। भाई का आरोप है कि बहन काफी परेशान लग रही थी और उसने अपनी जान को खतरा भी बताया था। सुबह करीब 11 बजे यशवीर का फोन आया, जिसमें उसने बताया कि दुर्गा की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही मैं परिजनों के साथ गांव जानकीपुर पहुंचा। आक्रोशित परिजनों की ससुर नन्हेलाल से कहासुनी हुई। देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को शांत कराया। नन्हेलाल ने बताया कि जब वह घर की छत पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुर्गा का शव टिनशेड में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। वहीं मायके पक्ष का आरोप है कि घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही शव को फंदे से नीचे उतार लिया गया, जिससे महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं। ससुर नन्हेलाल का कहना है कि ग्राम प्रधान की मौजूदगी में शव नीचे उतारा गया था और उसके बाद ही पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर हल्का प्रभारी जगराम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर बाद थानाध्यक्ष राजीव कुमार भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों पक्षों से अलग-अलग बातचीत कर घटना की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की बारीकी से जांच की और आवश्यक साक्ष्य एवं नमूने एकत्र किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बैंक की बंधक भूमि बेचने पर 2 धोखाधड़ी का मुकदमा

- न्यायालय के आदेश पर हुई कार्यवाही, किसान क्रेडिट कार्ड का 4.89 लाख का ऋण लेकर बेच दी जमीन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण बैंक की बिराहिमपुर जागीर शाखा के प्रबंधक की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कायमगंज में धोखाधड़ी के 2 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। बैंक का आरोप है कि किसानों ने केसीसी ऋण के लिए अपनी कृषि भूमि बैंक में बंधक रखी थी, लेकिन ऋण चुकाए बिना ही फर्जी तरीके से उस भूमि को बेच दिया। पहले मुकदमे में अमरापुर नगला मकोड़ा निवासी विवेक कुमार पुत्र बदन सिंह पर आरोप है। उन्होंने 8 सितंबर 2015 को बिराहिमपुर जागीर शाखा से 1 लाख 43 हजार रुपये का कृषि ऋण लिया था। इस ऋण के बदले उन्होंने अपनी कृषि भूमि बैंक में बंधक रखी थी और शपथपत्र भी दिया था। शपथपत्र में विवेक कुमार ने ऋण चुकाने तक बैंक के नियमों का पालन करने और बंधक संपत्ति का हस्तांतरण न करने की घोषणा की थी, लेकिन बैंक के निरीक्षण में सामने आया कि विवेक कुमार ने बैंक की अनुमति के बिना और बंधक समाप्त कराए बिना अपनी भूमि का एक हिस्सा पत्नी रेनू के नाम और दूसरा हिस्सा प्रेमवती पत्नी बलवीर के नाम बेच दिया। ये दोनों बिक्री विलेख कायमगंज के उप निबंधक कार्यालय में पंजीकृत पाए गए। दूसरे मुकदमे में फतेहपुर फरसौली निवासी सूर्यकांत पुत्र अनोखेलाल पर भी इसी तरह के आरोप हैं। उन्होंने 2 फरवरी 2023 को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 3 लाख 46 हजार रुपये का ऋण प्राप्त किया था। उन्होंने भी अपनी कृषि भूमि बैंक में बंधक रखी थी और शपथपत्र देकर नियमों का पालन करने का वचन दिया था। शाखा प्रबंधक ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने झूठा शपथपत्र देकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बंधक भूमि का विक्रय कर बैंक के हितों को नुकसान पहुंचाया। बैंक द्वारा कई बार नोटिस भेजे गए लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

# नालों एवं सार्वजनिक स्थानों पर न डालें कूड़ा-कचरा

- स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त शहर के निर्माण में प्रशासन का करें सहयोग : डीएम
- जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नगर के नालों की सफाई का विशेष अभियान प्रारंभ


जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशन में नगर पालिका परिषद, द्वारा नगर के प्रमुख नालों की विशेष सफाई एवं सिल्ट निकासी का व्यापक अभियान प्रारंभ किया गया है।

अभियान के अंतर्गत नगर के 16 प्रमुख नालों की चरणबद्ध तरीके से सफाई कराई जाएगी। प्रत्येक नाले के लिए पर्यवेक्षण अधिकारी, सफाई नायक एवं संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित कर दी गई है, जिससे कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित हो सके, इसके अंतर्गत पक्कापुल से गुदडी, तलैया फजल इमाम से आई0एण्ड डी. प्लान्ट, रेलवे स्टेशन फर्रुखा0 से ग्राम रम्पुरा ताल एवं मुख्य मार्ग बीबीगंज से करबला तक स्थित नालों की सफाई के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को नोडल अधिकारी, भीष्म सिंह साहनी अवर अभियन्ता को पर्यक्षणकर्ता तथा नीरज, दीपक रंजन, विजय, अयूब को सफाई नायक नामित किया गया है। इसी प्रकार पक्का गल्ला मंडी से पक्का पुल, आई.टी.आई. से लाल गेट पूर्व नवाबगंज बसस्टैंड, घेरशामू खां से देवराम गुमटी तथा रकाबगंज से आमिलपुर तक जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी, देवव्रत यादव अवर अभियंता को पर्यक्षणकर्ता तथा सतराम, दीपक रंजन, सुनील, अयूब को सफाई नायक नामित किया गया है। इसी प्रकार आवास विकास से मसेनी, भोलेपुर से नगला नैन, हाथीखाना से पुलमंडी तथा जाफरी फतेहगढ़ से पुलमंडी तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी, प्रमोद कुमार अवर अभियंता को पर्यक्षणकर्ता तथा नीरज, दीपक, राजेश, विजय, हरिशंकर को सफाई नायक नामित किया गया है। इसी प्रकार महबूबबख्श से बरगदिया घाट, बसस्टैंड फतेहगढ़ से बरगदिया घाट, भूसा मंडी फतेहगढ़ से पुलमंडी, पी.डी. महिला डिग्री कॉलेज से सिविल लाइन गंगा तक जिला गन्ना अधिकारी को नोडल अधिकारी, आदित्य पाण्डेय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को पर्यक्षणकर्ता तथा तालिब, हरिशंकर को सफाई नायक नामित किया गया है।

प्रत्येक नाले के लिए पर्यवेक्षक एवं सफाई नायकों की भी जिम्मेदारी निर्धारित की गई है, जो नालों की नियमित सफाई, निरीक्षण तथा अद्यतन स्थिति से प्रशासन को अवगत कराएंगे। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिदिन निर्धारित नालों की सफाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण करें तथा कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बरसात के मौसम में जल निकासी व्यवस्था किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए तथा नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि यदि निरीक्षण के दौरान जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली, पोकलेन मशीन अथवा अन्य लॉजिस्टिक व्यवस्था की आवश्यकता हो तो संबंधित पर्यवेक्षण अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित अधिकारी प्रतिदिन अपराह्न 5 बजे तक निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी नालों की समुचित सफाई हो, नालों के बाहर सिल्ट एवं कचरे का ढेर न लगे तथा निकाले गए अवशेषों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। यदि वर्षा के कारण किसी नाले में पुनः अवरोध उत्पन्न होता है तो गठित टीमें तत्काल मौके पर पहुंचकर सफाई एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया है कि सफाई कार्य के दौरान निकाली गई सिल्ट एवं कचरे का तत्काल उठान सुनिश्चित किया जाए, जिससे पुनः नालों में अवरोध उत्पन्न न हो, साथ ही संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जनपद प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे नालों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा न डालें तथा स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त शहर के निर्माण में प्रशासन का सहयोग करें।

## विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को मिली जिम्मेदारी


विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधान सभा सचिवालय द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर तथा सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय मेरठ की प्रबंध परिषद में कार्य करने के लिए विधानसभा के कई सदस्यों को अध्यक्ष विधानसभा ने निर्देशित किया है। सदन के द्वारा यह विधिवत रुप से निर्वाचित माने जायेंगे। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर नगर की विधायक नीलमा कटियार व फर्रुखाबाद सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को नामित किया गया है। वहीं सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय मेरठ से शामिली विधायक प्रसन्न कुमार व मेरठ विधायक अतुल प्रदान को नामित किया गया है।

# तानाशाह सरकार जेल में बंद विधायक का कर रही उत्पीड़न : रामआसरे विश्वकर्मा


जेल से बाहर आकर जानकारी देते रामआसरे विश्वकर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध आजमगढ़ की फूलपुर पवई सीट से सपा विधायक रमाकांत यादव से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने मुलाकात की। मुलाकात करने के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री विश्वकर्मा ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि मैं स्वयं आजमगढ़ का निवासी हूं। मैंने पूरे जीवन रमाकांत यादव की राजनीति को देखा है, वह सदैव गरीब, शोषित, वंचित और मजलूमों के नेता रहे हैं। सोचने बाली बात है कि यदि वह बुरे व्यक्ति होते तो वहां की जनता उन्हें वह पांचवीं बार विधायक और चार बार सांसद नहीं बनाती, राजनैतिक विरोध में यह सरकार अपने विरोधियों को गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जेल भिजवाती है और उनका उत्पीड़न करती है। आज जब रमाकांत से हमारी मुलाकात हुई है तो पता चला है कि उन्हें जेल में जो एक पूर्व सांसद एवं विधायक को मूलभूत सुविधाएं मिलती हैं न केवल उन सुविधाओं से वंचित रखा गया है, बल्कि एक आम कैदी के भी अपने जो अधिकार होते हैं उन अधिकारों का भी दमन किया जा रहा है, उनके स्वास्थ्य की ठीक तरीके से देखरेख नहीं हो रही है, समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है, यह सरकार पूरी तौर से दमन कर रही है। आने वाले समय में समाज और जनता इस उत्पीड़न का जवाब देगी और भारतीय जनता पार्टी के अहंकारी लोगों को सत्ता से बाहर करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, हरिओम यादव, अर्चित शर्मा, शिवम पटेल आदि मौजूद रहे।


धरना प्रदर्शन करते भाकियू नेता

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने दिया धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने कलेक्ट्रेट पर किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। जिला प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। किसानों की सभा कुछ घंटे ही चली थी। जिला प्रशासन ने वार्ता का प्रस्ताव दिया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल नगर मजिस्ट्रेट पारूल तरार से वार्ता के लिए पहुंचा, सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। 8 जुलाई को दिए मांग पत्र को भी शामिल किया। राष्ट्रीय मांग पत्र जो कि 15 सूत्रीय एवं 13 सूत्री जिला स्तरीय मांग पत्र पर भी चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष सभी समस्याओं को तुरंत निस्तारण पर डटे है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, अफरोज मंसूरी, छविनाथ शाक्य, गोपी शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, अशोक यादव, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, बिजनेस यादव, रामप्रकाश पाल, कश्मीर गंगवार, टिंकू यादव, सतीश कठेरिया, प्रदीप यादव, शिवराम शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में व्यापारियों ने दिये सुझाव


बैठक में मौजूद व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में युवा जिलामहामंत्री प्रबल माहेश्वरी ने पिछली मीटिंग में रखे गए सुझावों पर क्या कार्यवाही की गई ये पूछा गया तो उन सबके बारे में प्रशासन द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। युवा जिलाउपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव द्वारा आईटीआई चौराहे पर प्राइवेट बसों द्वारा लगने वाले जाम की समस्या को एआरटीओ के समक्ष रखा। जिलाउपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने श्यामनगर क्रॉसिंग के पास विद्यामंदिर कॉलेज के सामने नगरपालिका द्वारा कूड़ा डाले जाने का विरोध किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पालिका को समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया गया। फतेहगढ़ अध्यक्ष संदीप सक्सेना द्वारा स्ट्रीट फूड पर और उसपर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की नियमित जाँच करवाने का अनुरोध किया। जिस पर खाद्य विभाग से जावेद अख्तर द्वारा जांच करवाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सुरक्षा से संबंधित कई मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। सीओ सिटी ने व्यापारियों से यह आग्रह किया गया कि आप सब शहर के तिराहे चौराहे गोद लेकर उसपर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। जिस पर सभी व्यापारियों द्वारा कैमरे लगवाने की हामी भरी गयी। युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल ने सीओ से टीएसआई से विचार विमर्श करके सीसीटीवी लगवाने का आश्वासन दिया। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल, युवा जिला महामंत्री प्रबल माहेश्वरी, अर्पण अग्रवाल, रवि श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, संदीप सक्सेना, विशाल सिंह, अमरदीप शाक्य, कुलदीप कटियार मौजूद रहे।

# नगर क्षेत्र के 16 प्रमुख नालों का स्थलीय निरीक्षण

- जल निकासी व्यवस्था संतोषजनक मिली


नाले का निरीक्षण करते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने बताया कि वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के प्रभावी समाधान एवं निर्बाध जल निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अंतर्गत आने वाले प्रमुख नालों का स्थलीय निरीक्षण कराया गया।

डीएम के आदेश के अनुपालन में नामित नोडल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा नगर क्षेत्र के कुल 16 छोटे-बड़े नालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महबूब वक्स से बरगदियाघाट, बस स्टेशन से बरगदियाघाट, भूसामंडी से पुलमण्डी, पक्का पुल से गुदड़ी, तलेया फजल इमाम से आईटीआई, रेलवे स्टेशन से ग्राम समपुर, मुख्य मार्ग बीबीगंज से करबला, पल्ला गल्ला मण्डी से पक्का पुल, आईटीआई से नवाबगंज बस स्टैंड, देशराम खां से देवरामपुर गुमटी रेलवे लाइन, आवास विकास से मसेनी, भोलेपुर से नगलानी, हाथियाखाना से पुलमण्डी, जाफरी से पुलमण्डी, पीडी महिला डिग्री कॉलेज से सिविल लाइन गंगा तक सहित अन्य प्रमुख नालों का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश नालों में वर्षा जल का प्रवाह सुचारु रूप से होता पाया गया तथा कहीं भी जल निकासी में किसी प्रकार की गंभीर बाधा नहीं मिली, हालांकि कुछ स्थानों पर फ्लोटिंग मैटेरियल एवं कचरा एकत्रित पाया गया, जिसे तत्काल हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि नगर क्षेत्र के सभी प्रमुख नालों की नियमित सफाई कराई जा रही है तथा वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सतत निगरानी रखी जा रही है।

नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था पर नजर बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अवरोध की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे नालों में कूड़ा-कचरा अथवा अन्य अपशिष्ट सामग्री न डालें तथा नगर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में ली क्राइम बैठक


बैठक लेती एसपी मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी फतेहगढ़ एंव एसएचओ, एसओ के साथ क्राइम मीटिंग बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान सभी विवेचकों से पेण्डिंग विवेचनाओं व अहकामात की वर्तमान स्थिति को जाना एवं गुणदोष व साक्ष्यों के आधार पर विवेचनाओं के जल्द निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने थानों में लंबित पड़े मुकदमों और विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। चिन्हित हिस्ट्रीशीटरों, वांछित अभियुक्तों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया गया। शहर और ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त, पिकेट चेकिंग और संदिग्ध वाहनों की जांच को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। थानों पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण करने और मिशन शक्ति के तहत महिलाओं से संबंधित अपराधों पर त्वरित व कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार, मादक पदार्थों की तस्करी या जुए/सट्टे जैसी गतिविधियों पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में स्पष्ट किया कि पुलिसिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिम्मेदारी में कोताही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

मैंने अपने बड़े तीनों पुत्र वीकेश, शिवपूजन, अनूप व उन सभी की पत्नियों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन सबके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **शेर सिंह पुत्र कनौली निवासी ग्राम जौरा, थाना कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

# कारगिल विजय दिवस पर राजपूत रेंजिमेंट सेंटर द्वारा किया गया पौधरोपण

- एक पेड़ शहीदों के नाम, अभियान से दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि


वृक्षारोपण कार्यक्रम में मौजूद सेना के जवान व कैडेट्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में, राजपूत रेजिमेंट सेंटर द्वारा किला घाट पर एक भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य ध्येय एक पेड़ शहीदों के नाम था, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ देश के अमर बलिदानियों को नमन करना रहा। इस देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, पूर्व सैनिकों, अग्निवीरों, सैन्य अधिकारियों, जेसीओ और अन्य रैंकों के सैनिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब कारगिल शहीद नायक अशोक 13 कुमाऊँ रेजिमेंट और शहीद नायक राकेश 18 ग्रेनेडियर्स की धर्मपत्नियों ने एक पेड़ शहीदों के नाम मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए अपने अमर बलिदानी पतियों की पावन स्मृति में पौधे रोपे। इसके साथ ही, वहां उपस्थित सभी एनसीसी कैडेट्स, पूर्व सैनिकों और राजपूत रेजिमेंट के जवानों ने एकजुट होकर बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर अपना अहम योगदान दिया। कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित यह अभियान न केवल प्रकृति के संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ, बल्कि देश की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों को एक जीवंत और सच्ची श्रद्धांजलि भी बना।

# कोषाधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली पर पेंशनरों ने आक्रोश किया व्यक्त



बैठक में मौजूद सेवानिवृत्त पेंशनर्स पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। बैठक में कोषाधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली पर आक्रोश व्यक्त किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि बिना सुविधा शुल्क लिये कोई काम नहीं होता है। उनके साथ ही अनावश्यक रुप से आपत्तियां लगायी जाती है। आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को शामिल न करने की रणनीति सरकार बना रही है। जिलाध्यक्ष विष्णुनारायण कटियार ने कहा कि 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस पर कोरे आश्वासन मिलते है। अधिकारी आश्वासन देते है उसके बाद भूल जाते है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभुदयाल ने कहा कि एसोसिएशन को बैठकों में आयोजित करने के लिए जिलाधिकारी से स्थान आवंटित करने की मांग काफी पुरानी है। विनोद कुमार ने कहा कि कोषाधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि पहली अक्टूबर को राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर 75 वर्ष के ऊपर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विशेष रुप से सम्मानित किया जायेगा। अध्यक्षता करते हुए विश्वनाथ सिंह यादव ने कहा कि आठवें वेतन आयोग की सिफारिसों में पेंशनर्स को शामिल न करने की सरकार साजिश रच रही है। पेंशनर्स को संघर्ष करने के लिए तैयार रहना चाहिए। संचालन करते हुए महामंत्री राजीव कुमार बाजपेयी ने कहा कि पेंशनर्स की कई समस्याओं को जोरदारी से उठाना है। बिना संघर्ष सफलता और सम्मान नहीं मिलता है। नंदकिशोर शर्मा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को नोशल वृद्धि एवं पेंशन निर्धारण से जुड़े कई मुद्दों को उठाया। इस अवसर पर अखिलेश मुरारी पाण्डेय, राकेश सक्सेना, जागेश्वर प्रसाद राजपूत, करन सिंह राठौर, ब्रह्मदेव मिश्रा, मुनीष दीक्षित, सुरेश चन्द्र सक्सेना, विनोद कटियार, शिवराम सिंह कुशवाहा, सुखदेव दीक्षित, सुभाष चन्द्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद 15 मई 2024 से अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश **पुंडरिक शुक्ला** (PUNDRIK SHUK-LA) अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम **मृत्युंजय शुक्ला** (MRITYUNJY SHUKLA )है। नगर पालिका परिषद अभिलेखों में पुत्र का सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **पुनीत कुमार शुक्ला पुत्र अरुण कुमार निवासी गंगा नगर कालोनी शहर व जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मान सिंह उर्फ रामचरन पुत्र रामदीन निवासी बुद्दी नगला, जिला बदायूं, मेरा पॉलिसी संख्या-263444704 है, एवं मुझे दोनों नाम से जाता है।

# छात्राओं को बताये गये एचपीवी वैक्सीन के महत्व


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व अन्य

- दस छात्राओं को लगाये गये टीके

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनौडिया गर्ल्स इंटर कॉलेज खतराना में डॉ. नवनीत गुप्ता ने छात्राओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव एवं एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जागरूकता सत्र के उपरांत पात्र छात्राओं 14 वर्ष से 15 वर्ष का एचपीवी वैक्सीनेशन भी किया गया। प्रधानाचार्या सुमन, समस्त विद्यालय स्टाफका सहयोग रहा। बारिश के कारण छात्राओं की उपस्थित कम होने की वजह से मात्र 10 टीके ही लगाये जा सके। गुरुवार को पुनः टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाएगा। डॉ. अंजुला गोस्वामी तथा ममता, शोभा एवं आशा, सपना, आकांक्षा द्वारा टीकाकरण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। डॉ. अमित, राजीव पाठक, सूरज दुवे द्वारा छात्राओं को टीकाकरण के लिए जागरुक किया गया।

## आबकारी टीम ने लकूला में छापेमारी कर 160 लीटर लहन किया नष्ट


लहन नष्ट करती आबकारी पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफव कानपुर प्रवर्तन टीम द्वारा जनपद अन्तर्गत संदिग्ध ग्राम लकूला में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 10 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा लगभग 160 किलोग्राम लहन बरामद की गई। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में एक अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# राजस्व लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लेखपाल के खिलाफ जिलाधिकारी को संभ्रांत नागरिकों ने ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग की है। राजस्व लेखपाल संजीव दुबे व उनके भाई-भतीजों द्वारा पीडब्लूडी कर्मचारियों से मिलकर प्रार्थी की दुकान से सामान लूटने व उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना को लेकर एवं प्रार्थी की दुकान को ध्वस्त किये जाने को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि प्रार्थी महेन्द्र दुबे की दुकान ठंडी सड़क मोहल्ला राजीव गांधी नगर सड़क पर है। जो 50 वर्ष पुरानी थी। महायोजना की चौड़ाई दिखाते हुए मानचित्र के अनुसार रखी गई थी। लेखपाल संजीव कुमार रिश्ते में चचेरा भाई है। तहसील सदर में वर्षो से तैनात है। उन्होंने आरोप लगाया कि लेखपाल शातिर किस्म का है। मेरे पिता देवी प्रसाद व चाचा चंद्रिका प्रसाद ने संयुक्त रुप से प्लाट लिया था। आपसी बंटवारा उसी समय करके एक-एक दुकान का भाग छोड़कर बांट लिया गया था। लेखपाल संजीव कुमार के कृत्यों से आहत होकर कार्यवाही करने की मांग की। उक्त मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। पूरे प्रकरण की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई। इस मौके पर व्यापारी नेता सदानंद शुक्ला, राजू गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### करोड़ों की परियोजना पर सवाल, घाघरा नदी में समाया करीब 30 मीटर तटबंध




**ईसानगर, खीरी।** तहसील धौरहरा के विकास खंड ईसानगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैया कलां व मिर्जापुर भदाई पुरवा में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए तटबंध निर्माण कार्य पर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई परियोजना बरसात की पहली बड़ी परीक्षा में ही विफल साबित हो गई। लगातार हो रही बारिश और घाघरा नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच करीब 30 मीटर तटबंध नदी में समा गया, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई, जिसके चलते तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया।

### घर में बंधी भैंस की पड़िया को हिंसक जंगली जानवर ने मार डाला, तेंदुए की आशंका



**धौरहरा, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के सरैया गांव के मजरा मुरावनपुरवा में मंगलवार सुबह घर में बंधी भैंस की पड़िया को किसी हिंसक जंगली जानवर ने मार डाला। ग्रामीणों ने तेंदुए के हमले की आशंका जताई है, हालांकि वन विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पशुपालक प्रकाश लोध ने सुबह पशुओं को चारा डालते समय पड़िया को मृत पाया। सूचना पर धौरहरा वन रेंज के वाचर देशराज और अमित मौके पर पहुंचे, निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी क्षेत्र में एक गाय का शिकार हो चुका है और केले के खेतों में तेंदुआ देखे जाने की चर्चाएं रही हैं। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत है। उन्होंने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और जंगली जानवर की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### निघासन एसडीएम यदुवीर सिंह ने संभाला कार्यभार, अधिकारियों-कर्मचारियों से किया परिचय



**निघासन खीरी।** निघासन तहसील को नए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के रूप में यदुवीर सिंह की तैनाती मिल गई है। उन्होंने विधिवत रूप से निघासन तहसील का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने तहसील परिसर का निरीक्षण किया तथा विभिन्न शाखाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। एसडीएम यदुवीर सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आमजन को बिना किसी अनावश्यक परेशानी के बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने राजस्व संबंधी मामलों में पारदर्शिता बनाए रखने, सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर तहसील के राजस्व अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ड्रमंडगंज घाटी में कंटेनर ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत और दूसरा गंभीर

**हलिया (मिर्जापुर)।** वाराणसी–रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर ड्रमंडगंज घाटी में सोमवार शाम भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रयागराज जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी गांव निवासी 45वर्षीय पवन तिवारी अपने साथी देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के नुआंव गांव निवासी 60 वर्षीय बबलू दुबे के साथ बाइक से किसी कार्य से मध्य प्रदेश गए थे। सोमवार शाम करीब 5 बजे वापस मीरजापुर लौटते समय जैसे ही वे ड्रमंडगंज घाटी के जालिम मोड़ व बड़का मोड़ के बीच पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक कंटेनर में फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। एसआई पुनीत गुप्ता व एसआई सुभाष यादव ने तत्काल घायलों को एनएचएआई की एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने पवन तिवारी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल बबलू दुबे को प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन को दो किमी आगे सड़क किनारे खड़ा कर फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जीपीडीपी के सात चरणों का डाटा ऑपरेटर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** विकास खंड हलिया के ब्लाक सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के निर्माण एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर डाटा आपरेटरों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें 72 में से 70 डाटा आपरेटरों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण सात चरणों में किया जाता है। इनमें पूर्व तैयारी, स्थिति विश्लेषण, आवश्यकताओं का आकलन, योजना निर्माण, ग्राम सभा से अनुमोदन, पोर्टल पर अपलोड एवं स्वीकृति तथा क्रियान्वयन, निगरानी एवं मूल्यांकन शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायत की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जनसहभागिता के आधार पर विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। ग्राम सभा को योजना निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा गया कि ग्रामीणों के सुझावों के आधार पर विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाती हैं। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों से अपील की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का प्रभावी उपयोग कर ग्राम पंचायतों के समग्र एवं सतत विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रशिक्षण में पंचायत सहायक भीम प्रताप सिंह, उमेश सिंह, रामलोचन, मनोज बिंद सहित अन्य प्रशिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 28 वर्षीय महिला लापता, परिजनों ने लगाई मदद की गुहार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुंगी खुर्द गांव से एक 28 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के सास मानवती ने थाने में सूचना देकर गुमसुदगी दर्ज कराया है। दी गयी तहरीर में बताया है पुत्र लवकुश कोल की पत्नी मनीरा कोल 16 जुलाई को दोपहर करीब 1 बजे घर से पैसा निकालने अदवा कॉलोनी गई थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका है।जिस पर पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है पति लवकुश कोल ने बताया कि पत्नी मनीरा के लापता होने से पूरा परिवार परेशान है। रिश्तेदारों व आसपास के गांवों में तलाश की जा रही है। परिजनों ने हलिया पुलिस को सूचना दे दी है। साथ ही आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मनीरा के बारे में कोई जानकारी मिले तो तत्काल नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें।

# शारदा का बढ़ता जलस्तरः बझेड़ा तटबंध पर कटान रोधी कार्य शुरू

**एसडीएम ने राहत केंद्रों का किया निरीक्षण**

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

शारदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से बिजुआ क्षेत्र में प्रशासन और सिंचाई विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है। बझेड़ा तटबंध पर हल्का कटान शुरू होने के बाद सिंचाई विभाग की बाढ़ खंड टीम ने मौके पर पहुंचकर बालू से भरे बोरे डालकर कटान रोधी कार्य शुरू करा दिया है। वहीं मंगलवार को गोला के एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने बाढ़ राहत केंद्रों और तटबंधों का निरीक्षण कर अधिकारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए।



उत्तराखंड के बनबसा बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने और क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण शारदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सेंट्रल वॉटर कमीशन (सीडब्ल्यूसी) के अनुसार सोमवार शाम बनबसा बैराज से 1.42 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। पलियाकलां बेस गेज स्टेशन पर जलस्तर 154.18 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 154.59 मीटर से महज 41 सेंटीमीटर नीचे है। बिजुआ ब्लॉक के बझेड़ा, करसौर, कोरियाना, रूरा सुल्तानपुर, तनसुखपुरवा, बेलहा सिकटिहा, डम्बल टांडा, रामनगर कला, रेसीपुरवा, गुजारा, आषाढ़ी और रामेश्वरापुर समेत नदी किनारे बसे गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बझेड़ा और गुजारा के पास कटान शुरू होने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। सिंचाई विभाग की टीम तटबंध पर लगातार निगरानी रखते हुए जरूरत के अनुसार अतिरिक्त संसाधन लगाने की तैयारी में है। संभावित बाढ़ को देखते हुए एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने पूजा गांव आषाढ़ी स्थित बाढ़ राहत केंद्र का निरीक्षण कर राहत सामग्री और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने करसौर गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और निचले इलाकों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। बझेड़ा तटबंध का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कटान प्रभावित हिस्सों पर चल रहे मरम्मत कार्य की समीक्षा की और अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी बनाए रखने के निर्देश दिए।

प्रशासन ने राजस्व, सिंचाई, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा है। बिजुआ ब्लॉक में चार बाढ़ राहत केंद्र और तीन बाढ़ चौकियां सक्रिय कर दी गई हैं। लोगों से नदी किनारे अनावश्यक आवाजाही से बचने, अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई है। निरीक्षण के दौरान अंडर ट्रेनी नायब तहसीलदार प्रणंजय सिंह, लेखपाल अजय गुप्ता, राजीव वर्मा, राहुल वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो गांवों में हुई चोरियों का खुलासा, तीन चोर पकड़े गये

**फरधान खीरी।** पुलिस क्षेत्र के दो गांवों में हुई चोरियों का खुलासा करते हुए तीन चोर गिरफ्तार किये है। तीनों आरोपियों के पास नगदी, जेवर और मॉल के बर्तन बरामद किए है। 17 मई को आधारपुर गांव निवासी सुरेन्द्र पाल वर्मा के यहां नकब लगाकर चोरी हुई थी। वही दूसरे गांव उजारगूम में 17 जुलाई को संदीप कुमार के यहां चोरी हुई थी। उस समय संदीप परिवार सहित बाहर कमाने गए थे। बंद पड़े मकान में चोरी हुई थी। संदीप ने शक करते हुए गांव आदर्श, समीर, निर्मल और सचिन कुमार चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस दर्ज मुकदमे की छानबीन कर रही थी। वही चोरी के नामजद तीन आरोपियों को पुलिस पिपराकरमचंद गांव के तिराहे के पास गश्त के दौरान गिरफ्तार किया था। पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद



आदर्श, समीर और निर्मल से पूछताछ की गई। पुलिस ने बताया तीनो आरोपियों ने गांव में संदीप वर्मा के यहां की चोरी कबूल करते हुए आधारपुर गांव में चोरी करने की स्वीकार की। तीनों आरोपियों की निशान देही पर चोरी किया हुआ सोने चांदी जेवर सात, मॉल के बर्तन स्टोर चार सौ पचास रुपए बरामद हुए है। सीओ विवेक तिवारी ने बताया चोरी में पकड़े गए सभी आरोपियों का चालान भेज दिया गया है।

## घटती छात्र संख्या पर जिला गन्ना अधिकारी ने जताई चिंता, बोले- महाविद्यालय का उत्थान सबकी जिम्मेदारी

**लखीमपुर-खीरी।**

गन्ना किसान महाविद्यालय, बहादुर नगर (मोहम्मदी) पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने सोमवार को महाविद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का विकास और उत्थान सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार की मंशा है कि उच्च शिक्षण संस्थान बेहतर ढंग से संचालित हों, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, कार्यालय और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही



सुविधाओं की जानकारी लेते हुए शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। महाविद्यालय में लगातार घट रही छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि संस्थान में प्रवेश बढ़ाने और शैक्षिक माहौल को सुदृढ़ करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना महाविद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों ने वर्ष 2021 से लंबित वेतन भुगतान का मुद्दा भी उठाया। इस पर जितेंद्र कुमार मिश्रा ने आश्वासन दिया कि वेतन संबंधी प्रकरण को गंभीरता से लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और समाधान का प्रयास होगा। निरीक्षण के समय प्राचार्या डॉ. रीना तिवारी, डॉ. शिवा गुप्ता, दिव्या सैनी सहित महाविद्यालय का समस्त शिक्षकीय एवं कर्मचारी स्टाफ मौजूद रहा। जिला गन्ना अधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और छात्र संख्या बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए।

## वृक्ष महाअभियान-2026 के तहत वन विभाग ने चलाया पौधरोपण अभियान

**कॉप वन योजनाः एक अनूठी पहल के तहत रोपे गए पौधे**

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे वृक्ष महाअभियान-2026 के तहत मंगलवार को वन विभाग द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉप वन योजनाः एक अनूठी पहल के तहत पुलिसकर्मियों ने स्थानीय युवाओं के साथ मिलकर पौधे रोपे और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।अभियान के तहत वन विभाग के अधिकारियों व जवानों ने खाली पड़ी भूमि पर सागौन, शीशम व अन्य छायादार पौधों का रोपण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा लगाने की अपील की। कॉप वन योजना वन विभाग की एक अनूठी पहल है, जिसके तहत खाली जमीनों पर वन विकसित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्र में हरित क्षेत्र बढ़ाने के



साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित करना भी है। रोपे गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी पुलिस विभाग द्वारा ली गई है। वन कर्मियों अधिकारियों ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी हैं। बढ़ते प्रदूषण और गर्मी को देखते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण समय की मांग है। सभी को अपने जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे खास मौकों पर पौधे जरूर लगाने चाहिए। इस अवसर पर वन कर्मियों व स्थानीय युवा व ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने पौधों को पेड़ बनने तक सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

## रिहायशी इलाके में निकला 10 फीट लंबा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**हलिया, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

हलिया वन क्षेत्र के मटिहरा गांव में सोमवार की देर रात करीब 10 फीट लंबा विशालकाय मगरमच्छ रिहायशी इलाके में पहुंच गया। मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। सूचना पर सुबह से पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे ददरी बंधा के गहरे जलाशय में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, भोजन की तलाश में भटकता हुआ मगरमच्छ मटिहरा गांव निवासी झल्लर के घर के पास पहुंच गया। संयोगवश उसने किसी व्यक्ति पर हमला नहीं किया। ग्रामीणों की भीड़ जुटने पर



मगरमच्छ घर के समीप बनी छोटी बंधी में चला गया। ग्राम प्रधान गायत्री यादव व ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन दरोगा सिद्धार्थ, शीतला बख्श सिंह, वन रक्षक शिवम सिंह, अंकुर शुक्ला तथा वाचर वकील, महेंद्र और शिवशंकर की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया और उसे ददरी बंधा के गहरे जलाशय में छोड़ दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि बारिश के मौसम में वन्यजीव और मगरमच्छ एक जलाशय से दूसरे जलाशय की ओर विचरण करते रहते हैं। भोजन की तलाश में वे कभी-कभी आबादी के करीब भी पहुंच जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं मगरमच्छ या अन्य वन्यजीव दिखाई दें तो स्वयं जोखिम न उठाएं, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें। विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर सुरक्षित रेस्क्यू करेगी।

## स्थानांतरण एक प्रक्रिया हैः आशुतोष अग्रहरि

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत वितरण खण्ड फरेंदा के एसडीओ के नेतृत्व में अधिक्षण अभियंता विद्युत महराजगंज वाई पी सिंह, अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड फरेंदा चंद्रेश उपाध्याय,SDO, राजीव नायक राहुल द्विवेदी व सुशील कुमार जेई का विभिन्न जगहों पर स्थानान्तरण होने के पश्चात ग्रीन वैली मैरेज हॉल में एक विदाई समारोह आयोजित की गई। इसी को लेकर सम्बन्धित विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने स्थानांतरित हुए अधिकारियों को अनेकानेक उपहार सप्रेम भेंट कर मानवता का मिशाल पेश करते हुए सम्मान पूर्वक विदा किया है। इसके पश्चात SDO विद्युत आशुतोष



अग्रहरि ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्थानान्तरण एक प्रक्रिया है। सेवा में आते ही स्थानान्तरण लिख दिया जाता है। इससे व्यक्ति को घबराना नहीं चाहिए। स्थानांतरण होने के पश्चात पुनः अपने पद प्रतिष्ठा के अनुरूप विभाग की दी हुई जिम्मेदारी के अनुसार जनता की सेवा में तल्लीन हो जाना चाहिए साथ ही साथ अपने से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों को एक परिवार मानते हुए खुशी खुशी अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि अधिकारी उर्जावान हो, संवेदनशील हो और अधिकारी के अंदर मानवता हो तो स्थानांतरित होकर कही जायेगा सफल रहेगा । विदाई हमको सीख देती है कि विभाग जो सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी है उसमें कोई कोताही न बरतें न ही कोई मेरे व्यवहार से असंतुष्ट हो इसलिए वह अधिकारी कहीं भी रहेगा खुशी खुशी अपनी एक पहचान कायम कर जनता के लिए उदाहरण होगा साथ ही साथ सम्बन्धित अधिकारी- कर्मचारी व जनता कंधा मिलाकर समर्थन में खड़ी रहेगीं। इसी क्रम में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने अंदाज विचार व्यक्त कर शुभकामनाए दी । इस दौरान जेई प्रेम नरायन मौर्य, उपेन्द्र गुप्ता, गोपाल सिंह अष्टभुजा श्रीवास्तव, अमित सिंह, सुधाकर चौहान, प्रवेश सोनकर, विशाल चौरसिया व अकाश चौरसिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### सर्विलांस सेल ने 35 लाख के 110 खोए स्मार्टफोन बरामद कर लौटाए, चेहरों पर लौटी मुस्कान



**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के कुशल निर्देशन में महराजगंज पुलिस की सर्विलांस सेल ने सीईआईआर (Central Equipment Identity Register) पोर्टल एवं आधुनिक तकनीकी संसाधनों की मदद से उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए करीब 35 लाख रुपये मूल्य के 110 खोए हुए स्मार्टफोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मोबाइल फोन उनके मालिकों को सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक उठी और उन्होंने महराजगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया। बरामद किए गए मोबाइल फोन केवल महराजगंज या उत्तर प्रदेश के ही नहीं, बल्कि तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक और बिहार समेत विभिन्न राज्यों के लोगों के भी हैं। जो मोबाइल स्वामी दूरी अथवा अन्य कारणों से महराजगंज नहीं पहुंच सके, उनके मोबाइल फोन कूरियर अथवा अन्य सुरक्षित माध्यमों से भेजे जाएंगे, ताकि उन्हें भी उनकी खोई हुई संपत्ति वापस मिल सके। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि महराजगंज पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के प्रभावी उपयोग और सर्विलांस टीम की सतत मेहनत के चलते पिछले चार माह में कुल 417 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत 1.25 करोड़ रुपये है। इस सराहनीय कार्यवाही में सर्विलांस सेल के शिवानन्द पासवान, मोहम्मद कुतुबुद्दीन, राजकुमार राजभर तथा नीरज गोंड की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जौहर विश्वविद्यालय पर प्रस्तावित ध्वस्तीकरण रोकने की उठी मांग, राज्यपाल को भेजा गया ज्ञापन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर के संबंध में जारी प्रस्तावित ध्वस्तीकरण नोटिस पर पुनर्विचार की मांग को लेकर मंगलवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय के मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि कोई भी विश्वविद्यालय केवल भवनों का समूह नहीं होता, बल्कि वह शिक्षा,



शोध, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र होता है। यहां अध्ययनरत हजारों विद्यार्थियों का भविष्य, शिक्षकों की आजीविका तथा कर्मचारियों का रोजगार विश्वविद्यालय से जुड़ा होता है। ऐसे में यदि विश्वविद्यालय से संबंधित कोई कानूनी, प्रशासनिक अथवा नियामकीय विवाद है तो उसका समाधान न्यायिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप किया जाना चाहिए। पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की कठोर कार्रवाई से पहले उसके दूरगामी प्रभावों पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है। ऐसी कार्रवाई से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो सकती है, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है तथा प्रदेश के शैक्षणिक वातावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इस अवसर पर एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सरवर खान, रुहुल्ला खान, जियाउल खान, वसी अहमद, सफी अहमद, मोहम्मद जमालुद्दीन, आफताब आलम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपाल में सीडीओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, मौके पर निस्तारण के दिए निर्देश

**सिंहुली परसा में विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण, महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर युवाओं को खेलों के लिए किया प्रेरित**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड मिठौरा की ग्राम सभा सिंहुली परसा में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। सीडीओ ने ग्रामीणों से सीधा संवाद




स्थापित करते हुए उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, शौचालय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, किसान सम्मान निधि तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं उठाईं। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकांश मामलों का मौके पर ही संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी जानकारी ली कि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिल रहा है या नहीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने चौपाल परिसर में कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समय पर पहुंचाया जाए।ग्राम भ्रमण के दौरान सीडीओ ने ग्राम सभा में नव निर्मित वॉलीबॉल कोर्ट का उद्घाटन कर युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक रहने और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अमृत सरोवर, स्वावलंबन केंद्र तथा प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल का निरीक्षण किया। बच्चों के बेहतर खेल वातावरण को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित खेल स्टेडियम के लिए भूमि का भी अवलोकन किया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस दौरान परियोजना निदेशक रामदरस चौधरी, खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, एपीओ ग्रीजेंदु पटेल, सचिव सर्वोत्तम विश्वकर्मा, आशुतोष जायसवाल, सत्यम चौधरी सहित आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।